* * *
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

चुनावी समर 2024

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

शुक्रवार 29 मार्च 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 04 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 339

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 38.8 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 38.3 | 22.6 |
| डालटनगंज | 38.5 | 19.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## धमकाना व धौंस दिखाना कांग्रेस की संस्कृतिः मोदी

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है. पीएम ने वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाए जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया एक्स पर पोस्ट की है. प्रधान न्यायाधीश को लिखे गए पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है. इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गयी एक पोस्ट को टैग करते हुए पीएम ने लिखा, पांच दशक पहले ही उसने एक 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था. वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं,लेकिन राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं.



## मनरेगा मजदूरी 7 रुपये बढ़ी जश्न मनाएं श्रमिक : राहुल

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मनरेगा के तहत मजदूरी में प्रतिदिन चार से 10 रुपये तक की बढ़ोतरी किए जाने को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मनरेगा श्रमिकों को बधाई हो कि प्रधानमंत्री ने मजदूरी सात रुपये बढ़ा दी है. मनरेगा के तहत मजदूरी को संशोधित किया गया है. इसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों के लिए चार से 10 प्रतिशत के बीच बढ़ोतरी की गई है. एक अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के तहत अकुशल श्रमिकों के लिए हरियाणा में प्रतिदिन 374 रुपये की उच्चतम मजदूरी दर है, जबकि अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में सबसे कम 234 रुपये है. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मनरेगा श्रमिकों को बधाई! प्रधानमंत्री ने आपका मेहनताना सात रुपये बढ़ा दिया है. अब शायद वह आपसे पूछें 'क्या कीजिएगा आप इतनी बड़ी धनराशि का? 700 करोड़ खर्च कर आपके नाम पर 'धन्यवाद मोदी' का अभियान भी शुरू कर दें. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मनरेगा की मजदूरी दर पर केंद्र को घेरा.



## दो करोड़ नौकरियां कहां, 30 लाख पद खाली क्यों : प्रियंका

भाषा। नयी दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां हैं और 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मेरे विकास का हिसाब दो. देश के कुल बेरोजगारों में 83 प्रतिशत युवा क्यों हैं? सालाना 2 करोड़ नौकरियां कहां हैं? देश में 30 लाख सरकारी पद खाली क्यों हैं? हर परीक्षा का पेपर लीक क्यों होता है? उन्होंने यह सवाल भी किया, कॉरपोरेट का 16 लाख करोड़ रुपये माफ हो गया लेकिन हमारे किसान कर्ज से आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? किसानों की आय दोगुनी कब होगी? किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य कब मिलेगा? देश के पदों और संसाधानों में हमारे दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक और गरीब सवर्णों की उचित भागीदारी क्यों नहीं है? प्रियंका गांधी ने कहा, महंगाई आज चरम पर क्यों है? घर चलाना मुश्किल क्यों है?



## भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे रामटहल कांग्रेस में शामिल

संवाददाता। रांची

पूर्व सांसद और झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे रामटहल चौधरी गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. चौधरी भाजपा के टिकट पर रांची से पांच बार लोकसभा सदस्य रहे. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर संजय सेठ को उम्मीदवार बनाया था. इसके बाद वह भाजपा से अलग हो गए थे. कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने चौधरी का पार्टी में स्वागत किया. सूत्रों का कहना है कि चौधरी को कांग्रेस रांची से लोकसभा उम्मीदवार घोषित कर सकती है. मीर ने चौधरी का कांग्रेस में स्वागत करते हुए कहा, रामटहल चौधरी जी झारखंड में बड़ा नाम हैं. इन्होंने बड़े आंदोलनों में हिस्सा लिया है और जनता की बात उठाई है. यही वजह है कि इन्होंने राजनीति में एक लंबा वक्त बिताया है. मैं उन्हें बधाई देता हूं. चौधरी ने कहा, मैं कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुआ हूं.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63,200 |
| चांदी (किलो) | 78,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों की 88 संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई. राष्ट्रपति की ओर से निर्वाचन आयोग ने 26 अप्रैल को होने वाले संसदीय चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार सुबह जारी की. इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख चार अप्रैल है. जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जाएगी. जम्मू-कश्मीर में नामांकन पत्रों की जांच छह अप्रैल को होगी. इस चरण के दौरान बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के एक हिस्से में भी मतदान होगा.

#### याचिकाएं खारिज, फ्रीज रहेंगे कांग्रेस के बैंक खाते

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस पार्टी को राहत नहीं मिली. कोर्ट ने टैक्स अधिकारियों द्वारा कांग्रेस के खिलाफ चार साल की अवधि के लिए टैक्स रिअसेसमेंट कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दीं. इसके साथ ही अब कांग्रेस के बैंक अकाउंट कोर्ट का फैसला आने तक फ्रीज रहेंगे. न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने कहा कि एक और वर्ष के लिए टैक्स के पुनर्मूल्यांकन करने में हस्तक्षेप करने के लिए हम पहले भी इनकार कर चुके हैं और उस फैसले के खिलाफ याचिकाएं फिर खारिज की जाती हैं.

#### गोविंदा फिर राजनीति में, शिवसेना से जुड़े



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे गोविंदा गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए. गोविंदा ने 2004 में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर उलटफेर करते हुए भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को हराया था. शिंदे ने 60 वर्षीय अभिनेता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि वह समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हस्ती हैं. इस मौके पर गोविंदा ने कहा कि 2004 से 2009 के बीच राजनीति में उनके पहले कार्यकाल के बाद उन्हें कभी नहीं लगा था कि वह इस क्षेत्र में वापसी करेंगे.

**आईपीएल-17**

**आज का मैच**

आरसीबी बनाम केकेआर,
समय : शाम 7 :30 बजे से

# पाताल में पानी बढ़ेगी परेशानी




कौशल आनंद। रांची

पेयजल संकट से निबटने व भूगर्भ जल की रिचार्जिंग के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग ही एक मात्र उपाय है. लेकिन दुर्भाग्य है कि राज्य गठन के 24 साल बीतने के बाद भी ग्राउंड वाटर (भू-गर्भ जल ) को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनी. यही हाल रहे, तो आने वाले सालों में शहरी क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचेगी. जल संसाधन विभाग के आंकड़े के अनुसार, झारखंड के शहरी इलाकों में केवल 20 प्रतिशत घरों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग से पानी बचाया जा रहा है. एक ओर ग्राउंड वाटर रीचार्ज नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरी ओर बोरिंग के जरिए ग्राउंड वाटर का अंधाधुंध दोहन हो रहा है. नतीजतन भूगर्भ जल तेजी से नीचे जा रहा है.

### फैक्ट्स

- राज्य में सिर्फ शहरी इलाके में 20 प्रतिशत घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग से भूगर्भ जल को रीचार्ज किया जा रहा है.
- **झारखंड की आबादी 3.19 करोड़ है. एक आदमी की एक दिन में 135 लीटर पानी की जरूरत होती है. सालभर में 1570 अरब लीटर पानी चाहिए.**
- 24 प्रतिशत शहरी क्षेत्र की आबादी में 20 प्रतिशत मकानों यानी 2.40 लाख घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग है.
- **अनुमान के अनुसार 100 वर्ग मीटर छत वाले घर से तीन लाख लीटर पानी प्रति वर्ष रेन वाटर हार्वेस्टिंग से बचाया जा रहा है.**
- 2.40 लाख घरों से 72 अरब लीटर पानी बच रहा है, जबकि शहरी आबादी को 354 अरब लीटर पानी चाहिए.
- 354 अरब लीटर पानी के लिए शहरी इलाके के 98 प्रतिशत घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग होनी चाहिए.
- **अगर शहरी क्षेत्र के 100 प्रतिशत घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिग हो जाए, तो जरूरत पूरी करने के बाद भी छह अरब लीटर पानी बच जाएगा.**


### कहां कितने प्रतिशत गिरावट

| जिला | वर्ष 2021 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| रांची | 13.4 | 15.09 |
| सिमडेगा | 10.6 | 10.02 |
| गुमला | 11.2 | 11.00 |
| पलामू | 13.8 | 15.07 |
| लोहरदगा | 11.7 | 11.09 |
| हजारीबाग | 12.3 | 14.07 |
| चतरा | 14.6 | 15.01 |
| गिरिडीह | 14.9 | 16.10 |
| सिंहभूम | 13.8 | 13.09 |
| बोकारो | 12.1 | 15.00 |
| धनबाद | 15.7 | 19.08 |
| दुमका | 11.8 | 12.10 |
| जामताड़ा | 12.5 | 14.00 |
| देवघर | 13.01 | 13.10 |
| पाकुड़ | 14.6 | 16.08 |
| गोड्डा | 17.5 | 18.00 |

नोटः आंकड़े का आधार भूगर्भ जल निदेशालय की रिपोर्ट है.

### ऐसे समझें ग्राउंड वाटर की स्थिति

- वर्ष 2020 की तुलना में ग्राउंड वाटर का दोहन 2.22 प्रतिशत बढ़ा है.
- **वर्ष 2020 में ग्राउंड वाटर का दोहन जहां 29.13 प्रतिशत था, जो 2022 में बढ़कर 31.35 प्रतिशत तक हो गया है.**
- राज्य को 623 यूनिट (260 प्रखंड) में बांटकर ग्राउंड वाटर की स्थिति का आकलन किया गया.
- **ओवर ऑल पूरे राज्य में ग्राउंड वाटर का दोहन 1.78 बिलियन क्यूबिक मीटर हो रहा है.**
- सबसे अधिक दोहन धनबाद और कोडरमा में हुआ. धनबाद में 75 प्रतिशत और कोडरमा में 66.10 प्रतिशत.
- **पश्चिम सिंहभूम की स्थिति सबसे अच्छी है. यहां 9.93 प्रतिशत ही ग्राउंड वाटर का दोहन हुआ है.**
- सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के अनुसार, 260 प्रखंड में से 245 फिलहाल सेफ जोन में हैं.



### 260 में 245 प्रखंड सेफ जोन में

- क्रिटिकल रांची शहरी क्षेत्र, सिल्ली, तोपचांची, धनबाद शहरी, जयनगर, रामगढ़, सिल्ली, बेरमो, बलियापुर, गोलमुरी, जमशेदपुर शहरी, चितरपुर,
- **सेमी क्रिटकल लोहरदगा का कैरो, सरवन, सोनार अइठाडीह, धनबाद का गोविंदपुर, धनबाद, भवनाथपुर, गिरिडीह, दारू, कोडरमा, खलारी, ओरमांझी, चास, सोनारायठारी, झरिया, गढ़वा का भवनाथपुर, हजारीबाग का दारू, चित्तरपुर, मांडू, रामगढ़, कांके,**
- ओवर एक्सपॉयलेटड बेरमो, धनबाद, तोपचांची, गोलमुरी समेत 12 प्रखंड सेफ जोन बाकी बचे 245 प्रखंड

### गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर नम्रता का संदेश...



रांची के लोयोला मैदान में गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में 12 शिष्यों के पांव धोते आर्च बिशप विंसेंट आइंद.

### सीता सोरेन ने पति दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताया

## 'दुर्गा सोरेन की मौत की जांच हो'

प्रमुख संवाददाता। रांची

दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि 14 साल के संघर्ष के बावजूद मुझे झामुमो में सम्मान नहीं मिला, जिसकी मैं हकदार थी. मेरे पति स्व दुर्गा सोरेन और ससुर शिबू सोरेन ने झारखंड अलग राज्य बनवाया. इसमें दुर्गा सोरेन का अहम योगदान था. वे गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रही थीं. उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से आग्रह किया था कि उनके पति दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा लगवाई जाए, लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया. मैंने पति के असामयिक मौत की जांच की मांग भी की थी, लेकिन उसे भी अनसुना कर दिया गया. दुर्गा सोरेन की मौत को संदेहास्पद बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की.

### मैदान में कोई भी हो खिलेगा कमल ही



**क्या-क्या कहा सीता ने**

- झामुमो में दलाल-बिचौलिए हावी, नहीं है महिलाओं का सम्मान
- **अपने पति का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगी,**
- आग्रह के बावजूद स्व. दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा नहीं लगवाई गई

**भाजपा में महिलाओं को मिल रहा सम्मान**

सीता ने कहा कि भाजपा में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है. द्रौपदी मुर्मू जो कि एक छोटे से गांव से आती हैं, उन्हें राष्ट्रपति बनाया गया. राज्यसभा, लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण मिला. इससे यह पता चलता है कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का विकास है. जब तक दुर्गा सोरेन थे, तब तक पार्टी की नीति- सिद्धांत ठीक थी. आज उनके नहीं रहने पर सभी मूल भावनाओं से भटक गये हैं. आज झामुमो में दलाल-बिचौलिए हावी हैं. महिलाओं का सम्मान नहीं है. दलालों की मनमानी चलती है. ऐसे में हमारे झारखंड के आदिवासी-मूलवासी का विकास कैसे होगा. ये झारखंड अभी तक अंधेरे में डूबा हुआ है. हमे इसको उजाले में लाने के लिए यह कदम उठाना पड़ा. दुर्गा सोरेन जी का सपना भाजपा के सिद्धांतों पर चलकर कर ही पूरा होगा.

### भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने की वार्ता

**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सीमा विवाद के बीच भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने ताजा दौर की बातचीत की. दोनों पक्ष राजनयिक व सैन्य माध्यमों से नियमित संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए, हालांकि किसी सफलता का कोई संकेत नहीं मिला. विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों ने एलएएसी से पूरी तरह से सैनिकों को हटाने पर चर्चा हुई.

### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

## इलेक्टोरल बॉण्ड से भाजपा को मिले ₹55 करोड़ : केजरीवाल



एजेंसी। नयी दिल्ली


दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड को लेकर गुरुवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू विशेष अदालत में सुनवाई हुई. ईडी ने सात दिनों के रिमांड की मांग की है. सुनवाई के बाद अदालत ने एक अप्रैल तक उनकी रिमांड की अवधि बढ़ा दी है. इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने अदालत में अपना पक्ष रखा. अरविंद केजरीवाल ने ईडी और भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि 100 करोड़ का घोटाला हुआ है, पैसे कहां गए. असली शराब घोटाला तो तब हुआ, जब ईडी ने इसकी जांच शुरू की. केजरीवाल ने कोर्ट के समक्ष इलेक्टोरल बॉण्ड का मामला उठाते हुए कहा कि पैसा भाजपा को गया. भाजपा को सीधे तौर पर 55 करोड़ दिए गए. ईडी की तरफ से अरविंद केजरीवाल के बयान का विरोध किया गया. अदालत ने केजरीवाल से कहा कि वो जो कह रहे हैं, वह लिखित में कहें. केजरीवाल ने यह भी सवाल उठाया कि उनके खिलाफ जो चार बयान पेश किए गए, क्या वो एक सिटिंग सीएम को अरेस्ट करने के लिए काफी हैं.

- शेष पेज 7 पर

#### सीएम पद से हटाने वाली याचिका खारिज

दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी. हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने मुद्दे के गुण-दोष पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. अदालत ने कहा कि यह राजनीतिक मामला है, इसलिए यह न्यायिक हस्तक्षेप के दायरे से बाहर है.

## सिक्कों की खनक देखकर खुद मुजरा कर बैठे



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

**आये थे व्यवस्था की गंदगी साफ करने, लेकिन उसी गंदगी में गोबर डालकर गोते लगाने लगे**

**प्रसंगवश**

ब्रह्मांड का स्वघोषित सबसे ईमानदार नेता शराब घोटाले में गिरफ्तार हो गया है. वह अन्ना हजारे के इंडिया अगेंस्ट करप्शन के हरावल दस्ते का सेनापति था. उसने देश के लगभग सभी महत्वपूर्ण नेताओं को बेईमानी का सर्टिफिकेट दिया हुआ है. उसने आंदोलन के उन साथियों-सहयोगियों को पहले ही धकिया कर बाहर कर दिया था जो उसके एकेश्वरवाद के संभावित अवरोधक थे. उसने इस बात की तनिक भी परवाह नहीं कि जो युवा संभ्रांत लोग नये भरोसे के साथ मशाल लेकर आंदोलन में कूद पड़े थे, वे इस लूट कला और छल-प्रपंच से कितने आहत होंगे. यह और इसके चमचे इतने मुंहफट, बदमिजाज हैं कि किसी भी पार्टी, नेता को कुछ भी कहने में संकोच नहीं करते हैं. यह जमात आयी थी नयी राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए. इनका आकर्षण कुछ ऐसा था कि उम्मीदों से लबरेज युवा दीवानों, पागलों की तरह इसके पीछे हो लिए थे. कुछ इसी तरह जेपी आंदोलन के बाद भी होनहार युवा अफसोस के दरिया में डूब गये थे. तब भी जातिवादी, लंपट, लुटेरे नेता छा गये थे और अब एक बार फिर यह साफ हो गया है कि अन्ना आंदोलन से निकले स्थापित नेता सिर्फ और सिर्फ बहुरूपिया ही हैं. इनके पास लोक लाज, शर्म, हया, दीन-ईमान कुछ नहीं है. इसका सबसे बड़ी नजीर यह है कि इस गिरोह के सबसे चालू वाचाल नेता अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा नहीं दे रहे हैं. वह जेल से ही दिल्ली की सरकार चलायेंगे. यानी अनैतिकता, अराजकता का नया कीर्तिमान बनायेंगे. तभी तो यह प्रमाणित होगा कि वह दूसरों से अलग हैं, अलौकिक हैं, सच्चे राष्ट्रभक्त हैं, भगत सिंह के अवतार और अंबेडकर के सच्चे अनुयायी हैं. इनके वे चार साथी तिहाड़ जेल की शोभा बढ़ा रहे हैं, जिन्हें ये कट्टर ईमानदार होने का सर्टिफिकेट देते रहते थे. उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही है. ये आये थे व्यवस्था की गंदगी साफ करने, लेकिन उसी गंदगी में गोबर डालकर गोते लगाने लगे. अब इन्हें जेल वालों और बेल वालों के समर्थन सहानुभूति की जरूरत सता रही है.

सच यह है कि क्रांतियां अपने सपूतों को खा जाती हैं और कपूतों को खाने-कमाने, अराजकता फैलाने के लिए आसन प्रदान कर जाती हैं. इन्हीं हालात पर गालिब ने लिखा था-ये बंद कराने आये थे तवायफों के कोठे, मगर, सिक्कों की खनक देखकर खुद मुजरा कर बैठे. कबीर ने तो इस सत्य को मध्यकाल में ही महसूस कर लिया था कि माया महाठगिनि हम जानी, तिरगुन फांस लिये कर बैठे, बोले मधुरी बानी, केशव के कमला ह्वै बैठी, शव के भवन भवानी , पंडा के मूरत ह्वै बैठी, तीरथ में भई पानी.

कहा जा सकता है कि जब माया से कोई पार नहीं पाया तो केजरीवाल एंड कंपनी से यह उम्मीद क्यों की जानी चाहिए थी कि काजल की कोठरी में वह लक धक सफेद ही बनी रहेगी ? फिर इस गिरोह को तभी समझ जाना चाहिए था जब केजरीवाल नामक इस फरेबी ने अपने बच्चों के सिर पर हाथ रखकर कसम खायी थी कि वह कांग्रेस के समर्थन से सरकार नहीं बनायेंगे. लेकिन उसने कांग्रेस से समर्थन लिया.

- शेष पेज 7 पर

दूसरे दलों से राजनीति का आगाज करनेवाले 10 उम्मीदवार भाजपा से

# एक दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा

**4 झाविमो, 3 झामुमो, एक-एक राजद आजसू और कांग्रेस बैकग्राउंड के**

रवि भारती। रांची

झारखंड की राजनीति कब क्या रंग दिखाएगी, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है. लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है. पंछी की तरह एक डाल से दूसरे डाल में नेताओं का आना-जाना लगा हुआ है. एक दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा.... गाना नेताओं पर फिट बैठ रहा है. भाजपा से जिन 13 उम्मीदवारों की घोषणा की है, उनमें से सिर्फ तीन उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने भाजपा से ही अपने राजनीतिक सफर का आगाज किया था. इसमें गोड्डा से उम्मीदवार बनाए गए निशिकांत दूबे, लोहरदगा से उम्मीदवार बनाए गए समीर उरांव और पलामू से उम्मीदवार बनाए गए वीडी राम शामिल हैं. शेष 10 उम्मीदवारों से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत दूसरे दलों से की थी.



## झाविमो बैकग्राउंड के हैं चार उम्मीदवार

भाजपा के चार ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत झाविमो से की थी. हालांकि अब यह दल अस्तित्व में नहीं है. रांची से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ भाजपा छोड़ झाविमो में चले गए थे और झाविमो ने उन्हें केंद्रीय प्रवक्ता भी बनाया था. केंद्रीय प्रवक्ता के रूप में भाजपा पर कई बार तीखा हमला बोलने वाले संजय सेठ ने बाद में घर वापसी की और 2019 में भाजपा के टिकट पर रांची से सांसद बने. धनबाद से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने झाविमो से राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने जेवीएम (पी) के सिंबल पर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था. चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने भी दो-दो बार भाजपा छोड़ी और झाविमो में शामिल हुए और फिर भाजपा में वापस लौटे. हजारीबाग से उम्मीदवार मनीष जायसवाल पहले झारखंड विकास मोर्चा में थे. वर्ष 2011 में टेकलाल महतो के निधन के बाद खाली हुई मांडू विधानसभा उपचुनाव उपचुनाव में मनीष जायसवाल ने झारखंड विकास मोर्चा के सिंबल पर चुनाव लड़ा था और तीसरे स्थान पर रहकर जेपी पटेल के हाथों पराजित हुए थे. 2013 में मनीष जायसवाल झाविमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे.

## तीन उम्मीदवारों ने झामुमो से शुरू किया था राजनीतिक सफर, अब खिला रहे कमल

जमशेदपुर से लोकसभा के लिए तीसरी बार भाजपा की ओर से उम्मीदवार बनाए गए विद्युत वरण महतो की गिनती 2014 से पहले एक कद्दावर झामुमो नेता के रूप में होती थी. 2014 लोकसभा चुनाव के ठीक पहले उन्होंने झामुमो का दामन छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था. शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन का राजनीतिक करियर झामुमो से शुरू हुआ. अब वे भाजपा में हैं. सीता सोरेन को दुमका की हाई प्रोफाइल सीट से उम्मीदवार बनाने के लिए भाजपा ने अपने पूर्व घोषित उम्मीदवार सुनील सोरेन को बदल दिया, जिन्होंने 2019 में दुमका में शिबू सोरेन को हराया था. वर्तमान केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत झामुमो से की थी. संयुक्त बिहार में उन्होंने 1995 में झामुमो के टिकट पर खरसावां से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था और विधायक बने थे.

## आजसू में गये थे ताला, अब राजमहल से प्रत्याशी

ताला मरांडी ने 2019 में राजमहल से उम्मीदवार नहीं बनाए जाने और प्रदेश अध्यक्ष रहते रघुवर सरकार की कई नीतियों का विरोध करने की वजह से बोरियो से उनका टिकट काटा गया था. इससे बाद वे आजसू में चले गए. बोरियो से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें उनकी हार हुई थी. 2022 में वह वापस भाजपा में लौट आये और 2024 में राजमहल से लोकसभा का टिकट भी हासिल कर लिया.

## कांग्रेस और राजद बैकग्राउंड के एक-एक उम्मीदवार

गीता कोड़ा ने कांग्रेस की दमदार नेत्री रहीं. पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष भी रहीं. 2019 में कांग्रेस के चिकट पर चुनाव भी जीतीं. गीता कोड़ा इसी साल कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई हैं. पार्टी ने उन्हें सिंहभूम लोकसभा सीट से उम्मीदवार भी बनाया है. भाजपा ने इस बार भी कोडरमा लोकसभा सीट से अन्नपूर्णा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है. 2019 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राजद की प्रदेश अध्यक्ष रहीं अन्नपूर्णा देवी भाजपा में शामिल हो गयी थीं. लालू प्रसाद के बेहद भरोसेमंद नेताओं में से एक थीं.

## ब्रीफ खबरें

### सीआईडी में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन



**रांची।** सीआईडी मुख्यालय में गुरुवार को पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया. इस दौरान डीएसपी से एएसपी रैंक में प्रोन्नत हुए दीपक कुमार और एएसआई से एसआई बने छह पुलिस पदाधिकारियों को सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता और डीआईजी ने बैच लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी. इस कार्यक्रम ने सीआईडी के सभी पदाधिकारी और कर्मी शामिल हुए.

### कल खुले रहेंगे सभी सरकारी कार्यालय

**रांची।** झारखंड सचिवालय के साथ सभी सरकारी कार्यालय 30 मार्च (शनिवार) को खुले रहेंगे. इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने गुरुवार को जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए 30 मार्च को सचिवालय और संलग्न कार्यालय के साथ-साथ राज्य सरकार के वैसे सभी कार्यालय, जहां शनिवार को अवकाश है, अन्य कार्यदिवस की तरह खुले रहेंगे.

### खूंटी की विशेषता को दुनिया तक पहुंचाया

**रांची।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खरसावां-कुचाई प्रखंड का दौरा किया. कुचाई के दलभंगा में ग्रामीणों के साथ संवाद किया और लोगों को केंद्र सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. अर्जुन मुंडा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने आत्मसम्मान के साथ जीने और खुद को गर्व के साथ भारतीय कहलाने का गौरव हासिल किया है. पिछले 5 वर्षों में खूंटी की धरती की विशेषता को दुनिया के सामने पहुंचाया. क्षेत्र के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की गईं. इसके दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे.अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज भारत पूरे विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है.

पीएन सिंह के समर्थक उनके टिकट कटने से हैं नाराज

# ढुल्लू का सफर मुश्किल भरा पीएन सिंह ने भरोसा दिलाया

कौशल आनंद। रांची

भाजपा ने धनबाद से अपने सिटिंग एमपी पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को चुनाव मैदान में उतारा है. मगर ढुल्लू दो मामले में संकटों का सामना करते नजर आएंगे. एक तो वो जहां से विधायक हैं, वह क्षेत्र ही धनबाद संसदीय क्षेत्र में नहीं आता है. यानि ढुल्लू के घरवाले और उनके विधानसभा क्षेत्र के मतदाता ही उन्हें वोट नहीं दे सकेंगे. ढुल्लू के समक्ष दूसरा संकट यह है कि उन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसे विपक्ष ने अभी से ही मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है. इन दोनों चुनौतियों से पार पाना ढुल्लू के लिए थोड़ा कठिन है.

**ढुल्लू का विस क्षेत्र गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में, मोदी फैक्टर पर अधिक भरोसा :** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है. धनबाद लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं, जिसमें बोकारो, चंदनकियारी, धनबाद, सिंदरी, झरिया और निरसा शामिल है. उनके विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें वोट नहीं कर पाएगी. ऐसे में उनकी जीत केवल और केवल पार्टी की छवि और मोदी फैक्टर ही तय करेगी.



### धनबाद लोस में नहीं पड़ता ढुल्लू का गांव

ढुल्लू की जिस इलाके में सबसे अच्छी पकड़ है, वो है चिटाही और कतरास, बाघमारा का इलाका. यहां के वोटरों ने उन्हें विधायक बनाया है. लेकिन इस चुनाव में ढुल्लू के गांव समेत और उसन सारे इलाके के लोग उन्हें वोट नहीं दे पाएंगे, क्योंकि यह क्षेत्र गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है. ढुल्लू के परिवार वाले भी उसे वोट नहीं दे पाएंगे. ऐसे में यह बात साफ है कि ढुल्लू को जिस इलाके से सबसे ज्यादा समर्थन मिलता रहा है, वही पूरे इलाके के मतदाता उनके पक्ष में मतदान नहीं कर पाएंगे.

### भाजपा को चौथी बार दिला पाएंगे धनबाद से जीत

धनबाद लोकसभा सीट से पिछले तीन बार से भाजपा के पशुपतिनाथ सिंह लगातार जीत हासिल कर रहे थे. 2014 में 2.93 लाख और 2019 के चुनाव में 4.86 लाख के वोटों के अंतर से जीतने वाले पीएन सिंह के इस रिकॉर्ड को ढुल्लू महतो क्या तोड़ पाएंगे.

### कोयलांचल संघर्ष से निकले ढुल्लू महतो हैं 12वीं पास

ढुल्लू महतो का राजनीतिक जीवन भी कम दिलचस्प नहीं है. उन्हें राजनीति विरासत में नहीं मिली है, बल्कि मजदूरों के अधिकार की लड़ाई की बदौलत आज वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं. ढुल्लू महतो 12वीं पास हैं. उनके पिता महेशपुर कोलियरी में मजदूर के रूप में कार्यरत थे. उन्होंने कोयलांचल से ही अपने संघर्ष की शुरुआत की. वे कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए लंबे समय तक संघर्षशील रहे. युवाओं को जोड़कर अपना निजी संगठन बना, जो काफी मारक रहा.

### लगातार तीन बार बाघमारा से विस चुनाव जीत रहे ढुल्लू महतो

ढुल्लू महतो लगातार तीन बार बाघमारा से विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं. साल 2009 में वह पहली बार झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़े और 56,026 वोट हासिल कर जीत दर्ज की. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जलेश्वर महतो को हराया. साल 2014 में भाजपा के टिकट पर ढुल्लू महतो चुनाव लड़े और अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 86,603 वोट हासिल कर विधानसभा चुनाव जीता. फिर से निकटतम प्रतिद्वंदी जलेश्वर महतो को 29,623 वोटों से हराया. साल 2019 में फिर भाजपा ने ढुल्लू महतो को बाघमारा विधानसभा से टिकट दिया. इस बार भी उन्होंने जीत हासिल की. हालांकि, इस बार मुकाबला कांटे का रहा. 824 मतों के मामूली अंतर से ढुल्लू ने जीत हासिल की. जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो की जीत को न्यायालय में चुनौती देते हुए पुनर्मतगणना तक की मांग की.

### समर्थक नाराज पर पीएन ने दिया पूरा सहयोग का भरोसा

धनबाद के सिटिंग एमपी पीएन सिंह के समर्थकों ने टिकट कटने से नाराजगी जाहिर की है. समर्थक इतने मायूस थे कि ठीक से होली भी नहीं मनायी. हालांकि पीएन सिंह ने कहा कि ढुल्लू महतो को उनका पूरा सहयोग और समर्थन रहेगा. लेकिन क्या टिकट कटने से नाराज समर्थकों को पीएन सिंह मना पाएंगे.

नक्सली कमांडर है प्रयाग मांझी और टीपीसी सुप्रीमो है ब्रजेश गंझू

# प्रयाग मांझी और ब्रजेश गंझू इनामी नक्सलियों की सूची से बाहर कर दिया

संवाददाता। रांची

नक्सली कमांडर प्रयाग मांझी और टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू अब इनामी नक्सली नहीं रहे. झारखंड पुलिस ने इन दोनों नक्सलियों को इनामी नक्सलियों की सूची से बाहर कर दिया है. झारखंड पुलिस ने प्रयाग मांझी पर एक करोड़ और ब्रजेश गंझू पर 25 लाख का इनाम घोषित कर रखा था. लेकिन लंबे समय से इन दोनों नक्सलियों की सक्रियता को नहीं देखते हुए दोनों इनामी नक्सलियों की सूची से बाहर कर दिया गया. वर्तमान में 72 नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा है.

**कौन है नक्सली प्रयाग मांझी :** एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक दा धनबाद जिले के टुंडी के दलबुढ़ा का रहने वाला है. प्रयाग मांझी पारसनाथ पर्वत, छतीसगढ़, झुमरा, बिहार से लेकर बंगाल में रह चुका है. वह वर्षों से संगठन के लिए काम करता आ रहा है. विवेक दा के खिलाफ सिर्फ गिरिडीह जिले में ही 50 से अधिक मामले दर्ज हैं.

**प्रयाग मांझी पर एक करोड़ और ब्रजेश गंझू पर 25 लाख का इनाम था**





### झारखंड में बचे सिर्फ 72 इनामी नक्सली

झारखंड में अब सिर्फ 72 इनामी नक्सली बचे हैं. इसमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, असीम मंडल, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो, संतोष उर्फ विश्वनाथ, प्रकाश महतो, मेहनत, संजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, पूनम, आरिफ, रामदयाल महतो, मृत्युंजय, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझु, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार, गोदराय यादव,बिरसेन गंझू, श्याम सिंह सिंकू, बल्लू, सालुका कायम, नेशनल भुइयां, रंथू उरांव, गुलशन मुंडा, सहदेव महतो,रविंद्र यादव, लवलेश गंझू, जयंती, प्रभात मुंडा, प्रभात गंझू, सुखलाल बिरजिया, बैजनाथ गंझू, पंकज कोरवा, कुंवर मांझी, बिरेन सिंह, बलराम लोहरा, सागेन अंगरिया, करीम, बाबूलाल जी, ब्रजेश मांझी, पवन मांझी, अमृत, रामचंद्र यादव, राहुल चंपिया, सुलेमान हांसदा, फिरोज अंसारी, विरेंद्र गंझू, सैमुअल बुध, पांचा उरांव, संतोष गंझू, मीता उर्फ नयनतारा, सहेंद्र यादव, लक्ष्मण राय, अमोज मोदक, कृष्णा यादव, गुलशन उरांव, बबलू,राजू यादव शामिल हैं.

### इन दिनों भूमिगत हो गया है ब्रजेश गंझू

मगध और आम्रपाली कोल परियोजनाओं में टेरर फंडिंग का मुख्य आरोपी टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू इन दिनों कहां है, इसकी जानकारी न ही केंद्रीय जांच को है और न ही झारखंड पुलिस को. लंबे समय तक पलामू, लातेहार, चतरा और रांची के खलारी में सक्रिय रहने वाला ब्रजेश गंझू इन दिनों भूमिगत हो गया है. हालांकि ब्रजेश गंझू की गैर मौजूदगी में टीपीसी का रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू संगठन के लिए लेवी वसूलने समेत अन्य घटनाओं को अंजाम दे रहा है.

## नहीं थम रहा है जेपीएससी का विवाद

संवाददाता। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) 11वीं सिविल सेवा परीक्षा का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. कॉपी लीक होने की अफवाह से पूरी तरह से शांत भी नहीं हुई थी कि प्रश्न रिपिटेशन का मामला आ गया. एक ओर जेपीएससी किसी भी प्रकार की अनियमितता से इंकार कर रही है. वहीं दूसरी ओर झारखंड युथ एसोसिएशन और अभ्यर्थी अनियमित्ता नहीं हुई है, इसे मानने के लिए तैयार ही नहीं है. झारखंड यूथ एसोसिएशन एक पत्र को दो-तीन बार छपने का तथ्य दे रही है. 11वीं जेपीएससी की पीटी परीक्षा को रद्द करने का मांग कर रहीं है. इसके लिए जेपीएससी से लेकर मुख्यमंत्री तक को आवेदन दे चुके हैं. आब इस मामले में पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा का एंट्री हो गाय है. सूर्य सिंह बेसरा और झारखंड यूथ एसोसिएशन के इमाम सफी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर के जेपीएससी घेराव करने की बात कही है.

जेपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा के विज्ञापन के 37 दिनों में ही पीटी परीक्षा का आयोजन हुआ. परीक्षा वाले दिन ही पेपर लीक का मामला आया. हालांकि इसे ले कर जेपीएससी ने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई लीक या अनियमितता नहीं हुआ है. इसके कुछ दिन बाद ही अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र रिपीट होने की बात कहीं. इसके बाद जेपीएससी ने पीटी परीक्षा का आंसर की जारी कर दिया. जेपीएससी स्टेप बाई स्टेप परीक्षा के लिए काम कर रहीं है.

वित्त विभाग का निर्देश : स्पष्ट कारणों का भी करें उल्लेख

# 31 तक खर्च का ब्योरा नहीं मिला तो राशि मानी जाएगी लैप्स

प्रमुख संवाददाता। रांची

वित्त विभाग ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में उपबंधित वैसी राशि, जिसका व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष में संभव नहीं है. उनका ऑनलाइन प्रत्यर्पण 31 मार्च तक किया जाना अनिवार्य है. वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राशि के प्रत्यर्पण के कारणों का स्पष्ट उल्लेख करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया जाए. 31 मार्च तक जो राशि व्यय प्रत्यर्पित नहीं की जाएगी, उसे लैप्स माना जाएगा. प्रत्यर्पण के लिए संचिका में वित्त विभाग की सहमति आवश्यक नहीं है.

### 31 मार्च को कोषागार व बैंक 11 बजे रात तक खुले रहेंगे



वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति के मद्देनजर 31 मार्च रविवार को सभी कोषागार, उप कोषागार और संबंधित बैंक 11 बजे रात तक खुले रहेंगे. वित्त विभाग ने सभी उपायुक्त, कोषागार और सापयक कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया है. जारी निर्देश में कहा गया है कि कोषागार व सहायक कोषागार पदाधिकारी 31 मार्च को दोपहर तीन बजे तक ही विपत्र प्राप्त कर सकेंगे, इसके बाद सारे विपत्रों का निष्पादन करते हुए रात 10 बजे तक ई-पेमेंट फाइल्स तैयार कर भुगतान के लिए आगे की प्रक्रिया करेंगे.

### डोरंडा और प्रोजेक्ट भवन कोषागार 30 को भी खुले रहेंगे

वित्त विभाग ने डोरंडा कोषागार और प्रोजेक्ट भवन कोषागार को अन्य कार्य दिवस की तरह 30 मार्च को भी खुला रखने का निर्देश दिया है. वित्त विभाग ने कहा है कि पूर्व के वर्षों के निकासी पैटर्न के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि मार्च माह के अंतिम दिन राज्य कोषागारों में काफी अधिक संख्या में विपत्र प्राप्त होते हैं, वित्तीय वर्ष की समाप्ति और अंतिम दिन होने के कारण विपत्रों को पारित करने की बाध्यता भी रहती है.

लोहरदगा सांप्रदायिक हिंसा : 23 जनवरी 2020 को हुई थी घटना

# चार साल बाद 91 लोगों को मिला मुआवजा

सौरभ सिंह। रांची

लोहरदगा जिला में 23 जनवरी 2020 को विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठनों द्वारा नागरिक संशोधन कानून के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी. इस दौरान भड़की हिंसा के प्रभावितों को घटना के चार साल बाद सरकारी मुआवजा मिला है. सरकार ने 91 लोगों को कुल 51.53 लाख रुपये का मुआवजा दिया है. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है. इस घटना में सैकड़ों लोग प्रभावित हुए थे. करोड़ों की संपत्ति बर्बाद हो गई थी. कई लोग घायल हुए थे. कथित रूप से एक युवक की मौत भी हो गई थी.

**इन 91 लोगों को मिला मुआवजा :** अब्दुल रजाक, दुखहरण राम, मो. अबरार, जान खलीफा, सरफराज अंसारी, इरफान आलम, जियाउल हक, आफताब अंसारी, आकिब जावेद, मुस्तकीम अंसारी, प्रसुक कुमार, साबिर अंसारी, सलाउद्दीन, इस्लाम अंसारी, मोखतार अंसारी, मुजुर अंसारी, सुहैल अख्तर, इजराइल अंसारी, अयाल आलम, तबरेज अंसारी, कौशर अशरफ, जसीम अंसारी, राजेश प्रसाद, फ़िरदौस अंसारी, यूसुफ अंसारी, अमजद अंसारी, गुलाम सरवर, असलम, आलम अंसारी, अशर अंसारी, साहिद अंसारी, रुस्तम , सयुफ अंसारी, इकबाल अंसारी, साजीद अंसारी, गिरवर प्रसाद, दीपक कुमार, सामू प्रसाद, खालिक खान, इंजामामुल हक, इदरीश अंसारी, अजहरउद्दीन, फिरोज अंसारी, मोजाहिद तौक़ीर, साबिर अंसारी, मिनहाज, मेराज आलम, नेसार अंसारी, फैयाज आलम, बजरंग साहू, अताउल्लाह अंसारी, अफसर अंसारी, एकराम कुरैशी, मोहताब आलम, रामकेवल सोनी, सुनील कुमार, अजीत कुमार, अभिषेक पाठक, ज्ञानचंद बरई, गुलाम जिलानी, शहिद हक, इम्तियाज अंसारी, आफताब अंसारी, शहजाद आलम, अख्तर आलम, रफीक अंसारी, किशोर साहू, जीमल अख्तर, रतिया उरांव, राजीउल्लस अंसारी, तुलसी साहू, अहमद खान, मुंशी लाल साहू, मुमताज अंसारी, विनय कुमार साहू, रंजीत मुखर्जी, शशि कुमार, महफूज अंसारी, फिरोज आलम, सलाउद्दीन, संजित विश्वास, मुमताज खान, जुमन अंसारी, जमील अहमद, जाकिर अंसारी, सलीम अंसारी, महमूद अंसारी, कयूम अंसारी, मजीद अंसारी, शेख अताउल और अजीज अंसारी शामिल हैं.

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान भड़की थी हिंसा

शहरी क्षेत्र के ललित नारायण स्टेडियम से लेकर शहर के मुख्य मार्ग में तिरंगा यात्रा निकाली गई थी. 23 जनवरी 2020 को नागरिक संशोधन कानून यानी सीसीए के समर्थन में विश्व हिंदू परिषद और दूसरे संगठनों द्वारा यह तिरंगा यात्रा निकाली गई थी. इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी. तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों पर पत्थरबाजी हुई थी. पुलिस प्रशासन के जवान, अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी के साथ-साथ आम लोग भी घायल हुए थे. यह हिंसा इतनी भयावह थी कि हिंसक भीड़ ने तत्कालीन उपायुक्त आकांक्षा रंजन, तत्कालीन एसपी प्रियदर्शी आलोक सहित पुलिस बल के जवानों पर भी पत्थर चलाए थे. करोड़ों की संपत्ति फूंक दी गई थी. घटना में सैकड़ों लोग घायल हुए थे.

## रांची विवि के दो छात्रों को किया सम्मानित

**रांची।** दूरदर्शन के क्विज़ प्रतियोगिता खुद को जाने, खुद को परखें के तहत भारत के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमिका विषय पर आधारित प्रतियोगिता में रांची विवि के नागपुरी विभाग के दो छात्र प्रीति मुंडा और स्वेता कुमारी ने सफलता हासिल की है. दोनों छात्राओं को विभाग में सम्मानित किया गया. इन दोनों छात्रों ने 110 अंक प्राप्त किया. टीआरएल के कोर्डिनेटर डॉ. हरि उरांव, डॉ उमेश नन्द तिवारी, डॉ. रीझू नायक और डॉ. बीरेन्द्र महतो, नागपुरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सविता केशरी समेत अन्य शामिल रहे.


CLASSIFIED









# सूबे में सीएम से लेकर मंत्री तक रहे छह सजायाफ्ता नेता नहीं लड़ सकते चुनाव

**अपराध और भ्रष्टाचार के मामलों में अदालत ने दोषी करार देते हुए सजा सुनायी है**

विनीत आभा उपाध्याय। रांची। अपराध और भ्रष्टाचार के मामलों में सजायाफ्ता होने की वजह से झारखंड के करीब आधा दर्जन नेता लोकसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतर पाये. इनमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री रह चुके नेता शामिल हैं. इन्होंने चुनाव लड़ने का अधिकार खो दिया है. उपलब्ध आंकड़े के मुताबिक, झारखंड के 81 में से 31 विधायकों (करीब 39 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक मामले हैं. झारखंड से लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2013 में एक आदेश जारी किया था, जिसके मुताबिक, किसी भी जनप्रतिनिधि को अगर दो साल या दो साल से अधिक की सजा होती है, तो उसकी सदन की सदस्यता खत्म हो जाती है. साथ ही सजा खत्म होने की तारीख से छह साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है.

## मधु कोड़ा



जिन नेताओं ने चुनाव लड़ने का अधिकार खो दिया है, उसमें पहला नाम पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का है. वह 18 सितंबर 2006 से 27 अगस्त 2008 तक झारखंड के मुख्यमंत्री थे. अर्जुन मुंडा व शिबू सोरेन की सरकार में वह मंत्री भी रहे. वर्ष 2017 में दिल्ली कोर्ट ने मधु कोड़ा को कोलकाता स्थित कंपनी विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड को झारखंड स्थित कोयला ब्लॉक आवंटित करने में भ्रष्टाचार और साजिश का दोषी पाया और सजा सुनायी. दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. अभी वह जमानत पर हैं.

## हरिनारायण राय



मधु कोड़ा, अर्जुन मुंडा और शिबू सोरेन की कैबिनेट में मंत्री रहे हरिनारायण राय भी चुनाव नहीं लड़ सकते. रांची की पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष अदालत ने हरिनारायण राय को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दोषी ठहराया था. 31 जनवरी 2017 को अदालत ने उन्हें सात साल की सजा सुनाई थी. जिसके बाद वह चुनाव लड़ने के योग्य नहीं रह गये हैं.

## एनोस एक्का



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ही रांची पीएमएलए की विशेष अदालत ने वर्ष 2020 में पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी और दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था. इसके अलावा वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान एक पारा शिक्षक की हत्या के आरोप में भी अदालत ने उन्हें दोषी ठहराया है. इसके बाद से एनोस एक्का के चुनाव लड़ने पर भी रोक है.

## योगेंद्र साव व निर्मला देवी



राज्य के पूर्व मंत्री व कांग्रेसी नेता योगेंद्र साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी भी सजायाफ्ता हैं. एक अक्टूबर 2016 को बड़कागांव में हुई पुलिस फायरिंग व गोलीबारी की घटना से संबंधित एक मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी पत्नी निर्मला देवी को अदालत ने वर्ष 2022 में 10 साल कैद की सजा सुनाई थी. झारखंड हाईकोर्ट ने इसी वर्ष 22 मार्च को उनकी उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटाने की मांग की थी.

## बंधु तिर्की



पूर्व मंत्री और फिलहाल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की को भी रांची की पीएमएलए की विशेष अदालत ने सजा सुनाई थी. जिसके बाद वह चुनाव लड़ने के योग्य नहीं हैं. वर्ष 2005 से 2009 तक मंत्री रहने के दौरान आय से अधिक 7.22 लाख रुपये की संपत्ति रखने के मामले में अदालत ने उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई थी.

---

**अंकिता हत्याकांड**

## जलाकर हत्या के दोनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई



संवाददाता। दुमका

उपराजधानी दुमका के जरूवाडीह में अगस्त 2022 में 17 वर्षीय नाबालिग अंकिता को पेट्रोल छिड़ककर जलाकर मार देने के दोनों आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. बीते 19 मार्च को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया था. प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की अदालत ने दोनों आरोपियों शाहरुख हुसैन और मो. नईम अंसारी उर्फ छोटू को दोषी करार दिया था. बता दें कि जरुवाडीह में बीते 23 अगस्त 2022 को एकतरफा प्यार में शाहरुख नामक युवक ने खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर नाबालिग छात्रा अंकिता के शरीर में आग लगा दी थी. घटना में छात्रा करीब 95 प्रतिशत तक जल गई थी. बाद में गंभीर हालत में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था. यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी.

**ब्रीफ खबरें**

### हत्या के मामले में युवक को हुई उम्रकैद

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त एम सी झा की कोर्ट ने पवन गोप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने उसपर 75,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है. पवन गोप को एकतरफा प्यार में अपनी कथित प्रेमिका की हत्या करने के जुर्म में दोषी करार दिया गया है. अदालत ने जुर्माने की आधी धनराशि मृतका के परिजनों को देने का निर्देश दिया है. पवन गोप पर एक युवती की गर्दन काटकर हत्या करने का आरोप साबित हुआ है. जिस युवती की हत्या हुई थी, उसके परिजनों ने रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र में काण्ड संख्या 36/2019 दर्ज करवाई थी. मृतका के परिजनों की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की. वहीं आरोपी पवन की ओर से अधिवक्ता अविनाश पांडेय ने बहस की.

### एक किलो अफीम, 8 किलो डोडा के साथ एक गिरफ्तार

**पांकी।** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को डोडा, पोस्ता, अफीम के साथ गिरफ्तार किया है. पिपराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कमलेश यादव अपने नया घर (कल्गी थाना लावालौंग, चतरा) से अपने पुराने घर तितलंगी में छुपाने जा रहा है. पुलिस ने रंगे हाथों कमलेश यादव (45 वर्ष) को तितलंगी मोड़ के पास से पकड़ा. उसके पास से एक किलो अफीम, आठ किलो डोडा और 500 ग्राम पोस्ता बरामद हुआ.

---

# मुकदमों के साथ बढ़ता गया ढुल्लू का कद

## ढुल्लू महतो के खिलाफ मुकदमों की लंबी फेहरिस्त

संवाददाता। धनबाद

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ धनबाद में दर्ज मुकदमों की एक लंबी फेहरिस्त है. इन मुकदमों में अधिकतर आरोप सरकारी कार्य में बाधा, रंगदारी, सड़क जाम, तोड़फोड़ व मारपीट से जुड़े हैं. इन मुकदमों के साथ ही ढुलू महतो का कद भी बढ़ता गया. हालांकि एक मुकदमा दुष्कर्म के प्रयास से भी जुड़ा था, जिसमें हाल ही में विधायक ढुल्लू को रिहाई मिल चुकी है. इन मुकदमों के अलावा उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी, जिसमें ईडी और इनकम टैक्स विभाग से इनकी संपत्ति की जांच कराने की मांग की गई थी. चार दर्जन मुकदमों में आरोपी बनने के बाद भी विधायक ढुलू के खिलाफ अब सिर्फ चार मुकदमे ही बचे हैं. इन मुकदमों में ही वह कोर्ट में ट्रायल फेस कर रहे हैं. ढुल्लू के सियासी विरोधी विजय झा समेत कई अन्य नेता उनके खिलाफ 49 मुकदमों की फेहरिस्त दिखा रहे हैं.

**जलेश्वर के विरोध से शुरू किया था राजनीतिक सफर :** ढुल्लू का राजनीतिक करियर तब के विधायक जलेश्वर महतो के खिलाफ आवाज बुलंद करने से शुरु हुई थी. जलेश्वर के खिलाफ खड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया था. पहली बार चुनाव के मैदान में ढुल्लू 2005 में उतरे और तीसरे नंबर पर रहे. उन्हें लगभग 25 हजार वोट मिले थे. यह चौंकाने वाला आंकड़ा था, क्योंकि तब क्षेत्र में जलेश्वर महतो की तूती बोलती थी. इसके बाद समरेश सिंह और बाबूलाल मरांडी ने उन्हें अपने साथ किया, झाविमो की तरफ से 2009 में टिकट मिली और फिर जीत का सिलसिला शुरू हो गया. जलेश्वर को शिकस्त दी. इसके बाद अगले चुनाव में भाजपा का दामन थामा और 2014 और 2019 में भाजपा की तरफ से जीत दर्ज की. लेकिन इन सबके साथ ढुल्लू और विवादों का भी साथ-साथ चलना जारी रहा. मुकदमे दर मुकदमे दर्ज होते रहे. कभी रंगदारी तो कभी सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप लगते रहे. इसी माह तेतुलमुड़ी आउट सोर्सिंग में बमबाजी के मामले में भी विधायक ढुल्लू को नामजद आरोपी बनाया गया है.

### 49 मुकदमे दर्ज होने का सबूत दिखा रहे हैं ढुल्लू के सियासी विरोधी



- आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के खिलाफ हो चुकी है शिकायत
- दो मामलों में हो चुकी है ढुल्लू को सजा, सजा के खिलाफ एक मामले में हाईकोर्ट में जारी है सुनवाई

**इन धाराओं में मिली थी ढुल्लू को सजा**

- धारा 147 भादवि एक वर्ष की साधारण कारावास व एक हजार जुर्माना
- धारा 224 ..डेढ़ वर्ष की कैद व एक हजार जुर्माना
- धारा 225 ..डेढ़ वर्ष की कैद व एक हजार जुर्माना
- धारा 323 ...1 वर्ष कैद व 1000 जुर्माना
- धारा 332 डेढ़ वर्ष की कैद व तीन हजार जुर्माना
- धारा 353 भादवि – एक वर्ष साधारण कारावास की सजा व दो हजार जुर्माना

### दुष्कर्म के प्रयास का भी लग चुका है आरोप

बाघमारा की एक नेत्री द्वारा दुष्कर्म के प्रयास का आरोप वाले मुकदमे 12 फरवरी 2024 को कोर्ट ने उन्हें बरी किया है. लगभग पांच साल तक चले इस मुकदमे में शिकायतकर्ता महिला और उसके गवाह पति ने कोर्ट में अपना बयान बदल दिया था, इस कारण कोर्ट ने सबूतों के अभाव के कारण विधायक ढुल्लू को रिहाई का पैगाम सुनाया. जबकि पीड़िता ने ढुलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए आंदोलन तक किया था. इसके साथ ही बीते वर्ष अगस्त माह में कोर्ट ने बरोरा थाने में दर्ज रंगदारी व मारपीट के मामले में बरी कर दिया. इस मामले में कतरास निवासी राजीव कुमार की शिकायत पर मार्च 2020 में दर्ज हुई थी. तीन साल तक मुकदमे बाजी के आरोप साबित नहीं हो पाए और ढुल्लू को रिहाई मिली.

### अन्य तीन मुकदमों की कोर्ट में सुनवाई जारी

ढुल्लू के खिलाफ कोर्ट में फिलहाल तीन मुकदमे जारी है. इनमें उनके भाई किरण महतो द्वारा किया गया मारपीट, रंगदारी और हाइवा लूटपाट का मुकदमा, डोमन महतो द्वारा जानलेवा मारपीट का मुकदमा और नाजायज मजमा बनाकर मारपीट करने के मुकदमे का ट्रायल कोर्ट में जारी है.

---

**लॉटरी का अवैध कारोबार 16**

# लॉटरी का खेल फिर से शुरू

रिजवान शम्स। धनबाद

**लोदना राजेश निषाद खुद हुआ भूमिगत, रिश्तेदार ने संभाला कारोबार का कमान**

- झरिया का समीर भी गायब, शमशेर नगर के रिश्तेदार ने संभाल लिया मोर्चा
- भौंरा में अजय चौरसिया, सुदामडीह में उपेंद्र और पप्पू, भोजूडीह में विक्की कर रहा है कारोबारी

होली से पूर्व चंद दिनों तक पुलिस की सख्ती से अपना कारोबार समेट कर रखने वाले लॉटरी कारोबारी एक बार फिर से सक्रिय हो चुके हैं. इस बार शहरी क्षेत्र के बजाय कोलियरी क्षेत्रों में इनकी सक्रियता अधिक बढ़ी है. हालांकि लॉटरी माफिया समीर और उसका सगा भाई शब्बीर फिलहाल झरिया से गायब है लेकिन उसका करीबी रिश्तेदार झरिया से इस अवैध कारोबार का कमान संभाल रहा है लॉटरी के टिकटों की सप्लाई हो या फिर पेमेंट लेना, सारे काम शमशेर नगर का रहने वाला छोटू संभाल रहा है.


अजय विक्की

इसी तरह कई अन्य कारोबारी भी खुद नहीं बल्कि अपने करीबियों को कारोबार की कमान देकर भूमिगत हो गए हैं. लोदना निवासी राजेश निषाद भी अपने एक परिचित के माध्यम से काम को आगे बढ़ा रहा है. लोदना के कई बीसीसीएल क्वार्टरों को लॉटरी रखने का गोदाम बना लिया गया है.

**भौंरा-गौरखुंटी में अजय का जलवा :** भौंरा कोलियरी क्षेत्र में लॉटरी कारोबारियों की सक्रियता बहुत बढ़ गई है. यहां से नदी पार चंदनकियारी व भोजूडीह तक टिकट की सप्लाई हो रही है. इस इलाके में लॉटरी का कारोबार अजय चौरसिया संभालता है. अजय के जिम्मे में भौंरा गौरखुंटी, सुदामडीह, रिवर साईड आदि के इलाके हैं. अजय चौरसिया का काम पूरे इलाके के हॉकरों को लॉटरी टिकट की सप्लाई करना है. वहीं सुदामडीह मोड़ में उपेंद्र सिंह का नाम चर्चे में है, उसके पास भी कई हॉकर हैं, जो घूम-घूमकर लॉटरी की टिकटों की बिक्री करते हैं. सुदामडीह मेन कालोनी के इलाके में पप्पू सिंह का नाम सामने आ रहा है. पप्पू सिंह झरिया के लॉटरी कारोबारी के ब्रांड की टिकट की सप्लाई करता है.

### समीर के गोदाम में छापेमारी

झरिया में समीर के गोदाम में तीन दिन पूर्व छापेमारी की सूचना थी. यह बताया गया था कि सिंदरी रोड के एक गोदाम में उसकी लॉटरी की टिकट भारी मात्रा में रखी हुई है. हालांकि छापेमारी के बाद कुछ भी बरामद नहीं हो पाया था. बताते हैं कि ऐसे कई लॉटरी कारोबारियों के सिंदरी रोड व आसपास के इलाकों में गुप्त गोदाम हैं. यहां से ही लॉटरी की सप्लाई होती है.

### थाने से वाहन चालक तक रहते हैं सेट

लॉटरी कारोबारी बिना पुलिस को सेट किए धंधे करने का रिस्क नहीं लेते हैं. इसके बाद भी सावधानी के लिए वे लोग थाने के कई लोगों को अलग से सेवा शुल्क देते हैं. इनमें चौकीदार से लेकर थाना व गश्ती वाहन का चालक तक शामिल होता है. इन वाहनों के चालकों को लॉटरी के अवैध कारोबारियों की तरफ से खास सुविधा शुल्क दिया जाता है, क्योंकि उन्हें पता होता है कि जब भी छापेमारी के लिए टीम निकलेगी तो यही चालक उसके ठिकानों तक लेकर आएंगे.

### भोजूडीह में विक्की का कारोबार

भोजूडीह में विक्की लॉटरी का अवैध कारोबार पूरे जोर-शोर से चला रहा है. इसका कारोबार भोजूडीह से सिंदरी, पाथरडीह, चंदनकियारी आदि इलाकों में फैला हुआ है. विक्की के बारे में बताया जा रहा है कि उसका ब्रांड के लॉटरी की टिकट बीएसवी के नाम से बाजार में बिकती है.

---

**बुरुगुलीकेरा गांव में दो की हत्या, जांच में जुटी पुलिस**

# मां की हत्या के बाद बेटे ने आरोपी को भी मारा

संवाददाता। चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना क्षेत्र की गुलीकेरा पंचायत के बुरुगुलीकेरा में दो लोगों की हत्या का मामला प्रकाश में आया है. घटना बुधवार देर शाम की है. बताया जाता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र बुरुगुलीकेरा गांव में राजेश बुढ़ नामक व्यक्ति शराब के नशे की हालत में गांव के मुंडा सुखराम बुढ़ के घर पहुंचा. घर में मुंडा सुखराम बुढ़ की पत्नी गंधवरी की लकड़ी के पीढ़े से पीट-पीट कर हत्या कर दी. इससे मौके पर गंधवरी की मौत हो गई. इस बीच मृतका का पुत्र दुनू बुढ़ मौके पर पहुंचा तो राजेश बुढ़ ने भी उसपर हमला करने की कोशिश की, लेकिन मां की हत्या से गुस्साये पुत्र ने राजेश बुढ़ को जमीन पर धकेल दिया और वहां रखे उसी पीढ़े से मां के हत्यारे राजेश बुढ़ को पीट-पीटकर मार डाला. घटना की सूचना पाकर गुरुवार को गुदड़ी थाना पुलिस के अधिकारी घटना स्थल पहुंचे और दोनों शवों को बरामद कर लिया. पुलिस ने बताया कि राजेश बुढ़ अपराधी प्रवृति का व्यक्ति था और पहले भी वह जेल जा चुका था. कुछ महीने पहले ही वह जेल से छूटकर आया था. इधर ग्रामीण मुंडा सुखराम बुढ़ भी वर्ष 2020 के जनवरी महीने में बुरुगुलीकेरा गांव में हुए सात लोगों की हत्या के मामले में जेल में है.

---

# 100% वोटिंग करने वाली रेजिडेंशियल सोसायटी को मिलेगा सम्मान : डीसी

संवाददाता। धनबाद


गुरुवार को बैठक में लोगों को संबोधित करतीं डीसी माधवी मिश्रा.

मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को धनबाद के न्यू टाउन हॉल में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक की. इसमें उन्होंने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों को मतदान के दिन 25 मई को मजबूत लोकतंत्र के गठन में अपनी जन भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सही मायने में जिंदा रखना और मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है. साथ ही उन्होंने कहा कि सौ फीसद मतदान करने वाली सोसायटी को जिला प्रशासन सम्मानित करेगा. उपायुक्त ने कहा कि सभी सोसायटी वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करें. इसके बाद सोसाइटी के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल है. यदि किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर प्रपत्र 6 भरकर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन करें.

इस दौरान उपायुक्त ने सभी से 25 मई को अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है. मतदान दिवस छुट्टी का दिन नहीं है.घर से बूथ की थोड़ी दूरी या बूथ पर थोड़ी सी कतार देखकर मतदान नहीं करने की मानसिकता को बदलना है. इस अवसर पर धनबाद के चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर ने भी लोगों से मतदान करने की अपील की. मौके पर पीडब्ल्यूडी आइकॉन प्रमोद कुमार यादव समेत नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, प्रदीप कुमार शुक्ला समेत अन्य उपस्थित रहे.

---

**फर्जीवाड़ा** एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना

# फर्जी ग्राम सभा, फर्जी एनओसी !

**केंद्र ने वन विभाग के प्रधान सचिव को दिया कार्रवाई का निर्देश**

- सहमति पत्र पर सारे सदस्यों के हस्ताक्षर एक-दूसरे से मिलते-जुलते
- वन विभाग की जांच में फर्जी हस्ताक्षर की पुष्टि, पर कार्रवाई नहीं की

प्रवीण कुमार । रांची

एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस लेने के मामले में फर्जी ग्राम सभा करने और ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में भारत सरकार ने गंभीरता से लेते हुए झारखंड वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर विधिसम्मत कार्रवाई करने को कहा है. भारत सरकार का पत्र उस समय जारी हुआ है, जब झारखंड हाईकोर्ट में प्रार्थी मंटू सोनी की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी और अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह का पक्ष सुनकर हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा था. इससे पूर्व अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह द्वारा केंद्र सरकार को वकालतन नोटिस भेजा गया था, जिसके बाद केंद्र ने पत्र लिखा है.

**वन विभाग ने नहीं की कार्रवाई :** हजारीबाग जिले के पश्चिमी वन प्रमंडल के अधीन बनी वन संरक्षण प्रबंध समिति के सभी सदस्यों की लिखावट करीब-करीब एक ही जैसी है. इसे लेकर प्रार्थी मंटू सोनी ने वन विभाग से शिकायत की थी. जांच में ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर की पुष्टि हुई थी. इसके बाद भी वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की. कोल परियोजना से कोयला खनन मामले में समिति द्वारा जारी सहमति पत्र से इस बात की जानकारी मिलती है. सरकार ने पकरी बरवाडीह कोल परियोजना के लिए 1,2,011 एकड़ जमीन हस्तांतरित की है. इसमें से 1,128 एकड़ जमीन जंगल झाड़ के रूप में दर्ज है. खतियान में जंगल झाड़ के रूप में दर्ज यह जमीन पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी क्षेत्र में है. इस जमीन पर माइनिंग के लिए ग्राम वन प्रबंधन समिति द्वारा तैयार सहमति पत्र पर पांच-छह सदस्यों के हस्ताक्षर हैं और सभी सदस्यों के हस्ताक्षर एक -दूसरे से मिलते-जुलते हैं. सहमति पत्र में इस बात का उल्लेख है कि खनन से वनों का जो नुकसान होगा, उसे एनटीपीसी अलग से क्षतिपूरक पौधे लगा कर पूरा करेगा. बैठक में तैयार सहमति पत्र पर सदस्य के रूप में ललन साव, वकील राणा, बोधन साव, सरस्वती देवी के हस्ताक्षर हैं और सभी के हस्ताक्षर एक-दूसरे से से मिलते-जुलते हैं.

**जांच में फर्जी हस्ताक्षर की पुष्टि**

मामला पकरी बरवाडीह कोल परियोजना की जमीन हस्तांतरण का है, जिसमें विलेज फॉरेस्ट मैनेजमेंट एंड सेफ्टी कमेटी के सभी सदस्यों की लिखावट एक जैसी है. 1,128 एकड़ जमीन पर माइनिंग के लिए ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति से सहमति ली गयी है. समिति द्वारा तैयार सहमति पत्र पर अधिकतम पांच से छह सदस्यों के हस्ताक्षर हैं. सभी सदस्य के हस्ताक्षर एक -दूसरे से मिलते-जुलते हैं. किसी भी सहमति पत्र पर इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि यह किस गांव की वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की बैठक है, जबकि नियमानुसार सहमति पत्र में इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि समिति किस गांव की है. सहमति पत्र में यह लिखा गया है कि पकरी बरवाडीह कोल प्रोजेक्ट कोयले का खनन करना चाहता है, जिसमें गांव वालों को पूर्ण सहमति है .

## ब्रीफ खबरें

### एसपी ने दो एएसआई को निलंबित किया

**मेदिनीनगर।** लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसपी ने किया दो एएसआइ को निलंबित कर दिया है. छतरपुर थाना में 23 मार्च को तस्करी के लिए ले जा रहे 26 पशुओं को पुलिस ने जब्त किया गया था. पूरे मामले में नावाबाजार के रहने वाले सिराजुद्दीन अंसारी, पिपरा के रहने वाले सफीना बीबी, फिरदौस खान, हरिहरगंज के अररुआ के रहने वाले अतहर हुसैन, पड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले टीकू अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. तस्करी के इस मामले का अनुसंधानकर्ता एएसआई जयप्रकाश तिवारी को बनाया गया था. श्री तिवारी ने जब्त पशुओं को अमानुल्लाह अंसारी और गुलाम गौस अंसारी को दिया था.

### रोजगार सेवक को प्रभार दिलाने की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने उप विकास आयुक्त को पत्र लिख कर रोजगार सेवक को प्रभार दिलाने की मांग की है. दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि भवनाथपुर प्रखण्ड में सभी रोजगार सेवक अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में एक ही स्थान पर करीब पांच साल से कार्यरत है, जिससे सभी रोजगार सेवक के द्वारा बिरसा सिंचाई, कुप निर्माण, वृक्षारोपण, तालाब भेड़बंधी वगैरा का प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने के नाम पर काफी पैसा उगाही करने का ग्रामीण जनता के द्वारा हमेशा शिकायत प्राप्त होती रहती है.

### दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 30 से

**पांकी (पलामू)।** मजदूर किसान महाविद्यालय डंडार कला, पांकी में सोशल साइंस एंड मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन, रेडियंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जबलपुर, मध्यप्रदेश के सहयोग से मनोविज्ञान विभाग के द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 30-31 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से ऑनलाइन मोड में "भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020" विषय पर आयोजन किया गया है. इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन संजोजिका डॉ. सुल्ताना प्रवीन विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान एवं उपसंजोजिका श्रीमती पूनम कुमारी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान विभाग के द्वारा किया जाएगा.

### पंकज ने रक्तदान कर बचायी दीपक की जान

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने गुरुवार को रक्तदान कर रक्त की कमी एवं टाइफाइड से ग्रसित दीपक कुमार की जान बचायी. दीपक हमीदगंज का रहने वाला है. उन्होंने रक्त के लिए संपर्क किया तो श्री जायसवाल सहर्ष तैयार हो गए और जीवन बचाने के लिए रक्तदान किया. इस मौके पर उन्होंने समाज से आग्रह भी किया कि किसी को भी रक्त की आवश्यकता होने पर उनका आवश्यक रूप से सहायता करें. रक्तदान एक महादान है. इस मौके पर श्रीराम सेना के पदाधिकारी शशि भूषण मिश्रा, चिंटू गुप्ता, सतीश जायसवाल उर्फ सोनू एवं सूरज कुमार भी उपस्थित थे.

### पांकी पुलिस ने हथियार के साथ एक को गिरफ्तार किया

**पांकी (पलामू)।** हथियार के साथ एक युवक बीरेंद्र कुमार सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार . बताया जाता है कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा मोड़ के पास आरोपी बीरेंद्र किसी को हथियार बेचने के फिराक में खड़ा था.उसी दौरान थाना प्रभारी राजू कुमार ने कार्रवाई कर बीरेंद्र सिंह को एक देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार. पुलिस ने आरोपी बीरेंद्र सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

14 फरवरी 2023 को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कॉलेज भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया था

# नये सत्र में भी नहीं खुल पाया लातेहार का दोनों मॉडल डिग्री कॉलेज

आशीष टैगोर। लातेहार



शिक्षा समस्या

- जिला मुख्यालय में नहीं है एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज
- लातेहार में बीएस कॉलेज जला रहा है शिक्षा का अलख

कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिला प्रारंभ से ही शैक्षणिक पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है. इसे राजनीतिक व प्रशासनिक उदासीनता ही कहा जायेगा कि आजादी के 75 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी लातेहार में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं खुल पाया. पहले लातेहार ,पलामू जिला का अंग था. वर्ष 2001 में यह पलामू से अलग हो कर एक नये जिला के रूप में आया. तब से लातेहार जिला मुख्यालय में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग लगातार की जाती रही है. हालांकि पूर्व शिक्षा मंत्री व स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम के प्रयास से लातेहार में एक डिग्री कॉलेज एवं एक महिला डिग्री कॉलेज लातेहार में स्थापित करने की स्वीकृति मिली. इन दोनों कॉलेजों का भवन भी बन कर तैयार हो गया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार के अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान गत फरवरी 2023 को इन दोनों कॉलेज भवनों का उदघाटन (लोकार्पण) भी कर दिया. बावजूद इसके इन 12-13 महीनों में इन दोनों कॉलेजों में सत्र शुरू नहीं हो सका. जबकि नया सत्र शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं.

**8.41 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है कॉलेज भवन**

बता दें कि लातेहार शहर से तकरीबन छह किलोमीटर की दूरी पर गोवा गांव में 8 .41 करोड़ रुपए की लागत से मॉडल डिग्री कॉलेज का भवन बनाया गया है . जबकि इतनी ही लागत से बिशनपुर रोड में महिला डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण कराया गया है . कहना गलत नहीं होगा कि इन दोनों ने कॉलेज खुल जाने से यहां के छात्रों व छात्रों का काफी सहुलियत होती .

**जून में ही हैंड ओवर हो चुका है कॉलेज भवन :** पिछले साल 26 जून में ही दोनो भवनों को भवन निर्माण विभाग ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को हैंड ओवर कर दिया गया है. बावजूद इसके यहां पढ़ाई चालू नहीं की जा रही है. दीगर बात तो यह कि हैंड ओवर के बावजूद भी संवेदकों के द्वारा कॉलेजों में अपने नीजि खर्चे पर गार्ड रख कर कॉलेज भवनों की रखवाली की जा रही है. इससे संवेदकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है. संवेदकों ने विश्वविद्यालय से पत्राचार कर अपना गार्ड रखने आग्रह भी किया है. बता दें कि गत मई के माह में मॉडल कॉलेज गोवा भवन में चोरों ने चोरी कर ली थी.

विधायक ने किया नीलांबर पीतांबर स्मारक का अनावरण, कहा

# शहीदों की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता


संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

विधायक बैद्यनाथ राम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप नवनिर्मित नीलांबर- पीतांबर स्मारक का अनावरण गुरुवार को किया. इस मौके पर उन्होंने नीलांबर-पीताबंर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की. मौके पर संबोधित करते हुए विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि अमर स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है. उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है. भोक्ता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि इन दोनों भाइयों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस व वीरता का परिचय दिया था और 1857 की ऐतिहासिक क्रांति में अपनी वीरता से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे. उन्हें अंग्रेजों ने धोखे से पकड़ कर फांसी दे दिया था. रति गंझू एवं पाहन डढना गंझू ने पूजा अर्चना संपन्न कराया. इस मौके पर युवा नेता अंकित पांडेय, भोक्ता समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह भोक्ता, जिला अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू, उमेश सिंह भोगता, फूलचंद गंझु, नारायण गंझु, सुरेश गंझु , धनुषधारी गंझु, प्रदीप गंझु, बारियातु बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, पूर्व युवा अध्यक्ष दीपक यादव, मनोज यादव, परमेश्वर गंझू, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र उरांव, शिव कुमार राम, राजू गंझु व उदय गंझु सहित कई लोग मौजूद थे.



### नीलांबर-पीतांबर के शहादत को भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. मेहता

**पांकी (पलामू)।** जंग-ए-आजादी के महानायक व झारखंड के वीर सपूत शहीद नीलांबर पीतांबर की पुण्यतिथि पर नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय में शहादत समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. विधायक ने कहा कि आज ही के दिन अमर शहीद नीलांबर पीतांबर को अंग्रेजी हुकूमत ने मौत की सजा दी थी . देश की आजादी के लिए शहीदों ने जंग छेड़ दी थी और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे . 28 मार्च के दिन ही अंग्रेजों ने दोनों वीर सपूतों को फांसी दे दी थी . मौके पर



विधायक प्रतिनिधि लाला यादव, डंडार कला पंचायत के मुखिया गुड्डू सिंह, प्रसिद्ध सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर प्रमुख सुनील कुमार पासवान, बच्चन समाजसेवी कमेश यादव, वीरेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया पति मिंटी वर्मा, जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, अवधेश सिंह, शंकर शुक्ला, विजय तिवारी, दिलीप मेहता, गोपाल यादव, सुधीर तिवारी, अरविंद यादव, प्रसिद्ध सिंह, रामचरित्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे .

**खास बातें**

- पलामू प्रमंडल के विभिन्न प्रखंडों में याद किये गये दोनों शहीद
- कहीं हुआ माल्यापर्ण तो कहीं संगोष्टी का आयोजन

### नीलांबर पीतांबर ने आदिवासियों को एकजुट किया : पूनम देवी

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि देश की आजादी में नीलांबर-पीतांबर दोनो भाइयों के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है . उनके बताये मार्गों पर चल कर ही हम उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं . हमें उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए . उन्होने आदिवासी समाज को एक सूत्र में बांध कर आजादी के लिए प्रेरित किया . श्रीमती देवी गुरूवार को अमर स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर-पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस के मौके पर सदर प्रखंड के जोगनाडाड़ ग्राम के स्मारक स्थल (एनएच-75) पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं . अखिल भारतीय खरवार आदिवासी विकास परिषद, लातेहार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात- आठ से वैदिक पूजन से किया गया .

### सच्चे नायक थे नीलांबर-पीतांबर : उदय राम

**मेदिनीनगर ।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में नीलांबर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. श्री राम ने कहा कि नीलांबर- पीताम्बर जनक्रांति के सच्चे नायक थे. उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन किया था.1857 के स्वंत्राता संग्राम में दोनो भाइयों ने अंग्रेजो के साथ गुरिला युद्ध किया था. इस युद्ध में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे. इस अवसर पर विजय राम, जयपाल मोची, ननहक सिंह, यशवंत कुमार, मनोज सिंह, दीपक कुमार, सतीश दूबे, महेंद्र राम, परदुमन तिवारी, कृष्णा राम, उमेश पासवान, राजू राम सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे.

### तीन हत्या मामले में चार गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को डबल मर्डर और मंगलवार को एक युवक की हुई हत्या मामले में शामिल महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें पिता-पुत्र भी शामिल हैं. कई आरोपित अभी भी फरार हैं. उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है. डबल मर्डर के साजिशकर्ता श्यामा चौधरी ने सरेंडर कर दिया है. राजेश साव और सुजीत भुइयां हत्याकांड में राजा सिंह (20) एवं कविता देवी (36) को गिरफ्तार किया गया है. राजेश और सुजीत की हत्या में साजिश रचने में कविता देवी की संलिप्तता पाई गई है. इसी तरह राजा सिंह को हत्याकांड में शामिल रहने पर डालटनगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया. मनोज चौधरी हत्या मामले में उसके चचेरे भाई अजय चौधरी (28) और उसके पिता सुरेश उर्फ नन्हक चौधरी (60) को गिरफ्तार किया गया है.

पलामू और औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त बैठक

# चुनाव के मद्देनजर आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर



संवाददाता। मेदिनीनगर

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. जिले के हरिहरगंज थाने में बिहार के औरंगाबाद और झारखंड की पलामू पुलिस की संयुक्त बैठक हुई. बैठक में दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षक और पुलिस के वरीय अधिकारी, सीआरपीएफ कमांडेंट मौजूद रहे. इसमें चुनाव पूर्व तैयारी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. मौके पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले से लगी सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद थाने की पुलिस के बीच आपसी समन्वय की आवश्यकता है. इसके तहत उन्होंने सूचनाओं के आदान-प्रदान, आपसी तालमेल व अपराधियों की धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया. खासकर शराब तस्करी के खिलाफ उन्होंने दोनों तरफ के पुलिस अधिकारियों से आपसी तालमेल स्थापित कर विशेष अभियान चलाने की बात कही. बैठक में पलामू एसपी, औरंगाबाद एसपी, औरंगाबाद सदर के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकरी, हुसैनाबाद समेत कई पुलिस पदाधिकारी और सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे.

डीसी ने की संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

# अब्सेंटी वोटर्स को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा

संवाददाता। मेदिनीनगर



आगामी लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा मिलेगी. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने आज आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में श्री रंजन ने आवश्यक सेवा से जुड़े विभाग के प्रतिनिधियों से कहा कि वे ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार कर लें जो मतदान दिवस पर आवश्यक सेवा में लगे हैं. साथ ही अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें. उन्होंने अपने संस्थान से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आने को कहा ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो. ज्ञातव्य है कि बिजली, पानी, बीएसएनएल, दूरदर्शन, रेडियो, विमानन सेवा, रोडवेज व रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस सर्विसेज, चिकित्सा, डाक, कारा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, मीडिया व प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो से जुड़े कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है. हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिंहा ने डाक मतपत्र के नोडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने पोस्टल बैलेट से संबंधित सभी बारीकियों की जानकारी दी.उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा.संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं.

**तैयारी** श्री महावीर मंडल का पुनः अध्यक्ष बने कंचन, महिला मंडली का भी हुआ गठन

# भव्य तरीके से मनेगा रामनवमी, महिला मंडली निकालेगी शोभा यात्रा

संवाददाता। गढ़वा



श्री महावीर मंडल की बुधवार को मझिआंव मोड़ पर कंचन साहू के आवास के समीप श्री महावीर मंडल की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में नये पदाधिकारियां का चयन किया गया. साथ ही महिला मंडल का भी गठन किया गया. सर्वसम्मति से कंचन साहू को श्री महावीर मंडल का पुनः अध्यक्ष बनाया गया. जबकि पवन जायसवाल को उपाध्यक्ष, सुनील केशरी को सचिव एवं उपेंद्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया. साथ ही नवगठित महिला मंडल में डेजी गुप्ता को अध्यक्ष बनाया तथा प्रतिभा सौर्य को सचिव बनाया गया. बैठक में श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल सहित अन्य अखाड़ों के साथ समन्वय स्थापित कर एक साथ भव्य रामनवमी जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया गया. बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार पूरे शहर को एलईडी लाइट एवं महावीरी झंडा से सजाया जाएगा. साथ ही 16 अप्रैल को महिला मंडली के द्वारा मंगलवारी शोभा यात्रा निकाली जाएगी. यह शोभा यात्रा चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर परिसर से निकलकर मेन रोड होते हुए रामलला मंदिर में संपन्न होगी. जबकि 17 अप्रैल को विभिन्न अखाड़ों और समितियां द्वारा जुलूस, झांकी आदि का आयोजन किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से उक्त सहित रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के संरक्षक मुरली श्याम सोनी, अध्यक्ष उमेश कश्यप, नंदकुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश केशरी, पीएन गुप्ता, दीपक तिवारी, सरदार रणवीर सिंह, मंटू मालाकार, पूनम कांस्यकार, अनिल सोनी, राजकुमार गुप्ता सहित श्री महावीर मंडल के सभी सदस्य गण मौजूद थे.

**राम नवमी**

- 16 को महिला मंडली मंगलवारी शोभा यात्रा निकालेगी
- 17 को विभिन्न अखाड़ों और समितियां का जुलूस निकलेगा

### ट्रक व बाइक में टक्कर एक की मौत, दो घायल

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च मार्ग(एनएच-75) पर एस्सार पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को एक ट्रक व बाइक की सीधी टक्कर हो गयी. इस घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गयी. जबकि बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. मृतक की पहचान प्रवेश सिंह के रूप में की गयी है. जबकि बाइक में सवार विशेश्वर सिंह व रामु परहिया गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक विशेश्वर सिंह का पुत्र है. तीनों सिकिद, लावागढ़ा, हेरहंज का रहने वाले है. मौके से गुजर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष पंकजसिंह व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया. यहां डॉ सरवन कुमार महतो ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया.

## न्यूज अपडेट

### वनाधिकार कानून लागू होने के बाद जंगलों की अधिक कटाई



**चंदवा(लातेहार)।** वनाधिकार कानून लागू होने के बाद जंगलों की अधिक कटाई हो रही है. लोग जंगल की भूमि पर कब्जा करने की नीयत से जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर जमीन तैयार कर अपना कब्जा जमा रहे हैं. इसी तरह का एक मामला चंदवा के टुड़हामू गांव के गोड़ैती क्षेत्र में प्रकाश में आया है. टुड़हामू जंगल में कतिपय दो लोगों के द्वारा रविवार को रातों-रात मकान तैयार कर दिया गया. जब गांव वालों की नजर जंगल में बने इस घर पर पड़ी तो गांव वाले नाराज हो गये. उन्होंने आपत्ति जताते हुए घर को ध्वस्त कर दिया. गांव वालों का आरोप है कि होली की छुट्टी में वन कर्मियों की मिलीभगत से यहां मकान बना दिया गया है, ताकि भूमि पर कब्जा जमाया जा सके.

### टिकट नहीं दिए जाने पर राजपूत समाज में आक्रोश



**कांडी।** राजपूत समाज से राज्य में भाजपा द्वारा लोकसभा का एक भी टिकट नहीं दिए जाने पर समाज में तीव्र आक्रोश है. इस कारण राजपूत समाज भाजपा को वोट नहीं देने के फैसले की ओर बढ़ रहा है. क्षत्रिय करणी सेना के गढ़वा जिलाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह भाजपा की सोची समझी साजिश है. जिसने क्षत्रियों को जान बूझकर नीचा दिखाने की कोशिश की है. कहा कि भाजपा में शामिल क्षत्रियों पर उन्हें तरस आता है. जिन्हें अपने समाज की थोड़ी भी चिंता नहीं है. उनमें से किसी ने भी राष्ट्रीय नेतृत्व को झारखंड में क्षत्रिय को एक भी टिकट देने का दबाव नहीं बनाया.

### नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**गुमला ।** श्री मंगल फाउंडेशन कार्यालय में गुरुवार को अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया. खरवार भोगता समाज विकास संघ के जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान और महासचिव भरत प्रधान के नेतृत्व में शहीद नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा की पूजा की गई. माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया और शहीद के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया. खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि शहीद नीलांबर पीतांबर के आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उन्होंने सामाजिक विकास के लिए समाज को शिक्षित और संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया.

### एसवीएम में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ



**लातेहार।** शहर के धर्मपुर रोड में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आगामी सत्र 202 - 25 के लिए तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार से किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने भारत माता के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियों के अलावा वर्ष भर की प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने एवं उनका समुचित ढंग से क्रियान्वयन करना है. इन्हीं प्रस्तावित प्रस्तावों से विद्यालय समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर सकेगा.

### यज्ञ से दूर होती है क्षेत्र की नकारात्मकता : डॉ स्मिता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के बसौरा स्थित गायत्री मंदिर के प्रांगण में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ गुरुवार से प्रारंभ हुआ. कलश यात्रा में मुख्य आयोजक गांव के वयोवृद्ध कन्हाई प्रसाद जायसवाल ,मुख्य यजमान डॉ सुधीर कुमार जायसवाल, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त करनाल हरियाणा सह पत्नी डॉ स्मिता जायसवाल प्रोफेसर जेनयू नईदिल्ली, पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता पूर्णाडीह पंचायत के मुखिया गुड्डी देवी द्वारा कलश यात्रियों को कलश देकर रवाना किया गया.

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति व मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निबंधन कराने का निर्देश दिया. उन्होंने वैसे लैंपस जिनके पास जमीन उपलब्ध नहीं है, उन्हें जमीन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया. सभी लैंपस में कॉमन सर्विस सेंटर का आईडी देने और किसान उत्पादन समिति का गठन करने तथा लैंपस को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया.

### पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने तोड़वाया अनशन



**गढ़वा।** शहर के सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समीप गत 21 दिन से अनशन पर बैठे गुलाम जिलानी को पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया. ज्ञात हो कि नूरसबा वीबी की हत्या की जांच की मांग को लेकर पिछले छह मार्च से गुलाम जिलानी अनशन पर था. पूर्व विधायक श्री तिवारी ने कहा कि उन्हांने एसपी दीपक पांडेय से इस संबंध में बात कर मामले से अवगत कराया है. एसपी ने यथाशीघ्र मामले की जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है. उन्होंने कहा कि नूरसबा बीबी के पति की दुर्घटना में मौत हो गई थी.

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार।** विश्व यक्ष्मा दिवस पर गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उद्घाटन सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया गया. इससे पहले अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने बुके भेंट कर सिविल सर्जन का स्वागत किया. मौके पर सीएस ने कहा कि यक्ष्मा उन्मूलन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार कई योजनायें चलायी जा रही है. उन्होंने टीवी मुक्त पंचायत तथा निक्षय पोषण योजना जैसे कार्यक्रमों की जानकारी दी. कहा कि टीवी रोगियों को सरकार के द्वारा कई प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है.

### चंदू बने चैनपुर महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष



**चैनपुर/पलामू।** रामनवमी पूजा को लेकर चैनपुर महावीर मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में चैनपुर बाजार क्षेत्र व आसपास के कई हिंदू धर्म प्रेमी उपस्थित हुए. बैठक के दौरान आय एवं व्यय पर चर्चा की गयी एवं महावीर नवयुवक दल जेनरल के पदाधिकारी का भी चयन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से पिछले साल के अध्यक्ष चंदू गुप्ता का फिर से चयन किया गया. नितेश कमलापुरी महामंत्री , अमित प्रसाद को उपाध्यक्ष, ज्योति प्रकाश कोषाध्यक्ष, धर्म प्रकाश को मंत्री एवं धर्मेंद्र नागा को सूचना मंत्री बनाया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### डीसी ने स्थापित किया शिकायत अनुवीक्षण केंद्र

**आदित्यपुर।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में कराने के उद्देश्य से सरायकेला खरसावां जिला के संयुक्त सहकारिता भवन दूधी में शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर की स्थापना की गई है. जो निर्वाचन की घोषणा की तिथि से 24x7 संचालित रहेगी. यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने दी है. बताया कि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायत एवं आमजनों के सहयोग के लिए संयुक्त सहकारिता भवन दूधी में लोकसभा संसदीय क्षेत्रवार अलग अलग टोल फ्री दूरभाष सेवा स्थापित की गयी है.

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**नोवामुंडी।** गुवा सेल में कार्यरत सभी सफाई कर्मियों ने गुरुवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के बैनर तले गुवा सेल के जेनरल ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन किया. सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों के संदर्भ में कहा कि लौह अयस्क खान गुवा में सफाई कर्मी पूरे गांव की गंदगी को वर्षों से सफाई करते आ रहे हैं. परंतु उन्हें मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से सेल प्रबंधन द्वारा वंचित किया जा रहा है.हमारी मांगे है कि सफाई कर्मियों को अकुशल से अर्द्ध कुशल तथा अर्द्ध कुशल कर्मियों को कुशल किया जाए.

### पीएम मोदी के शासन में काफी विकास हुआ:गीता

**चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी के सिंहभूम लोकसभा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा गुरुवार को चाईबासा विधानसभा अन्तर्गत सदर प्रखंड के नरसंडा, बायहातु, करलाजुड़ी, पंचो, करकेट्टा, सिका, बरकेला, बड़ालगिया, बड़दोर, बरंडिया, सिम्बिया, ईचाकुटी, बड़ा सिम्बिया, गंजड़ा के ग्रामीणों से जनसंपर्क किया. जहां गीता कोडा ने ग्रामीणों को उनके भावपूर्ण स्वागत पर आभार प्रगट करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम आदिवासी लोगों के विकास लिए विगत 10 वर्षों में कई ऐसे काम किये जो पहले के सरकारों ने नहीं किया.

### झोपड़ी में लगी आग सबकुछ जलकर खाक

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के कालियाडिंगा फ्लाईओवर के समीप एन एच 49 से बाजार जाने वाली सड़क किनारे अवस्थित झोपड़ी में विगत रात्रि आग लग गई. जिसमें स्थानीय लोग तथा अग्निशमन विभाग की कर्मचारी की तत्परता से आग पर काबू पर लेने से वहां अवस्थित कई सारे दुकान जलने से बच गए. मिली जानकारी के अनुसार रात्रि को बाजार बंद होने के पश्चात हाड़िया बेचने वाले झोपड़ी अचानक धू-धू कर जलने लगा. सड़क पर चलने वाले राहगीरों की नजर पड़ी तो उन लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया.

### चौका में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चांडिल।** चौका थाना क्षेत्र के उरमाल के रहने वाले 45 वर्षीय अभिराम कालिंदी निर्माणाधीन मकान में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. गुरुवार की सुबह इसकी जानकारी मिलने के बाद चौका थाना की पुलिस उरमाल पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया. इस संबंध में चौका थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के आत्महत्या करने के सही कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है. वैसे पुलिस मामले की हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है.

---

सारंडा के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को हो रही परेशानी, रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन घंटों खड़े रहना पड़ता है

# कलैता रेलवे क्रॉसिंग पर ग्रामीण रोज करते हैं 'लंबा इंतजार'

संवाददाता। किरीबुरु

कलैता गांव के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र के लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है. सारंडा के दर्जनों गांवों के ग्रामीण सहित अधिकारी व जवान, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, चिकित्सक टीम आदि किरीबुरु-करमपदा मुख्य ग्रामीण सड़क मार्ग पर कलैता गांव के समीप स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन घंटों खड़ी रहने वाली मालगाड़ी से परेशान रहते हैं. यह समस्या दशकों से बनी हुई है. रेलवे इसका स्थायी समाधान नहीं कर पा रहा है.

उल्लेखनीय है कि रेलवे ने यह रेल लाइन सिर्फ सेल की किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान से लौह अयस्क की ढुलाई के लिए बिछाया गया है.



**ग्रामीण नाराज**

- क्रॉसिंग पर मालगाड़ी खड़ी रहने से आवागमन में परेशानी
- दोनों खदानों से प्रतिदिन लौह अयस्क अन्यत्र भेजी जाती है

**प्रतिदिन 8-10 रैक लौह अयस्क लोड होता है :** दोनों खदानों से प्रतिदिन लगभग 8-10 रैक लौह अयस्क अन्यत्र भेजी जाती है. कोई भी रैक जब करमपदा से मेघाहातुबुरु लोडिंग साइडिंग में जब प्लेसमेंट किया जाता है तब उस रैक को सबसे पहले इसी रेलवे क्रॉसिंग पर लगभग डेढ़-दो घंटे तक खड़ा कर दिया जाता है. यह रैक किसी भी अलग-अलग समय में खड़ी हो जाती है. इससे इस मार्ग पर घंटों आवागमन ठप रहता है. इससे सारंडा के गांवों में जाने अथवा वहां से शहरों में आने वाले तमाम लोग परेशान रहते हैं. सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है जब गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचाना होता है.

**क्रॉसिंग पर मालगाड़ी नहीं खड़ा करने की लोगों ने की मांग**

करमपदा निवासी लक्ष्मी कुमारी व अन्य महिलाओं ने बताया कि रेलवे या तो यहां अंडरपास बनायें या फिर इस क्रॉसिंग पर मालगाड़ी को किसी भी परिस्थिति में खड़ा नहीं करे. अगर इस समस्या का समाधान नहीं करती है तो हमलोग परेशान होकर माल ढुलाई को ठप करने पर मजबूर होंगे. उन्होंने बताया कि प्रतिदिन तीन-चार बार ऐसी स्थिति का सामना हम ग्रामीणों को करना पड़ता है. एक बार मालगाड़ी खड़ी होने से दो-तीन घंटा फंसे रहना पड़ता है. देर शाम में अगर मालगाड़ी खड़ी हो जाये तो हमें घने जंगल होकर घर जाने में देर रात हो जाती है. इससे हमलोग असुरक्षित महसूस करते हैं. इससे बच्चों का स्कूल बस, एम्बुलेंस या अन्य वाहनों के आने-जाने समेत बाहरी पर्यटक, ग्रामीणों को हाट-बाजार जाने आदि में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

---

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक सालडीह बस्ती में हुई

# अखाड़ों का प्रदर्शन फुटबॉल मैदान में रात 10 बजे तक होगा

संवाददाता। आदित्यपुर



केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक आशियाना, सालडीह बस्ती हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई. जिसमें रामनवमी और अखाड़ों का जुलूस धूमधाम से किंतु आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए निकालने का निर्णय लिया गया और बेस्ट अखाड़े के करतबबाजों और झांकियों को कमेटी के द्वारा पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया. अखाड़ों का प्रदर्शन फुटबॉल मैदान में संध्या 7 बजे से रात 10 बजे तक होगा.

आज की बैठक में आदित्यपुर दुर्गा मंदिर अखाड़ा, इमली चौक सार्वजनिक हनुमान अखाड़ा, जय हनुमान अखाड़ा रेलवे फाटक, चुना भट्ठा अखाड़ा, वनांचल बजरंग अखाड़ा सालडीह आशियाना, बजरंग अखाड़ा सालडीह हरिमंदिर, लालू अखाड़ा चांदनी चौक मांझी टोला आदित्यपुर एक आदित्यपुर दो के भोला अखाड़ा, शिव काली मंदिर रोड नंबर 7, गमहरिया से पूंजी डूंगरी छोटा गमहरिया अखाड़ा, सार्वजनिक बजरंग अखाड़ा भगवान सिंह एवं बजरंग अखाड़ा फूलन सिंह के प्रतिनिधि शामिल हुए. अखाड़ा समिति के महासचिव श्रीराम ठाकुर ने सभी अखाड़ा के प्रतिनिधि एवं लाइसेंस धारक को अपने अपने बस्ती, मुहल्ले में मतदान महोत्सव में लोगों से मतदान के प्रति जागरूक करने एवं शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील करने का अनुरोध किया.

**अखाड़ा समिति**

- बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़े होंगे पुरस्कृत
- आदर्श आचार संहिता का पालन करने का निर्णय

### नोवामुंडी रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष बने अरुण



**नोवामुंडी।** नोवामुंडी शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी उत्सव को लेकर रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक अरुण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में रामनवमी अखाड़ा समिति का गठन किया गया. बैठक में नोवामुंडी के प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित हुए एवं सर्वसम्मति से रामनवमी अखाड़ा जुलूस समिति के संरक्षक स्वर्ण प्रसाद, अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, केन्द्रीय सचिव मंगल सुरेन को महासचिव, कोषाध्यक्ष राजेश पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष सचिन सेठ का चयन किया गया. साथ ही कार्यकारणी सदस्यों में शनि लोहार, फिरोज प्रसाद, विजय गुप्ता, राकेश राउत, कुन्दन प्रसाद, वीर करुवा, सन्नी कुमार तांती, प्रशांत साहु, के रूप में चयन किया गया. बैठक में बबलू झा, अरविंद ठाकुर, दीपक पाठक, मांगीलाल केराई, राकेश कुमार, अंकज कुमार मौजूद थे.

### शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष बने मुकेश अग्रवाल

**चैनपुर/पलामू।** रामनवमी पूजा को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर की बैठक गुरुवार को देवी मंदिर प्रांगण में हुई. बैठक में शाहपुर एवं आसपास के कई हिंदू धर्म प्रेमी शामिल हुए. बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में होने वाले खर्च पर विचार विमर्श किया गया एवं अध्यक्ष के द्वारा पिछले साल के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया. बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सह पुजारी राजेंद्र मिश्रा ने की जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया. बैठक के दौरान सर्वसम्मति मुकेश अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया एवं लोगों के द्वारा माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया. वहीं दीपक जायसवाल, सोनू जायसवाल, पंकज जायसवाल, सुनील गुप्ता, शशांक सुमन, मोनू जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है. मनोज जायसवाल, पिंटू जायसवाल को सचिव बनाया गया है.

### पटमदा में युवक की हत्या अधजला शव हुआ बरामद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे पटमदा थाना क्षेत्र के गोबरघुसी पंचायत स्थित अपो गांव के समीप चुड़बुडू पहाड़ से गुरुवार सुबह पुलिस ने एक युवक का अधजला शव बरामद किया है. युवक की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया है. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस से शव गृह में रखवा दिया है. इधर, पुलिस ने ग्राम प्रधान खगेंद्र नाथ सिंह समेत आसपास के दर्जनों ग्रामीणों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन किसी ने भी पहचानने से इंकार कर दिया है.

---

# पड़ोसी की हत्या के आरोप में मां व बेटे भेजे गये जेल

संवाददाता। चांडिल

चौका थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को पीट-पीटकर जान से मारने के आरोप में गुरुवार को मां-बेटे को जेल भेज दिया. घटना बीते मंगलवार की है. इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चौका थाना क्षेत्र के मातमकडीह टोला बांसडुंगरी में मां-बेटे ने मिलकर अपने पड़ोसी को इतना पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई. उसकी मृत्यु इलाज के दौरान एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में हुई. मृतक आरोपी का पड़ोसी प्रकाश मांझी है. चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस शक के आधार पर पड़ोसी मां-बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ किया. इस दौरान हिरासत में लिए गए सोमवारी मार्डी और राजेश मार्डी ने अपना जुर्म कबूल किया. इसके बाद पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

**अचेत अवस्था में ले गए थे अस्पताल**

मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को गांव में किसी का श्राद्धकर्म था. सभी नहाने के लिए एक साथ जलाशय गए थे. वापसी के बाद सभी अपने-अपने घर चले गए. वहीं कुछ देर बाद मृतक प्रकाश मांझी रास्ते में लहूलुहान अवस्था में अचेत गिरे मिले. इसके बाद परिजन व अन्य ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल चांडिल पहुंचाया. जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया गया था. एमजीएम अस्पताल में इलाज के दौरान प्रकाश मांझी की मृत्यु बुधवार को हो गई. बताया जा रहा है कि मृतक पड़ोस की रहने वाली सोमवारी मार्डी से बात कर रहा था. इसी बीच सोमवारी और उसके बेटे रोजश मार्डी ने लाठी-डंडा से पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया.

---

भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध गायक जयशंकर गाएंगे गीत

# साकची के बंगाल क्लब में जीण माता का 18वां वार्षिक महोत्सव दो को

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची साकची स्थित बंगाल क्लब में आगामी दो अप्रैल (मंगलवार) को श्री जीण माता का 18वां भव्य वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं. इस संबंध में श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष राजकुमार रिंगसिया और महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक मनीष खन्ना ने गुरुवार को संयुक्त रूप से दी है.

उन्होंने बताया है कि बंगाल क्लब के एसी हॉल में दोपहर 03 बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या 8:30 बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी. इससे पूर्व दोपहर दो बजे से जीण माता की पूजा और अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी.

**स्थानीय भजन गायक भी देंगे प्रस्तुति :** संस्थापक शंभु खन्ना ने बताया कि मंगलपाठ का वाचन करने के लिए जयपुर से रविश-सोनम की जोड़ी और भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध गायक कोलकात्ता से जयशंकर चौधरी तथा चंडीगढ़ से आशीष देशवाल आ रहे हैं. स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी भक्तों को झुमायेंगें. साज पर प्रताप शर्मा का म्यूजिकल ग्रुप रहेगा. साथ ही कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा. महोत्सव का यू-ट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जायेगा. मंगल पाठ का कूपन पहले आओ-पहले पाओं की तर्ज पर भक्तों के बीच बांट दिया गया है. महोत्सव की तैयारी में शंभु खन्ना, बजरंग लाल अग्रवाल, राजकुमार रिंगसिया, बिनोद खन्ना, सुनील देबुका, जगदीश खेमका, तुलसी खेमका, प्रमोद खन्ना और सुशील अग्रवाल का अहम योगदान रहा.



**जीण माता**

- जयपुर के रविश-सोनम की जोड़ी करेगी मंगलपाठ
- जीण माता की अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एन एच 49 पर माटियाल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर एक अज्ञात व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार विगत देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल होकर सड़क किनारे गिरा पड़ा हुआ था. जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद व्यक्ति की स्थिति को गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा हेतु जमशेदपुर अवस्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. वहीं मौके पर पहुंचकर बहरागोड़ा पुलिस अचेत घायल व्यक्ति का पहचान करने में जुटी हुई है. साथ ही मामले की जांच पड़ताल अपने स्तर से करने में लगी है.

---

**चुनाव**

खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन का काउंसिल मेंबर का चुनाव संपन्न

# किरीबुरु-मेघाहातुबुरु खदान से छह पदाधिकारी सदस्य चुने गये

संवाददाता। किरीबुरु

किरीबुरु-मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान में झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन के काउंसिल मेम्बर का चुनाव सम्पन्न हुआ. इस चुनाव में मेघाहातुबुरु से सहायक महाप्रबंधक (सर्वे) अवधेश सिंह, सहायक महाप्रबंधक (एफ एंड ए) मोहन कुमार, उप प्रबंधक (खान) प्रकाश कुमार गुप्ता तथा किरीबुरु से सहायक महाप्रबंधक (सिविल) उदय भान सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक (मिनरल्स) अनिल कुमार एवं एसीएमओ (एम एंड एचएस) डा0 मनोज कुमार को सर्व सम्मति से झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन के काउंसिल सदस्य के रुप में चुना गया.



सेल एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया (सेफी) के आह्वान पर जितने भी इस्पात मंत्रालय के अधीन पीएसयू है वहां के यूनिट में ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव अप्रैल 2024 तक कराने का निर्देश है. इसलिए बोकारो इस्पात संयंत्र के झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव समय से करा लेने का निर्देश जारी किया गया था.

झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन के कुल 11 काउंसिल मेम्बर है. जिसमें किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं गुआ से 3-3, चिरिया,मनोहरपुर और भवनाथपुर से 1-1 काउंसिल मेम्बर हैं. भवनाथपुर और चिरिया/ मनोहरपुर से एक-एक काउंसिल मेम्बर नोमिनेट हो चुके है. अब किरीबुरु और मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान से भी कुल 6 काउंसिल मेम्बर का चयन कर लिया गया. जबकि गुआ ने चुनाव की तिथि जारी नहीं की है. सारे खदानों से काउंसिल मेम्बर का चुनाव सम्पन्न होने के बाद ही झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न होगा. झारखंड खान समूह ऑफिसर्स एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष सह बीएसओए के उपाध्यक्ष अवधेश सिंह (सहायक महाप्रबंधक, खान सर्वेक्षण, मेघाहातुबुरु) एवं सचिव उदय भान सिंह राठौर हैं.

**खान समूह**

- झारखंड खान समूह ऑफिसर्स के कुल 11 काउंसिल मेंबर हैं
- किरीबुरु, मेघाहातुबुरु एवं गुआ से तीन-तीन सदस्य हैं

---

## न्यूज अपडेट

### एसडीएम ने इंटर स्टेट चेकनाका का किया निरीक्षण



**किरीबुरु।** पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार एसडीएम, पोड़ाहाट- चक्रधरपुर रीना हंसदा ने अहले सुबह अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत मनोहरपुर के जराईकेला स्थित इंटर स्टेट चेकनाका का औचक निरीक्षण किया. मौके पर एसडीएम ने पड़ोसी राज्य की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का गहन जांच किया गया, साथ ही उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को जांच के दौरान किसी भी तरह के संदिग्ध वस्तु, कैश इत्यादि पाए जाने पर तत्काल जप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया. एसडीएम ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का स्वच्छ एवं निष्पक्ष संचालन के निमित्त इंटर स्टेट चेकनाका पर वेव कास्टिंग के माध्यम से भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है. अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत उचित विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रशासन लगातार क्रियाशील है.

### उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र का एसएसपी ने किया दौरा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया. एसएसपी ने ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग के साथ एमजीएम थाना क्षेत्र के कालाज़ोर, भूसुरगुटु, नरगा, सुखलारा, दलदली, कुडलूंग, डालापानी और शीलपहाड़ी समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया. उन्होंने इन क्षेत्रों में मौजूद क्लस्टर और बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी मामलों की समीक्षा की. एसएसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव नजदीक है. ऐसे में सुदूरवर्ती इलाकों में क्लस्टर और बूथों में सुरक्षा संबंधी आवश्यकता का जायजा लिया जा रहा है, ताकि चुनाव के दौरान किसी तरह की समस्या ना उत्पन्न हो.

### डीसी ने चाईबासा मंडल कारा का किया निरीक्षण



**किरीबुरु।** पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त नेतृत्व तथा सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल देव बढ़ाईक व अन्य की मौजूदगी में देर रात चाईबासा मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया गया. औचक निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं पुलिस जवानों के द्वारा अलग-अलग टीम में विभक्त होकर जेल परिसर के अंदर विभिन्न कैदी वार्ड का अवलोकन किया गया. इस दौरान कैदी वार्ड के अलावा मंडल कारा परिसर के भीतर भोजनालय, भंडार कक्ष, संधारित पंजी, दवाइयां की उपलब्धता आदि का जायजा लिया गया.

### खड़ी हाइवा से टकराया ट्रेलर, केबिन में फंसा चालक



**आदित्यपुर।** टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार की अहले सुबह बेबको मोटर्स के समीप खड़े हाइवा में कांड्रा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी. हादसा इतना जबरदस्त था कि टेलर का चालक टेलर के केबिन में ही फंस गया है. जिसके निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं और गैस कटर की टीम बुलवाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया है. हालांकि चालक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है. उधर हाइवा चालक हाइवा छोड़ फरार हो गया है. बता दे कि आए दिन उक्त मार्ग पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों की वजह से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं.

### वकीलों ने अपनी मांगों को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान



**जमशेदपुर।** जिला व्यवहार न्यायालय भवन की लिफ्ट ठीक करने समेत तीन मामलों को लेकर वकीलों ने सामूहिक रूप से जिला रजिस्ट्रार को एक मांग पत्र सौंपा है. इसकी प्रति झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को भी प्रेषित की गई है. इन मांगों के समाधान के लिए वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने बताया कि जिला न्यायालय भवन की दोनों लिफ्ट प्रायः खराब रहती है. इससे बुजुर्ग वकील एवं पक्षकारों को पहले और दूसरे तल पर जाने में तकलीफ हो रही है. किसी-किसी कोर्ट रूम में वकीलों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच नहीं है और उनकी नियमित सफ़ाई नहीं होती है, धूल जमी रहती है.

### बाल मेला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विजेता पुरुस्कृत



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड की उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजापरम में गुरुवार को एस्पायर संस्था की ओर से बाल मेला का आयोजन किया गया.इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुश पूर्ति उपस्थित थे.बाल मेला का शुभारंभ मुखिया कुश पूर्ति ने फीता काटकर किया.इस दौरान बच्चों ने चित्रांकन, रंगोली,कविता पाठ,गीत,नृत्य समेत अन्य समेत अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई. वहीं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.इस बाल मेला में उत्क्रमित विद्यालय कुकराडीह, करंजो एवं राजापारोम के छात्र छात्राएं शामिल हुए. मुखिया कुश पूर्ति ने कहा कि बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए इस तरह का आयोजन किया जाना अच्छी पहल है.

### जेकेएम शैक्षणिक संस्थान में बाहा मिलन समारोह



**घाटशिला।** जेकेएम शैक्षणिक संस्थान में गुरुवार को बाहा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बाहा मिलन संथाली विभाग के प्रो. प्रामिला माझी एवं दूली रानी मुर्मू के द्वारा किया गया. बाहा मिलन समारोह में सभी संथाली के विद्यार्थियों ने साल के वृक्ष पर नायके की देखरेख में पूजा अर्चना किया.यह बाहा पर्व, प्रकृति से अच्छे बारिश की कामना करते हैं, जिससे की अच्छी फसल हो सके. इस बाहा मिलन समारोह में सभी एक दूसरे को साल के फूल देकर सभी एक दूसरे के जीवन में सुख, समृद्धि की कामना किया. संथाली विद्यार्थियों नें अपना सांस्कृतिक नृत्य एवं मांदर और नागडे के धुन से स्वयं गाना गाकर सबों का मन मोह लिया.

### छात्र और कर्मियों को प्राचार्य ने किया सम्मानित



**घाटशिला।** बाहा मिलन समारोह के आयोजन समिति के सदस्यों को प्राचार्य डॉ. आर के चौधरी ने अंगवस्त्र देकर गुरुवार को सम्मानित किया. प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव को लेकर लगे आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर इन सदस्यों ने बहुत ही अनुशासित ढंग से बाहा मिलन समारोह के आयोजन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय है. प्राचार्य डॉ चौधरी ने इस मौके पर संथाली विभाग के प्राध्यापक मानिक मार्डी, बसंती मार्डी,राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. विकास मुंडा, कर्मचारियों में रघुनाथ मुर्मू, दीपक टोप्पो, अशोक दास सहित अन्य को अंग वस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया.

### केरेडारी के पताल गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया

# हिंदू धर्म में प्राण प्रतिष्ठा एक पवित्र अनुष्ठान है : मनकु महतो

संवददाता। केरेडारी

प्रखंड क्षेत्र के पताल गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भूमि पूजन हुआ. मंदिर से लेकर देवी मंडप तक वैदिक मंत्रोचार के साथ ध्वजारोहण व भूमि पूजन किया गया. वैदिक संस्कृति से मंत्रोच्चारण की विधि यज्ञाचार्य नरेश पांडे, सुरेश पांडे व मंडली केरेडारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.



अनुष्ठान का यजमान सत्यनारायण गोप, घुनेश्वर महतो, मोहन गोप, सोहर महतो, लालदेव महतो, धनेश्वर महतो, अपनी-अपनी पत्नी के साथ पूजा किये. पूजन के बाद ध्वज पूजा कर ध्वज स्थापित की गई. इसके पश्चात बाजे के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया गया. वैदिक संस्कृति के मंत्रोच्चारण और जय श्री राम व जय शिव शंकर भोलेनाथ के नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा. बताया गया कि शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि 11 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ शुरू होगा. महायज्ञ के सफल आयोजन और संचालन के लिए अध्यक्ष मनकु महतो ने कहा हिंदू धर्म परंपरा में प्राण प्रतिष्ठा एक पवित्र अनुष्ठान है. जो किसी मूर्ति या प्रतिमा में उसे देवता या देवी का आह्वान कर उसे पवित्र या दिव्य मानने के लिए किया जाता है. प्राण शब्द का अर्थ है जीवन, जबकि प्रतिष्ठा का अर्थ है स्थापना. ऐसे में प्राण प्रतिष्ठा का अर्थ है प्राण शक्ति की स्थापना या देवता को जीवंत स्थापित करना. संरक्षक सोहर महतो ने कहा कि करीब लाखों रुपये की लागत से शिव मंदिर का निर्माण किया गया है. मौके पर उपस्थित यज्ञ समिति के कार्यकारी उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव मोहन गोप, रामचरण महतो, उप सचिव वीरेंद्र महतो, सत्यनारायण गोप, कोषाध्यक्ष घुनेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, सोमर गंझू व दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भक्त उपस्थित थे.

### राम भक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना

**बड़कागांव ।** बीते दिनों पावन धाम अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्री राम के मंदिर उद्घाटन के होने के साथ ही देश भर से धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम पहुंच रहा है. इसी अवसर पर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के सिकरी गांव से एक बस में लगभग साठ की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या दर्शन और प्रभू श्री राम के पूजन के लिए निकला. इस जत्थे में सिकरी से कैलाश पांडेय, फूलचंद गिरी, महावीर साव, विशेश्वर गिरी, युगेश्वर साव, समल बैठा, कोयली साव, गणेश साव, किशोर राणा, लालदेव सिंह, पृथ्वीराज गुप्ता, शैलेश सिंह, सैनाथ महतो, प्रतिमा देवी, कामेश्वर महतो, सुमित्रा देवी, शीला देवी, सुलेखा देवी और महादेव सिंह समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे. प्रखंड वासियों ने जत्था में शामिल धर्म प्रेमियों के मंगलयात्रा की कामना की.

# मंडपा में महायज्ञ के लिए भूमिपूजन और ध्वजारोपण



संवाददाता। टाटीझरिया

प्रखंड के मंडपा में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का शुभारंभ 13 अप्रैल को किया जाएगा. यह 17 अप्रैल तक चलेगा. मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया. इसके पूर्व भक्तों ने भव्य शोभायात्रा निकाली. जिसमें मुखिया कांति देवी, पंसस राजेश यादव, आदित्य कुमार, सुरेश यादव और प्रदीप सिन्हा समेत गांव के महिला व पुरुष शामिल थे. वहीं यज्ञ स्थल पर पूजा-अर्चना कर ध्वजारोपण किया गया. ध्वजारोपण का कार्य यज्ञाचार्य विवेक शास्त्री सहयोगी द्वारा वैदिक रीति से किया गया. भूमि पूजन में यजमान के रूप में दीपक साव समेत कई लोगों ने भाग लिया. यज्ञ को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष राजेश यादव, संचालक राजू रंजन, लोकनाथ गोप, सलाहकार अनिल यादव और सहदेव यादव शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुआ भूमि पूजन

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के तुईयो पंचायत के बुचई गांव में होने वाली 11 दिवसीय श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन व ध्वजारोहण किया गया. इसको लेकर कथावाचिका कृष्ण नंदी वृंदावन और यज्ञाचार्य प्रकाश पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रुप से वैदिक मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया. इसके बाद गाजे-बाजे के साथ क्षेत्र भ्रमण किया गया. जिसमें पूरा इलाका वैदिक संस्कृति के मंत्रोच्चारण, जय श्री राम के नारों और जय मां दुर्गा से गूंज उठा. जानकारी हो कि आगामी नौ अप्रैल से भव्य कलश शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा. मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष शर्मा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, शंकर यादव, परमेश्वर, संजय यादव, सिकंदर, सहदेव तेजलाल राणा, संतोष, त्रिवेणी यादव, सरोज, राजकुमार राणा समेत कई लोग उपस्थित थे.

### चरही में कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**चरही।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. घटना चरही थाना क्षेत्र के एनएच 33 पर ओवरब्रिज के पास बुधवार शाम को हुई. शाम लगभग 7:30 बजे एक कार ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की जानकारी मिलने पर चरही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने सभी घायलों को मांडू सरकारी अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया. जानकारी के अनुसार चुरचू थाना क्षेत्र के ग्राम चिचिकला निवासी दशरथ मुर्मू अपने पुत्र बहादुर मुर्मू, 18 वर्ष, के साथ बाइक से चुरचू से अपने ससुराल फुसरी सिंगाड़ाटोला जा रहे थे. उसी दौरान चरही ओवरब्रिज के समीप हजारीबाग की ओर से आ रहे मारुति कार ने दोनों बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए चपेट में ले लिया. जिससे दोनों बाइक सवार दूर जाकर गिर पड़े. इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.

### भारी मात्रा में अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा) ।** पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अफीम बरामद किया. साथ ही पुलिस इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई. हालांकि इस संबंध में पुलिस औपचारिक तरीके से कुछ भी कहने से परहेज कर रही है. बताया जाता है कि इस छापेमारी में एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता शामिल थे. वहीं एसपी विकास कुमार पांडेय दोपहर गिद्धौर थाना पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली. प्राप्त जानकारी के अनुसार बरामद अफीम की मात्रा 15 किलो के करीब बताई जा रही है.

### मामूली विवाद में महिला की पीट-पीट कर हत्या

**कुंदा (चतरा) ।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ककनातू गांव में मामूली विवाद में 43 वर्षीय विवाहिता अंजू देवी (पति सरजू चौधरी) की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. बताया जाता है कि आपसी घरेलू विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ. विवाद इतना बढ़ गया कि प्रथम पक्ष के लोगों ने द्वितीय पक्ष की महिला को बुरी तरह से पिटाई कर दी. वहीं महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इसमें दोनों पक्षों से आवेदन दिया गया है. प्रथम पक्ष से कुल 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जेपी पटेल का किया स्वागत

# पिता का सपना होगा साकार: पटेल

संवाददाता । हजारीबाग



**मिलकर लड़ेंगे**

- पटेल ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा
- जेपी पटेल वंशानुगत राजनीतिक कार्यकर्ता हैं

कांग्रेस ने मांडू विधायक जेपी पटेल को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बना दिया. उम्मीदवार बनाये जाने के बाद बरही के कांग्रेसियों ने हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय में जेपी पटेल से मुलाकात करते हुए उन्हें बधाई दी. बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश भाई पटेल का स्वागत किया. जेपी पटेल के साथ धार्मिक न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव भी मौजूद थे.

जेपी पटेल ने कहा कि वह अपने पिता के सिद्धांत पर चल रहे हैं. उनके सपने को साकार करने के लिए भाजपा में थे. पर भाजपा की कार्यशैली समझ में नहीं आ रही थी. वह विकास करने नहीं दे रही थी. यही कारण रहा है कि भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामना पड़ा. लेकिन उनका सपना होगा साकार. दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि जेपी पटेल वंशानुगत राजनीतिक कार्यकर्ता हैं. कहा कि गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक रहे झामुमो नेता स्व. टेकलाल महतो की पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी. महाजनी प्रथा व धान पेडी की लेवी के खिलाफ चलाये गये आंदोलन के अलावा झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनकी सक्रियता रही. उन्होंने बिनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर शिवाजी समाज का गठन कर बाल विवाह के अलावा अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया था. साधारण धोती-कुर्ता और कंधे पर हमेशा एक हरा गमछा उनकी पहचान थी.

वारसी ने कहा कि वर्ष 1997 में एकीकृत बिहार विधानसभा में टेकलाल महतो ने ही सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित कराया था. इनके पिता स्व. दौलत महतो साधारण किसान और माता स्व. रेशमी देवी गृहिणी थीं. तीन भाइयों में मंझले टेकलाल महतो का जन्म 15 फरवरी 1945 को हुआ था. रांची से एलएलबी की पढ़ाई की थी. शिक्षा विभाग में उन्हें नौकरी मिली थी, लेकिन जनसेवा के जुनून के कारण नौकरी छोड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गये. वारसी ने कहा कि 70 के दशक में हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के लकमा में महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय ग्रामीण साधु, सैयनाथ व शनिचर महतो की मौत सीआरपीएफ की गोली से हो गयी थी. इस आंदोलन का नेतृत्व टेकलाल महतो कर रहे थे. उन्होंने धान पेडी की लेवी को काला कानून बताया था. इसके तहत किसानों को दस रुपये क्विंटल की दर से धान सरकार को बेचना था. झारखंड व छोटानागपुर क्षेत्र के किसान इसके खिलाफ गोलबंद हुए. आंदोलन की अगुवाई कर रहे टेकलाल का कहना था कि सिंचाई की सुविधा नहीं है तो लेवी भी नहीं देंगे. इस आंदोलन ने संयुक्त बिहार सरकार को हिला दिया था.

### इंडी गठबंधन की बैठक में जीत के फार्मूले पर हुई चर्चा

**विष्णुगढ़ ।** मांडू विधायक जेपी पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद गुरुवार को जेएमएम कार्यालय में इंडी गठबंधन की पहली बैठक हुई. बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से चुनावी समर में बतौर कांग्रेस प्रत्याशी कूदे जयप्रकाश भाई पटेल की जीत को लेकर माथापच्ची की गई. इसमें जातीय और सामाजिक समीकरण के आधार पर जीत के दावे किए गए. जीत के दावे में कितना दम है इसका पता तो मतगणना के बाद ही पता चल पायेगा. वैसे बीते विधानसभा चुनाव में वे हारते हारते बमुश्किल जीत पाए थे. बैठक में वही चेहरे थे, जो भाजपा के कार्यक्रमों में प्रमुखता से दिखते थे. हालांकि जेपी पटेल के समर्थक और उनके साथ कांग्रेस में आये कार्यकर्ताओं ने उनकी जीत का दावा भी किया है. अल्पसंख्यक व स्वजातीय मतदाताओं की कांग्रेस के पक्ष में गोलबंदी के भरोसे जीत का दावा किया गया. इंडी गठबंधन की ओर से विधायक पटेल को हजारीबाग से प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस प्रभारी राजेश ठाकुर, झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तथा कल्पना सोरेन के प्रति आभार जताया.

# गौरियाकरमा में अपराध समीक्षा बैठक

संवाददाता। बरही



प्रखंड के गौरियाकरमा पंचायत मुख्यालय में अपराध समीक्षा बैठक हुई. बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के निर्देश पर बरही थाना की ओर से बैठक की गई. इसमें मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम सहित कई वार्ड सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे. मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम ने बताया कि बैठक में बरही थाना के सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने पंचायत को अपराध मुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया. उन्होंने बताया कि छोटे मोटे मामले को ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुलझाए. प्राथमिकी या अन्य कानूनी पेंच में जाने से ग्रामीणों को रोकें. इसके साथ ही आपराधिक छवि के लोगों पर निगरानी रखने और अवैध कारोबार करने वालों की जानकारी थाना को देने की बात कही गई. पंचायत को अपराधमुक्त व शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई थी. बैठक के संबंध में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने बताया कि बरही को शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त बनाने के लिए बरही पुलिस दृढ़संकल्पित है. वर्तमान में लोकसभा का चुनाव की घोषणा हो चुकी है. इसे स्वच्छ और शांत वातावरण में करवाने के लिए पुलिस प्रशासन संकल्पित है. इसी उद्देश्य से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों संग बैठक कर वस्तुस्थिति से जानकारी ली जा रही है. बैठक में संजय कुमार वर्मा, मनौवर आलम और प्रकाश प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे.

### रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**गिद्धौर (चतरा) ।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर ऊपर मुहल्ला व नीचे मोहल्ला में ग्रामीणों की बैठक हुई. ऊपर मुहल्ला के ग्रामीणों की बैठक लोटार स्थित भास्कर स्वालंबन में हुई. जिसकी अध्यक्षता शंकर दांगी व संचालन भास्कर स्वालंबन क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने किया. बैठक में उपस्थित लोगों ने रामनवमी पूजा में झांकी प्रस्तुति करने तथा मंगलवार से मंगला जुलूस निकालने का भी निर्णय लिया. जिसे लेकर संचालन समिति का गठन किया गया. बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मुकेश कुमार अध्यक्ष, प्रभात कुमार को उपाध्यक्ष, क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार को सचिव रंजन कुमार कुशवाहा उर्फ मंटू को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया.

# पीएम मोदी का संदेश घर-घर पहुंचाना है : अन्नपूर्णा देवी

संवददाता। झुमरीतिलैया



भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी, मंडल प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्री की बैठक हुई. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास चाराडीह में बैठक हुई.

बैठक में अन्नपूर्णा देवी के अलावा कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, कोडरमा विधानसभा प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद भी थे. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया. बैठक में कमेटी ने विचार विमर्श किया. अन्नपूर्णा देवी ने कहा सभी मंडल अध्यक्ष अभी से बूथ अध्यक्षों के साथ एवं शक्ति केंद्र के प्रभारी के साथ बैठक करें. बूथ सम्मेलन एक सप्ताह के अन्दर करें व मोदी का संदेश घर-घर पहुंचाएं. डॉ नीरा यादव ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष आज से ही सभी घरों में जाकर मोदी के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दें. लाभुकों के घर-घर जाकर कहें कि पीएम मोदी ने आपको प्रणाम कहा है. अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाने के लिए अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजयी बनाएं.

# वोट जरूर करें, ताकि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो : प्रिंसिपल

संवाददाता। हजारीबाग



**अनोखी पहल**

- रिपोर्ट कार्ड के साथ ही जागरुकता पर्ची दी गई
- अभिभावकों का स्वागत डुगडुगी बजाकर किया गया

शहर से 12 किलोमीटर दूर कटकमदाग के फताह चौक के समीप स्थित जमुआरी में ग्रीन वैली स्कूल ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनोखी पहल की. स्कूल के प्रिंसिपल विश्वेन्दु जयपुरियार ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के बाद शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक मीट का आयोजन कर रिपोर्ट कार्ड दिए गए हैं. वहीं कहा चुनाव को देखते हुए उन्होंने नई शुरुआत करते हुए रिपोर्ट कार्ड के साथ हर अभिभावक को वोट डालने को लेकर एक जागरुकता पर्ची दिया. इस पर्ची में मतदान और मताधिकार को लेकर कई स्लोगन लिखे हुए थे. प्रिंसिपल ने कहा कि इसके अलावा स्कूल आने वाले अभिभावकों का स्वागत विद्यार्थियों ने डुगडुगी बजाकर और वोट डालने का नारा लगाकर किया. कहा कि चुनाव को लेकर डीसी नैंसी सहाय के नेतृत्व में जिला प्रशासन लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चला रहा है. ऐसे में उन्होंने भी स्वतः ही इस अभियान का हिस्सा बनने का सोचा. इसी के तहत स्कूल में यह अनोखी पहल की. कहा कि यह अभियान फिलहाल चलता रहेगा ताकि इस इलाके के वोटर्स तक 20 मई को मतदान करने का संदेश स्कूल ऐसे ही अपने स्तर से पहुंचाता रहे. इस दौरान शिक्षक नितिन हंस, प्रकाश हंस, शिक्षिकाओं में सुजाता, अंजू मिश्रा, निशा कुमारी, मिला बांडो और कविता सिन्हा ने सहयोग करते हुए हर एक अभिभावक को मतदान के लिए जागरूक किया.

### उपायक्त ने किया जेल का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग ।** डीसी नैंसी सहाय और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में औचक निरीक्षण किया. जिला प्रशासन की टीम ने करीब ढाई घंटे तक हजारीबाग जेल के अस्पताल, कैंटीन, बैरक और अन्य जगहों का निरीक्षण किया. हालांकि केंद्रीय कारागार से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुए. निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम शैलेश कुमार समेत सात दंडाधिकारी और 100 पुलिस जवान मौजूद थे. नैंसी सहाय और अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया है. यह हर एक या दो माह में की जाती है. इसी कड़ी में आज जेल में औचक निरीक्षण किया गया. उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जेल से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुए. कहा कि जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर बिंदुओं पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है. बताया कि चुनाव को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है.

# अब्सेंटी वोटर्स मामले को लेकर बैठक

संवाददाता। हजारीबाग



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकसभा चुनाव में आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता (अब्सेंटी वोटर्स) को डाक मतपत्र (पोस्टल बैलट) द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक हुई. बैठक में आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस, कारा, रेलवे, मीडिया, बिजली, बीएसएनएल, डाक, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन सेवाओं के प्रतिनिधि शामिल थे.

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डाक मतपत्र संबंधित सभी प्रक्रियाओं एवं तकनीकी बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी. उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों/कर्मियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा. बैठक में सभी संबंधित विभागों द्वारा ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाने को कहा गया जो मतदान दिवस के दिन ड्यूटी में रहेगें और आवश्यक सेवा में होने के कारण उन्हें मतदान करने के लिए अवकाश नहीं मिल सकेगा. आवश्यक सेवा के ऐसे सभी पदाधिकारी और कर्मी डाक मतपत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपने विभाग/कार्यालय के नोडल पदाधिकारी के माध्यम से फॉर्म 12 (डी) प्रस्तुत करेंगे. इसके जांचोपरांत निर्वाची पदाधिकारी द्वारा उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र निर्गत किया जाएगा.

उक्त डाक मतपत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर दी जाएगी. बैठक में पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिए जाने वाले फॉर्म 12 (डी) की जानकारी दी गयी. बैठक में कहा गया कि सभी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें और अपने संस्थान/विभाग से एक ही दिन सभी अब्सेंटी वोटर्स को लेकर आयें ताकि डाक मतपत्र से मतदान की बारीकियों को समझने में आसानी हो. डीसी ने बताया कि मतदान दिवस के छह दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के तीन दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं.

**लोस चुनाव**

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर वोटर अवेयरनेस फोरम की हुई बैठक

# कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे: डीसी

संवाददाता। रामगढ़



**ली शपथ**

- 48 वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया
- डीसी ने ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर गुरुवार को वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक हुई. शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने इसकी अध्यक्षता की. बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता के लिए 48 वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है.

यह मतदाता प्रतिशत में वृद्धि के लिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है. डीसी ने सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया. साथ ही डीसी ने सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में जानकारी दें. डीसी ने सभी सदस्यों को ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में किसी भी मतदाता तथा उनके परिजनों के नाम की जांच करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही. कहा कि जो मतदाता किसी अन्य राज्य के हैं और संबंधित लोकसभा क्षेत्र में रह रहे हैं, जिनका मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं बना है, वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म छह भर कर निवास कर रहे लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं.

साथ ही किसी मतदाता परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें तत्काल वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र छह भरकर मतदाता के रूप में उन्हें निबंध करने के लिए प्रेरित करने का अपील किया गया. बैठक में डीसी ने निर्वाचन के दौरान सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों का अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया. इस संबंध में डीसी ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए. जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी संस्थान सरकारी या गैर सरकारी मतदान के लिए छुट्टी में गए कर्मियों के वेतन में कटौती नहीं कर सकती है. अगर ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित संस्थान पर ईसीआई के निर्देशानुसार सेक्शन 135बी के तहत कार्रवाई की जाएगी. डीसी ने सभी सदस्यों व पदाधिकारी को मतदाता जागरुकता शपथ भी दिलाई.

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को प्रबुद्धजनों ने दी बधाई

संवाददाता। प्रतापपुर (चतरा)



चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित उम्मीदवार कालीचरण सिंह से जिले के प्रतापपुर प्रखंड के प्रबुद्ध व अल्पसंख्यक समुदाय के लोग गुरुवार को उनके चतरा स्थित आवास पर मिले. उन्होंने कालीचरण से मिलकर मुलाकात कर जीत की अग्रिम बधाई दी. मिलने आये लोगों ने भावी सांसद को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी. मिलनेवालों में भाजपा नेता कपिल पासवान, मिस्टर दाउद ईमाम, अशोक वर्मा, मोजिब ईमाम, नौशाद आलम, रासो खान, डुमरवार के रामजी पासवान, रामपुर पंचायत के कासिफ रजा, फिरोज आलम, अड्डु खान, शाहबाज खान, मोहम्मद जिलानी, अनिश आलम, नेहाल खान, आजो खान, सिरत फातमा, मोकर्रम अंसारी के अलावे कई लोग शामिल थे. सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में रिकार्ड तोड़ जीत दिलाने का संकल्प लिया. सिंह ने सभी से कहा कि मैं आप सबों के बीच का ही एक साधारण कार्यकर्ता हूं. जिसपर भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. इसका निर्वहन हम सब को साथ मिलकर करना है. भाजपा के विकास की नीति पर चलकर चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता के सुख दुख में मैं हरपल साथ रहुंगा.

## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धन के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. पार्टनर से मतभेद दूर होंगे. पहले किए गए कार्यों के उत्तम परिणाम आज देखने को मिलेंगे. लेन-देन करार की चिंता रहेगी. डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है. चोट मोच से बचें.

**वृषभ** किये गये कार्य लाभकारी रहेंगे. साझेदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा. संतान, भाइयों से मदद मिल सकेगी. कारोबारी अनुबंध होंगे. योजना फलीभूत होगी. प्रतिष्ठा बढ़ेगी. प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन** संतान सुख में वृद्धि होगी. राजकीय बाधा दूर होगी. पूजा-पाठ में मन लगेगा. चिंता रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा में सावधानी आवश्यक है. जल्दी में कोई काम न करें. कार्यक्षमता बढ़ेगी.

**कर्क** समय सामान्य है. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं. पठन-पाठन के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी. किसी के दिखावे, आडंबरों से दूर रहना चाहिए. अन्न दान करें.

**सिंह** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ बढ़ेगा. परिवार में वैवाहिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी. पत्र, सूचना मिलेगी. व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन हो पाएगा. सूर्य को जल दें.

**कन्या** प्रसन्नता बनी रहेगी. बाहरी सहयोग सहज ही मिलेगा. व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी. दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा. पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा. कामकाज के संभावनाएं बनेंगी. अपने काम से काम रखना होगा.

**तुला** समय बहुत ही उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. व्यावसायिक समस्याओं का समाधान संभव है. दूसरों की मदद करके मानसिक संतोष मिलेगा. रुके कार्यों की चर्चा होगी.

**वृश्चिक** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. काम में मन नहीं लगेगा. धैर्य रखें. आर्थिक तंगी रह सकती है. लापरवाही, टाल-मटोल से समस्याओं को नहीं बढ़ाएं. कामकाज में विलंब होगा. किसी करार, लेख में धोखा संभव है.

**धनु** मेहनत का फल मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी. व्यापारिक विवादों का निपटारा आपके पक्ष में हो सकेगा. अनजान लोगों पर विश्वास नहीं करें. नौकरी में अधिकारी प्रसन्नता दर्शाएंगे.

**मकर** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. स्वाभिमान बना रहेगा. प्रयास करते रहें. संबंधों में सुधार की संभावना है. लापरवाही से काम नहीं करें. घर में खुशी का माहौल रहेगा. हितकारक व्यक्तियों से भेंट होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा.

**कुंभ** कार्य होगा और उसकी सराहना होगी. सत्संग का लाभ मिलेगा. सोचे काम समय पर पूरे होंगे. व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य हो सकते हैं. सामाजिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखें. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** किसी से विवाद से मन खिन्न होगा. फालतू खर्च होगा. धैर्य रखें. परिवार की समस्याएं हल होंगी. वाणी पर संयम रखें. व्यापार अच्छा चलेगा. लिखा-पढ़ी के कामों में सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा.

## भारतीय हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए राज्य की 10 खिलाड़ी आमंत्रित



**रांची।** बेंगलोर के साई सेंटर में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक आयोजित सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की 10 खिलाड़ी को आमंत्रित किया गया है. इन 10 खिलाड़ी में निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, सोनल मिंज और महिमा टेटे, प्रमिला कुमारी, अंजना डुंगडुंग और अनीशा डुंगडुंग शामिल हैं. सभी खिलाड़ी का चयन 13 से 23 मार्च तक पुणे में आयोजित हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया. साई रांची के सीनियर महिला हॉकी खिलाड़ियों का स्थानांतरण सीनियर साई एकसिलेंसी सेंटर कोलकोता में हो गया है इसलिए झारखंड के कई खिलाड़ी अब सीनियर नेशनल में हॉकी बंगाल का प्रतिनिधित्व करते है. सीनियर के अलावा जूनियर इंडिया टीम के कैंप में भी झारखंड की नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान, निराली कुजूर, निशा मिंज और संजना होरो को आमंत्रित किया गया है. सीनियर कैंप के लिए आमंत्रित 10 खिलाड़ियों में से छह खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, सोनल मिंज, दीपिका सोरेंग और रोपनी कुमारी रांची रेलवे में कार्यरत है.

## झारखंड पार्टी (एनोस) पांच सीटों पर लड़ेगी चुनाव, घोषणा दो अप्रैल को

**रांची।** झारखंड पार्टी (एनोस) झारखंड के पांच लोकसभा से चुनाव लड़ेगा. इसकी घोषणा दो अप्रैल को की जाएगी. पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक दो अप्रैल को बुलायी गयी है. इसमें सीटों पर प्रत्याशी तय की जाएगी. पार्टी चाईबासा, खूंटी, लोहरदगा, राजमहल और हजारीबाग सीट से चुनाव लड़ेगी. यह जानकारी पार्टी प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने दी.

---


युवा वोटर

### शुभम संदेश और लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर....

# सरकार युवाओं को रोजगार देने की पहल करे


लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की गतिविधियां तेज होती जा रही हैं. राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों का फोकस युवा मतदाताओं को रिझाने पर है. सभी खास कर वैसे युवाओं को टार्गेट कर रहे हैं, जो पहली बार वोट दे रहे हैं. सभी पार्टियां और प्रत्याशी युवाओं पर फोकस कर रहे हैं. युवा वर्ग राजनीति में खासा दिलचस्पी दिखा रहा है. झारखंड के युवा मतदाता भी देश की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए लोकतंत्र के महापर्व का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. झारखंड के 22,33,738 युवा वोटर पहली बार वोट डालेंगे. राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में इन युवा वोटरों के वोट निर्णायक होंगे. वैसे युवा वोटरों की चाहत है कि उनके लिए जो रोजगार की गारंटी देगा, उसे ही वे भी प्राथमिकता देंगे. युवा चाहते हैं कि ऐसी सरकार आये, जो युवाओं से ज्यादा रोजगार का सृजन करे. युवा वोटरों की चुनाव और देश की राजनीति को लेकर क्या राय है. हमने अपने सहयोगी न्यूज पोर्टल लगातार डाट इन पर युवाओं की राय मांगी थी. सैकड़ों युवाओं ने हमें अपनी राय भेजी है. युवाओं की सोच उनके नजरिए को हम दैनिक शुभम संदेश में चरणबद्ध प्रकाशित कर रहे हैं.

### राज्य से बेरोजगारी की समस्या दूर होनी चाहिए : सुरभि गुंजन



झारखंड राज्य को एक स्थिर सरकार की जरूरत है. बेरोजगारी यहां की सबसे बड़ी समस्या है, जिसको लेकर युवाओं में आक्रोश रहता है. झारखंड राज्य में खेलकूद के अवसर को और बढ़ावा मिलना चाहिए. सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि यहां के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके, क्योंकि रोजगार की तलाश में यहां से बड़ी संख्या में युवा पलायन कर जाते हैं. सरकार को नियुक्ति नियमावली बनाकर इसकी पहल करनी चाहिए.

### रोजगार का सृजन हो, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जरूरत : राजीव



हमें तो लगता है कि झारखंड में जितनी भी पार्टियां हैं, सभी के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं. भाजपा पाक-साफ पार्टी है. सरकार चाहले केंद्र की हो या राज्य की, सभी को रोजगार पर ध्यान देने की जरूरत है. क्योंकि आज समाज में बेरोजगारी की समस्या बढ़ गयी है. इसके आलवा सरकार को भ्रष्टाचार पर ?अंकुश लगाने की जरूरत है. क्योंकि बिना भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए राज्य का विकास संभव नहीं.

### रोजगार की गारंटी देनेवाले नेता के पक्ष में ही वोट देंगे : शेखर कुमार




पूरे देश से भ्रष्ट और जुमलेबाज मंत्री -विधायक को बाहर करना है, और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाना है. ऐसी पार्टी व ऐसे नेता के लिए वोट करना है, जो युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी दे. आज देश में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है. सरकार को विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए पहल करनी चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें. आज देश में रोजगार के अवसर कम हो गये है. सरकार को बेरोजगारों की चिंता करनी चाहिए.

### किसानों को हर तरह का सुविधा मुहैया कराए सरकार: करमचंद घोष



झारखंड के किसानों को ट्रैक्टर खरीदने पर 20 से 50 फीसदी राशि की छूट दी जाए और पैसे सीधे खाते में हस्तांतरित कर दिए जाएं. यानि यदि ट्रैक्टर की कीमत 8 लाख रुपये है, तो किसान को अपनी जेब से सिर्फ 4 लाख रुपए का ही भुगतान करना पड़े. और बाकि 4 लाख रुपये का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाए. किसान हमारे देश के अन्नदाता है. किसानों को जितनी ज्यादा सुविधाएं सरकार देगी, वे उतना ही अनाज पैदा कर देश की सेवा करेंगे.

### युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी देनेवाले को वोट करेंगे: शालिनी



भारतीय लोकतंत्र कागजी लोकतंत्र है. यहां किसी भी पार्टी में लोकतंत्र नहीं है. सभी पार्टियों में डिक्टेटरशिप चलती है. पार्टियों में लोकतंत्र हवा-हवाई है. दिखावे के लिए नियम, कानून बनाया जाता है, तकि भोली भाली जनता को मूर्ख बनाया जा सके. ऐसे में युवाओं को सोच समय कर ही वोट करना चाहिए. साथ ही ऐसी सरकार बनाने के लिए वोट करना चाहिए, जो युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी दे.

### हर सेक्टर में रोजगार के अवसर पैदा किए जाएं : शरत चंद्र मुंडा



मुझे कोई लालच नहीं दे सकता, क्यूंकि मैं अपना वोट नहीं बेच सकता. मेरे नजरिये से केंद्र की भाजपा सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है. हालांकि सरकार को अब युवाओं को रोजगार देने के लिए पहल करनी चाहिए, सरकार को चाहिए कि हर सेक्टर में रोजगार के अवसर पैदा हो. सभी को सरकारी नौकरी तो नहीं मिल सकती, लेकिन ऐसी व्यवस्था करने की चाहिए प्राइवेट सेक्टर में भी ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके.

### छात्रों-बेरोजगारों का ध्यान रखने वाला सांसद चुनेंगे: विवेक माईती



हम ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहते हैं, जो छात्रों की छात्रवृत्ति और बेरोजगारों के रोजगार के लिए पहल करे. हमारी समस्याओं को संजीदगी से समझने और उचित मंच पर रखने वाला ही हमारा सांसद होना चाहिए. ऐसा सांसद जो शिक्षा, रोजगार और युवाओं के सुंदर भविष्य का वादा कर सके, न कि चुनाव जीतने के बाद वादा तोड़े. आज देश में रोजगार की बड़ी समस्या है.

### जल्द से जल्द युवाओं को रोजगार दिया जाए : कमल किशोर पान



मेरा विचार है कि जल्दी से जल्दी युवाओं को रोजगार दिया जाए. जिसकी उम्र 30 साल हो गयी है, वैसे युवाओं को रोजगार देने में प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि नौकरी की उम्र खत्म होने पर वे बेरोजगार रह जाएंगे. आनेवाली पीढी आगे कैसे बढ़े, सरकार को सोचना चाहिए. सरकार को रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेक्टर पर ध्यान देना चाहिए.

---

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता 19,18,791**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 9,31,769 | 9,86,991 |

ट्रांसजेंडर : 31

- 1952 में इस सीट का नाम हजारीबाग वेस्ट था
- 1957 में यह संसदीय क्षेत्र पहली बार अस्तित्व में आया, हमेशा चला है बदलाव का दौर

### हजारीबाग लोकसभा : 17 बार हुआ मतदान

# सात दफा भाजपा, भाकपा तीन, कांग्रेस दो बार जीती

रवि भारती। रांची

हजारीबाग सीट से हमेशा चेहरे बदलते रहे हैं. इस लोकसभा क्षेत्र कुल 17 बार मतदान हुए. इसमें सात बार भाजपा, दो बार भाकपा, तीन दफा कांग्रेस पार्टी, दो बार छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी, एक बार जनता पार्टी, एक बार भारतीय लोकदल और एक बार निर्दलीय ने जीत हासिल की है. 1957 में यह संसदीय क्षेत्र पहली बार अस्तित्व में आया. इस लोकसभा सीट में दो जिलों रामगढ़ और हजारीबाग के कुछ इलाकों को शामिल किया गया. हजारीबाग लोकसभा सीट के इतिहास की बात करें, तो यहां किसी भी पार्टी का कभी दबदबा नहीं रहा. इस सीट पर हमेशा बदलाव का दौरा चला. लेकिन सबसे ज्यादा दपा यहां से भाजपा ने जीत दर्ज की.

**हाईप्रोफाइल सीटों में से एक है हजारीबाग सीट :** हजारीबाग झारखंड की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीटों में से एक है. इस सीट पर पूर्व विदेश और वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा चुनाव लड़ते और जीतते रहे हैं. वहीं साल 2014 में पहली बार यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा इस सीट से चुनाव लड़े थे. मोदी सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था. वहीं 2019 में जयंत सिन्हा ने एक बार फिर जीत हासिल की थी.

**विधानसभा सीट और कौन विधायक**

| विधानसभा सीट | विधायक |
|---|---|
| बरही | कांग्रेस |
| बड़कागांव | कांग्रेस |
| रामगढ़ | आजसू |
| मांडू | कांग्रेस |
| हजारीबाग | भाजपा |

#### कब किसने जीत हासिल की

हजारीबाग की लोकसभा सीट कभी कांग्रेस के दबदबे की सीट रही ही नहीं. 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में इस लोकसभा सीट का नाम हजारीबाग वेस्ट था. यहां से रामनारायण सिंह ने छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी. 1952 के लोकसभा चुनाव में रामनारायण सिंह को कुल 57 फीसदी वोट मिले थे. जबकि दूसरे नंबर पर झानी राम थे, जो भारतीय कांग्रेस से चुनाव लड़े थे. उन्हें कुल 35.5 फीसदी वोट मिले थे. सोशलिस्ट पार्टी के शिव मंगल प्रसाद को 7.5 फीसदी वोट मिले थे.

#### 1952 में दोबारा हुआ चुनाव

1952 में ही यहां दोबारा लोकसभा चुनाव हुए. 1952 में हुए इस चुनाव में इस लोकसभा सीट का नाम पलामू सह हजारीबाग सह रांची लोकसभा सीट रखा गया. इस बार यहां से कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की. यहां से जीतन खरवार ने जीत दर्ज की. कांग्रेस को कुल 38 % वोट मिले, जबकि जनता पार्टी को 15.2%, झारखंड पार्टी को 15 % और छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी को 11 % वोट मिले.

#### 1957 में ललिता रजिया ने दर्ज की जीत

1957 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग सीट से एक बार फिर छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी की ललिता रजिया लक्ष्मी ने जीत दर्ज की. 1957 के चुनाव में छोटानागपुर संथाल परगना जनता पार्टी को 78 हजार वोट के साथ लगभग 67.7 %, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 24.01 % और झारखंड पार्टी को 8.2 % वोट मिले.

#### 1962 में स्वतंत्र पार्टी जीती

1962 में बसंत नारायण सिंह स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते . उन्हें 66.82% वोट मिले. वहीं दूसरे स्थान पर कांग्रेस के मो अलाउद्दीन अंसारी रहे और उन्हें 28.38% वोट मिला.

#### 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत

1967 के लोकसभा चुनाव में यहां से इंडिपेंडेंट प्रत्याशी बी सिंह ने जीत दर्ज की. इन्हें कुल 41.6 % वोट मिले थे. जबकि कांग्रेस के डी पांडे को 31.8 % वोट मिले. भारतीय जनसंघ के खाते में 13.1 % वोट आए थे, जबकि कांग्रेस पार्टी ऑफ इंडिया को 6.6 % वोट मिले थे.

#### 1971 में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत

1971 के चुनाव में हजारीबाग से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दामोदर पांडे विजयी हुए. इन्हें कुल 31.9 % वोट मिले. जनता पार्टी यहां दूसरे स्थान पर रही. इसे 25.7 % वोट मिले. भारतीय जनसंघ 17.3 % वोट के साथ तीसरे स्थान पर थी.

#### 1977 में भारतीय लोकदल जीती

1977 के लोकसभा चुनाव में यह सीट भारतीय लोकदल के खाते में चली गई. कुमार बसंत नारायण सिंह ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी. इन्हें कुल 63 % वोट मिले थे. जबकि कांग्रेस के दामोदर पांडे को महज 15.02% और भाकपा को 12.1 % वोट मिले थे.

#### 1980 में जनता पार्टी का परचम

1980 के लोकसभा चुनाव में यह सीट जनता पार्टी के हिस्से चली गई. कुंवर बसंत नारायण सिंह लोकदल से जनता पार्टी के हिस्सा बन गए. इन्हें कुल 34.2 % वोट मिले, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रो 23.7 % वोट मिले थे. भाकपा को 18.5 % वोट मिले. जबकि जनता पार्टी को कुल 10 % वोट मिले थे.

#### 1984 में कांग्रेस ने दर्ज की जीत

1984 के लोकसभा चुनाव में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई. यहां से दामोदर पांडे विजय हुए. इन्हें कुल 46.4 % वोट मिले. जबकि दूसरे नंबर पर भारु रही, जिसे कुल 30.6 % वोट मिले. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार उतारा था, लेकिन उन्हें सिर्फ 6.9 % वोट मिले. 4.8 % बोर्ड झारखंड मुक्ति मोर्चा को मिले थे.

#### 1989 में भाजपा ने दर्ज की जीत

1989 के लोकसभा चुनाव में हजारीबाग सीट से भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की. भारतीय जनता पार्टी को कुल 42.8 % वोट मिले. जबकिभाकपा को 34.8 % और कांग्रेस को 11.3 % वोट मिले.

#### 1991 में भाकपा के खाते में सीट

1991 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर यह सीट भाकपा के खाते में चली गई. भाकपा को 33.7 % वोट मिले. भाजपा 28.5 % वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही. 12.7 % वोट हासिल कर निर्दलीय प्रत्याशी टेकलाल महतो तीसरे स्थान पर थे. जबकि कांग्रेस चौथे स्थान पर चली गई.

#### 1991 उपचुनाव में भाकपा बाजी मारी

1991 के लोकसभा उप चुनाव में हजारीबाग सीट फिर भाकपा के के खाते में चली गई. 33.7% वोट के साथ भाकपा ने जीत दर्ज की, जबकि भारतीय जनता पार्टी को 28.8 % वोट मिले थे.

#### 1996 में फिर जीती भाजपा

1996 की लोकसभा चुनाव में हजारीबाग की सीट भारतीय जनता पार्टी के महावीर लाल विश्वकर्मा ने जीती. इन्हें 27.7 % वोट मिले. भाकपा के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 26.4 % वोट और झारखंड मुक्ति मोर्चा को 15.6 % वोट मिले. कांग्रेस चौथे स्थान पर चली गई. उसे सिर्फ 8.9 % वोट मिले.

#### 1998 में यशवंत सिन्हा ने दर्ज की जीत

1998 में हुए लोकसभा चुनाव में यहां से फिर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की. भाजपा के यशवंत सिन्हा ने इस इस सीट पर जीत दर्ज की थी. भाकपा दूसरे स्थान पर रही. झारखंड मुक्ति मोर्चा मरांडी ग्रुप को 19.5 % वोट मिले.

#### 1999 में यशवंत सिन्हा ने जीते

1999 में हुए फिर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के यशवंत सिन्हा ने फिर से इस सीट पर जीत दर्ज की. यशवंत सिन्हा को कुल 47.3 फीसदी वोट मिले, जबकि राष्ट्रीय जनता दल 16.2 %वोट मिले थे. झारखंड मुक्ति मोर्चा 11.9 % वोट के साथ तीसरे स्थान पर रही.

#### बंटवारे के बाद भाकपा ने जीती सीट

2004 में लोकसभा चुनाव झारखंड बंटवारे के बाद हजारीबाग सीट का पहला चुनाव था. भाकपा ने 50.5 % वोट के साथ यह सीट दीत ली थी. जबकि भारतीय जनता पार्टी के यशवंत सिन्हा को 35.5 % वोट मिले थे.

#### 2009 में फिर जीत गयी भाजपा

झारखंड बंटवारे के बाद का 2009 में के दूसरे लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के यशवंत सिन्हा विजयी हुए. भाजपा को 31.8% 2009 में, जबकि कांग्रेस को 26 % वोट मिले थे.

#### 2014 में दिखा मोदी का मैजिक

2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर थी. हजारीबाग लोकसभा सीट से यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा चुनाव लड़े. जयंत सिन्हा को 42.5 % वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस यहां दूसरे स्थान पर थी. 25.6 % वोट कांग्रेस को मिले थे.

#### 2019 में फिर जयंत सिन्हा जीते

2019 में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जयंत सिन्हा ने फिर से जीत दर्ज की थी. उन्हें 67.4 % वोट मिले थे. जबकि कांग्रेस यहां दूसरे स्थान पर और भाकपा तीसरे स्थान पर थी.

---

## पदक विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

संवददाता। रांची

जिम्नास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 22 मार्च से जम्मू में आयोजित नेशनल एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पदक विजेता खिलाड़ियों का गुरुवार को रांची रेलवे स्टेशन में जोरदार स्वागत हुआ. झारखंड के खिलाड़ियों ने एरोबिक्स जिम्नास्टिक में दो कांस्य पदक( जूनियर ऐरो डांस इवेंट और सीनियर पी-टाई) जीते थे. इस प्रतियोगिता में झारखंड की 23 सदस्यीय टीम ने भाग लिया था, जिन्होंने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया.

झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस,न महासचिव मधुकांत पाठक, कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र दूबे, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह व झारखंड जिम्नास्टिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रंजन कुमार, उपाध्यक्ष आशीष झा, आलोक मिश्रा, तुलिका श्रीवास्तव, शशिकांत पांडे, देवाशीष झा, सचिव -निशिकांत पाठक, कार्यकारी सचिव राजीव रंजन, संयुक्त सचिव सरोज यादव समेत अन्य लोगों ने खिलाड़ियों का रांची स्टेशन में स्वागत किया.

पेज एक का शेष...

### सिक्कों की खनक देखकर खुद मुजरा...

राजनीति में झूठ, फरेब अलंकरण है, लेकिन अपनी औलादों की कसम खाकर उसे तोड़ना अपक्षरण है. फिर भी इनके समर्थन में चारणवृंद नयी-नयी उक्तियां, सूक्तियां नित नये अंदाज में उचार रहे हैं. खैर, यह गिरोह तो जो है सो है, कांग्रेस को क्या हो गया है जो उसे माथे पर उठाये हुए है ? जिस अन्ना आंदोलन की कोख से क्रांतिदर्शी केजरीवाल का जन्म हुआ था वह आंदोलन पूरी तरह कांग्रेस के खिलाफ था. 2014 का चुनाव भी उसी की प्रतिछाया में लड़ा गया और कांग्रेस ऐतिहासिक पराजय के लिए अभिशप्त हो गई. फिर केजरीवाल ने सोनिया, राहुल से लेकर शीला दीक्षित आदि सभी नेताओं पर अपने मुखारविंद से जितना कीचड़ उछाला था, वह भी एक कीर्तिमान ही है. शीला जी वह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं. इतना ही नहीं, जिस दिल्ली शराब घोटाले की जांच की मांग पहले कांग्रेस ने की थी, वही आज केजरीवाल के पीछे लामबंद है. इससे कांग्रेस की हालत लिजलिजी होती जा रही है, जंग लड़ो बेईमानों से वाला नारा अभी आप भूले नहीं होंगे.

### अब केजरीवाल को हरिश्चंद्र बताने के लिए 31 को रैली

अब 31 मार्च को केजरीवाल को हरिश्चंद्र बताने के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली होगी. यह मैदान कई बदलावों व आंदोलनों का गवाह रहा है. अब यहां से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी बचाओ आंदोलन शुरू होगा, वह भी बाकायदा व्यवस्थित रूप से. कहीं ऐसा न हो कि यही मैदान इनकी लीलाओं के अंत का कारण बन जाये. उधर केजरीवाल के चमचों ने नयी टैग लाइन चला दी है. वह लाइन है, मोदी केजरीवाल से डरता है. मोदी को डरना भी चाहिए. नंगा से भगवान डरते हैं, मोदी कौन चीज हैं. यह थूकने और भागने वाली गैंग है. यह गैंग रपट पड़े तो हर-हर गंगे वाली है. यह पूरी तरह निर्वस्त्र हो चुकी है और लबालब कीचड़ में धंसी है. इसका जवाब केवल लालू प्रसाद ही दे सकते हैं. क्योंकि इसकी सभी कारगुजारियों को मात देने की प्रामाणिक क्षमता लालू प्रसाद में ही है. वह मनसा, वाचा, कर्मणा घोटालों में, बदजुबानी में केजरीवाल से भी निपुण हैं. लेकिन वह केजरीवाल के साथ हैं. एक जेपी के चेले हैं, तो दूसरे अन्ना के. जेपी रहे नहीं, लेकिन अन्ना की छाती में फफोले फूट रहे होंगे. लालू, केजरीवाल चौबीस कैरेट के सेक्युलरिस्ट हैं और ऐसे लोगों के लिए सात खून माफ है. ये कुछ भी कह सकते हैं, कर सकते हैं. ये फूहड़ हैं, निर्लज्ज हैं. गुनगर नहीं, गलगर हैं. ये लाजवाब हैं. इन दोनों को फायदा यह है कि कांग्रेस इनके आगे बिछी हुई है. यह केजरीवाल के लिए आपदा में अवसर है. उनके शीषमहल में बदनाम भी होंगे तो क्या नाम न होगा का समधुर संगीत बज रहा होगा और जमूरे ता-ता थइया कर रहे होंगे. कांग्रेस भी केजरीवाल का गुणानुवाद कर रही है, तो समझा जा सकता है कि गिरावट का कोई लेवल बचा है. इस पूरे प्रकरण में बिहारी का यह दोहा प्रासंगिक प्रतीत होता है- को छूट्यो इहि नाल परि, कत कुरंग अकुलात, ज्यों-ज्यों सुरभि भज्यो चाहत त्यों-त्यों उरझत जात. यानी जाल में फंसा हिरण छूटने के लिए जितना उछलता है, उतना ही और उलझता जाता है.

### इलेक्टोरल बॉण्ड से भाजपा ...

ईडी ने अदालत से और सात दिनों के रिमांड की मांग की थी. साथ ही यह भी बताया कि इन सात दिनों में क्या-क्या जानकारी लेनी है. जांच के दौरान जो इलेक्ट्रॉनिक डाटा हासिल किया गया है, उसके बारे में पूछताछ की जानी है. ईडी की तरफ से अदालत को यह भी बताया गया कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं. इस पर अरविंद केजरीवाल की तरफ से कहा गया कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं. ईडी चाहे जितने दिन चाहे रिमांड पर रखे, लेकिन वह ईडी के मुताबिक बयान नहीं देंगे. सुनवाई में हिस्सा लेते हुए अरविंद केजरीवाल ने अदालत को बताया कि ईडी ने अब तक करीब 31000 पन्नों का दस्तावेज कोर्ट के पास रखा है. चार लोगों के बयान उनके खिलाफ हैं. क्या एक सीएम को गिरफ्तार करने के लिए यह काफी है. केजरीवाल ने आगे कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने के पीछे ईडी के दो मकसद थे. पहला आम आदमी पार्टी को खत्म करना और दूसरा गुमराह करना. अगर 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ, तो पैसे कहां हैं? ईडी की तरफ से कहा गया कि शराब घोटाले में 100 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी गई थी. इसके पुख्ता सबूत हैं. इसमें से 45 करोड़ रुपये गोवा चुनाव में खर्च किया गया. यह राशि हवाला के जरिए गोवा भेजी गई.

### केजरीवाल जी को बहुत परेशान किया जा रहा: सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री की तबीयत ठीक नहीं है और उन्हें बहुत परेशान किया जा रहा है. केजरीवाल को ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था. गुरुवार को दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री की ईडी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी. केजरीवाल के मामले की सुनवाई के दौरान सुनीता भी अदालत में मौजूद थीं. सुनीता ने संवाददाताओं से कहा, उनकी तबीयत ठीक नहीं है. उनके शर्करा स्तर ( शुगर लेवल) में उतार-चढ़ाव हो रहा है. उन्हें बहुत परेशान किया जा रहा है. यह अत्याचार नहीं चलेगा...जनता जवाब देगी.

---

**चेतावनी** प्रदेश भाजपा कार्यालय में धरने पर बैठ राजधनी यादव ने शीर्ष नेताओं का बढ़ाया टेंशन, चेताया

# चतरा से पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बदला, तो फिर से धरना पर बैठेंगे

आशीष टैगोर। लातेहार

भाजपा के वरीय नेता और पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजधनी यादव इन दिनों बेहद गुस्से में हैं. उन्होंने अपने गुस्से का इजहार दिल्ली से लौटने के क्रम में मंगलवार को रांची में हरमू स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में धरने पर बैठ कर किया. जब सब लोग होली के रंगों में सरोबोर थे, तो यादव रांची में धरना दे रहे थे. हालांकि आश्वासन मिलने के बाद उन्होंने धरना स्थगित कर दिया. रांची से लौटने के बाद शुभम संदेश से बातचीत करते हुए यादव ने कहा कि उन्होंने 40 साल तक भाजपा का झंडा ढोया है. उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र से एक बार चुनाव लड़ने का मौका संगठन से मांगा था. संगठन ने उन्हें प्रत्याशी बनाने का आश्वासन भी दिया था. लेकिन किसी और को प्रत्याशी बना दिया गया.

**अग्रिम पंक्ति में नाम होने के बावजूद टिकट काट दिया गया :** राजधनी यादव ने कहा कि अग्रिम पंक्ति में नाम होने के बावजूद दबाव में ऐन मौके पर उनका नंबर काट कर दूसरे व्यक्ति को टिकट दे दिया गया. चतरा से एक ऐसे व्यक्ति को टिकट दे दिया गया, जो भाजपा छोड़ कर किसी दूसरे दल में चले गये थे. उन्हें भाजपा में आये अभी एक साल भी नहीं हुआ है. ऐसे व्यक्ति को या यों कहें दलबदलू को टिकट देना कहीं से उचित नहीं है.

**फिर प्रदेश कार्यालय में धरना देंगे, समय आने पर निर्णय लेंगे :** शुभम संदेश द्वारा पूछे जाने पर कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला तो वे क्या करेंगे, उन्होंने कहा कि अगले एक दो दिन में वे फिर से रांची प्रदेश कार्यालय में धरना पर बैठेंगे और उसी दिन यह निर्णय लेंगे कि निर्दलीय चुनाव लड़ना है या नहीं.

### यादव बोले : दलबदलू को टिकट, अग्रिम पंक्ति में होने के बावजूद मेरा नंबर काट दिया



**भाजपा में बूथ स्तर पर काम किया है :** अपनी उपलिब्धयां गिनवाते हुए राजधनी यादव ने कहा कि उन्होंने बूथ अध्यक्ष से लेकर पंचायत, प्रखंड व जिलाध्यक्ष तक का पद संभाला है. जिला प्रभारी तक रहे हैं. विधानसभा चुनावों में वे पांच विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रहे हैं. उनका संबंध संगठनों के अलावा समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ रहा है. उन्होंने कहा कि जिस तरह एक छात्र परीक्षा देता है और उसमें जब फेल हो जाता है, तो वह दुबारा कॉपी जांच कराने की मांग करता है. और जब कॉपी जांच होती है, तो उसमें उत्तीर्ण पाया जाता है. इसी प्रकार मेरी कॉपी संगठन जांच ले और जिन्हें टिकट दिया गया है, उनकी कॉपी की भी जांच करा ले. यादव ने कहा- मुझे शत प्रतिशत नंबर मिलेगा, जबकि जिन्हें टिकट दिया गया है, उन्हें 25 प्रतिशत नंबर भी मिलेगा या नहीं इसमें संदेह ही है.

# लद्दाख की अनसुनी आवाज

सोनम बांगचुक और उनके साथियों ने 21 दिनों के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया है. माइनस आठ डिग्री में अनशकारी बैठे रहे और लद्दाख के लोगों की आवाज दिल्ली तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन यह दुखद है कि दिल्ली ने इन आंदोलनकारियों की आवाज को अनसुना ही कर दिया है. भाजपा ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में पीड़ित महिला को लोकसभा का टिकट दे दिया. प्रधानमंत्री ने उस महिला से स्वयं टेलीफोन पर बात की, लेकिन मणिपुर हो या लद्दाख प्रधानमंत्री या भाजपा की सरकार की संवेदना को स्पर्श नहीं कर पाए. जाहिर है कि चुनावी राजनीति में संदेशखाली की अहमियत लद्दाख या मणिपुर से कहीं ज्यादा है. इसीलिए प्रधानमंत्री ने उसमें दिलचस्पी ली. मणिपुर का नाम तक लेने में प्रधानमंत्री कोताही करते रहे हैं. अब यही हाल लद्दाख से उठने वाली आवाज को ले कर है. अगस्त 2019 में जब केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द किया तो उससे लद्दाख में खुशी की लहर दौड़ गई थी. लेकिन उससे वहां जगी उम्मीदें अब टूट चुकी हैं. एक तो अब तक अलग राज्य का दर्जा मिलने से लोग निराश हुए हैं, साथ ही उनकी शिकायत है कि उनकी मूलभूत समस्याएं गुजरे साढ़े चार वर्ष में और गहरा गई हैं. इसी बीच चीनी सेना लद्दाख में घुस आई है, जिससे वहां के चरवाहों की मुसीबत बढ़ी है. इन्हीं सब सवालों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल शुरू की. वांगचुक की शिकायत है कि केंद्र सरकार तो उनकी बात नहीं ही सुन रही है, मीडिया ने भी उन्हें और लद्दाख की समस्याओं को नजरअंदाज कर रखा है. नतीजतन वांगचुक को सोशल मीडिया पर अपनी भूख हड़ताल के बारे में वीडियो अपडेट डालने पड़े हैं. वांगचुक ने अपने अनशन का नाम क्लाइमेट फास्ट (पर्यावरण उपवास) रखा. उनके उपवास स्थल पर हर दिन सैकड़ों लोगों ने उनके प्रति समर्थन जताने के लिए भूख हड़ताल रखी. ये सभी लोग कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे सोते रहे हैं. वांगचुक ने देश को आगाह किया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालय के ग्लेशियर पिघल रहे हैं. उन्होंने कहा है कि लद्दाख और आसपास के हिमालय के ग्लेशियर ग्रह का तीसरा ध्रुव हैं. इसमें ताजा पानी का सबसे बड़ा भंडार है और दो अरब लोगों को भोजन-पानी मिलता है. पिघलते ग्लेशियरों का सीधा असर इतनी बड़ी आबादी पर पड़ेगा. अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था. अब जम्मू-कश्मीर में तो विधानसभा होगी, लेकिन लद्दाख में सिर्फ स्वायत्त जिला और क्षेत्रीय परिषदें ही बनेंगी. वांगचुक अपने इलाके के लिए विधानसभा के गठन की मांग कर रहे हैं. वे लोकसभा में भी लद्दाख का प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं. पिछली वार्ता के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इन मांगों को ठुकरा दिया था. उसके बाद आंदोलन तेज हुआ है. बेहतर होगा कि लद्दाख की आवाज सुनी जाए, अन्यथा एक संवेदनशील इलाके में असंतोष पनपता रहेगा.

> वांगचुक की शिकायत है कि केंद्र सरकार तो उनकी बात नहीं ही सुन रही है, मीडिया ने भी उन्हें और लद्दाख की समस्याओं को नजरअंदाज कर रखा है. नतीजतन वांगचुक को सोशल मीडिया पर अपनी भूख हड़ताल के बारे में वीडियो अपडेट डालने पड़े हैं.

## सुभाषित

**न तक्रसेवी व्यथते कदाचित, न तक्रदग्धा प्रभवन्ति रोगाः।**
**यथा सुराणाममृतं प्रधानं, तथा नराणां भुवि तक्रमाहुः ॥**

मट्ठा का सेवन करने वाला बहुत कम रोग पीड़ित होता है, तक्र यानी मट्ठा द्वारा नष्ट किये गये (उदर के) रोग फिर से उत्पन्न नहीं होते. जैसे देवताओं के लिए अमृत प्रधान है, वैसे ही इस पृथ्वी पर मनुष्यों के लिए (नीरोग रखने के लिए) मट्ठा (अर्थात् छाछ) महत्वपूर्ण है.

# कितना फ़र्क़ है मोदी और विपक्ष के बीच

**जिस देश में अस्सी करोड़ से ज़्यादा नागरिक मुफ़्त के अनाज पर ज़िंदा हों, वे राष्ट्र को आर्थिक ताक़त नहीं बना सकते. वे करोड़ों पढ़े-लिखे बेरोज़गार, जो नौकरियों की तलाश में अपनी उम्र खर्च कर रहे हैं, वे भी मुल्क के आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने में मदद नहीं कर सकते. सवाल यह है कि प्रधानमंत्री किनके ज़रिए और किनके लिए भारत को 'फाइव ट्रिलियन डॉलर'की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं? क्या उन लोगों के लिए, जिनके ख़िलाफ़ राहुल गांधी ने मोर्चा खोल रखा है?**



• देश-काल



श्रवण गर्ग

हज़ारों करोड़ की धनराशि के चुनावी बांडों की ख़रीदी, जिसका कि हाल ही में खुलासा हुआ है, के पीछे का असली सच क्या है? क्या सच सिर्फ़ यही है कि विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा को कई गुना ज़्यादा चंदा प्राप्त हुआ? यह सच अधूरा है! पूरे सच के लिए इस बात की तह में जाना होगा कि भाजपा को मदद करने वाली ताक़तें कौन सी हैं? वे कंपनियां और उनके मलिक कौन हैं, जिनके निहित स्वार्थ वर्तमान सत्ता और व्यवस्था को बनाए रखने में हैं? वे लोग कौन हैं, जो सत्तारूढ़ दल में शामिल हो रहे हैं और उन्हें चुनावी टिकिट मिल रहे हैं? 'निष्पक्ष' चुनावों के ज़रिए सरकार अगर सत्ता से बाहर हो जाती है तो इन शक्तियों के साम्राज्यवाद का क्या होगा? प्रधानमंत्री जब कहते हैं कि वे भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताक़त बनाना चाहते हैं तो उसके पीछे की हक़ीक़त को समझना होगा! सरकारें कभी आर्थिक ताक़त नहीं बनतीं! समूचा देश बनता है. जिस देश में अस्सी करोड़ से ज़्यादा नागरिक मुफ़्त के अनाज पर ज़िंदा हों, वे राष्ट्र को आर्थिक ताक़त नहीं बना सकते. वे करोड़ों पढ़े-लिखे बेरोज़गार, जो नौकरियों की तलाश में अपनी उम्र खर्च कर रहे हैं, वे भी मुल्क के आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने में मदद नहीं कर सकते. सवाल यह है कि प्रधानमंत्री किनके ज़रिए और किनके लिए भारत को 'फाइव ट्रिलियन डॉलर'की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं? क्या उन लोगों के लिए, जिनके ख़िलाफ़ राहुल गांधी ने मोर्चा खोल रखा है? जिनके साथ सत्ता की साँठ-गाँठ को लेकर राहुल संसद से सड़क तक हमले जारी रखे हुए हैं?

कहा यह भी जा सकता है कि जैसे-जैसे बड़े घरानों के ख़िलाफ़ राहुल के नेतृत्व में विपक्ष के हमले बढ़ते जाएंगे, ये निहित स्वार्थ भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए 'प्रोटेक्शन मनी'के तौर पर अपनी चंदे की राशि में इज़ाफ़ा करते जाएंगे. (राहुल उसे 'एक्सटॉरशन मनी'कहते हैं.). सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवारों को जिताने की ज़िम्मेदारी भी ये घराने अपने ऊपर ले लेंगे. पार्टी का काम हल्का हो जाएगा. भूखी और बेरोज़गार जनता कभी संगठित नहीं हो सकती. निहित स्वार्थों का गिरोह पूरी तरह संगठित है. सबसे बड़ा दान मुख्य भगवान के चरणों में चढ़ाया जाता है. बाक़ी देवी-देवताओं और पुजारियों की पेटियों में फिर श्रद्धा के अनुसार चढ़ावा पड़ता है. पार्टियों को दिये जाने वाले चंदे का गणित भी यही है. 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की समाप्ति के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई लाखों लोगों की सभा में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री के बारे में कहा था, वे केवल एक मुखौटा हैं. बॉलीवुड के एक्टरों की तरह अभिनय करते हैं. राहुल ने प्रधानमंत्री के पीछे खड़ी पूँजीपतियों की ताक़त को ही मोदी की असली 'शक्ति'बताते हुए कहा था, उनकी लड़ाई प्रधानमंत्री की इसी 'शक्ति'के साथ है. (जैसा कि बाद में होना था, प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की एक जनसभा में राहुल द्वारा बताई गई 'शक्तियों'के ख़िलाफ़ लड़ाई को नारी शक्ति के प्रति किया गया अपमान बताते हुए उसे 'सनातन'के विवाद के साथ जोड़ दिया.)

जिस 'शक्ति'का राहुल ने मुंबई में ज़िक्र किया था, उसकी ताक़त के बारे में हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की रिपोर्ट जारी हुई है. साल 2022-23 के लिए संस्था 'वर्ल्ड इंक्वेलिटी लैब' द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सर्वाधिक अमीर एक प्रतिशत लोगों की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6% और संपत्ति में हिस्सेदारी बढ़कर 40.1% हो गई है. ऐसा सौ साल में पहली बार हुआ है.

विपक्षी एकता और इतनी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर भाजपा अगर इतनी आश्वस्त 'दिखाई' पड़ती है तो उसके पीछे कोई बड़ा कारण होना चाहिए! निष्पक्ष अंग्रेज़ी दैनिक 'द हिंदू'की सहयोगी अंग्रेज़ी पत्रिका 'द फ्रंटलाइन' के हाल के अंक में प्रकाशित एक आलेख में एक अमेरिकी शोध संस्थान की रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि मोदी 2029 और 2034 के चुनावों की तैयारियों में जुट गए हैं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हाल में बिना रूस का नाम लिए भारत के लोकसभा चुनावों की विश्वसनीयता को लेकर भी भय व्यक्त किया था. रूस में हुए चुनावों में पुतिन की सत्ता में धमाकेदार वापसी के बाद दुनिया की नज़रें भय और जिज्ञासा के साथ अब जिन दो देशों के चुनाव परिणामों पर टिक गईं हैं, उनमें एक भारत और दूसरा अमेरिका है. भारत के नतीजे 4 जून को और अमेरिका के नवम्बर के पहले सप्ताह में आ जाएंगे. अमेरिका में डॉनल्ड ट्रम्प एक बार फिर मैदान में हैं. ट्रम्प और मोदी के बीच मित्रता उस समय प्रकाश में आई थी जब भारतीय प्रधानमंत्री ने पिछले अमेरिकी चुनावों (2020) के वक्त टैक्सास के ह्यूस्टन शहर में हुई एक रैली में 'अब की बार ट्रम्प सरकार ' का नारा लगवाया था. ह्यूस्टन की रैली में ट्रम्प और मोदी के स्वागत के लिए पचास हज़ार से ज़्यादा भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक उपस्थित थे.

अमेरिकी मूल के नागरिकों की एक बड़ी आबादी और यूरोप के कई देश इस समय ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी की चर्चाओं से चिंतित और भयभीत हैं. ट्रम्प ने पिछले दिनों यहां तक कह दिया था कि वे अगर हार जाते हैं तो अमेरिका में खून-ख़राबा हो जाएगा. ज्ञातव्य है नवम्बर 2020 के चुनावों में ट्रम्प की हार के बाद उनके सवर्ण समर्थकों के एक बड़े समूह ने अमेरिकी संसद पर हमला (6 जनवरी 2021 ) बोल दिया था और व्यापक हिंसा फैलाई थी. अमेरिका आज तक उस हमले की दहशत से बाहर नहीं आ पाया है.'द फ्रंटलाइन'पत्रिका के आलेख का यह दावा भी है कि भारत में 67 प्रतिशत लोग 'एकतंत्रीय' शासन व्यवस्था के समर्थक हैं. अमेरिका में अगर राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणामों को लेकर नागरिकों में भय का माहौल है तो क्या अपनी जीत के प्रति मोदी की निश्चिंतता को लेकर भारत में चोरी-छुपे भी कोई चिंता नहीं व्यक्त की जा रही है? क्या विपक्ष और जनता परिवर्तनों के लिए दस साल और प्रतीक्षा करने को तैयार है? ऐसा नज़र तो नहीं आता!

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## मूल्यांकन

एक हीरा व्यापारी था जो हीरे का बहुत बड़ा विशेषज्ञ माना जाता था. किन्तु किसी गंभीर बीमारी के चलते अल्प आयु में ही उसकी मृत्यु हो गयी. वह अपने पीछे पत्नी और एक बेटा छोड़ गया. जब बेटा बड़ा हुआ तो उसकी माँ ने कहा, ₹बेटा , मरने से पहले तुम्हारे पिताजी ये पत्थर छोड़ गए थे, तुम इसे लेकर बाज़ार जाओ और इसकी कीमत का पता लगाओ. लेकिन स्मरण रहे कि तुम्हे केवल कीमत पता करनी है, इसे बेचना नहीं है.₹ युवक पत्थर लेकर निकला, सबसे पहले उसे नई बन रही इमारत में काम करता मजदूर मिला. युवक ने मजदूर से पूछा, ₹काका इस पत्थर का क्या दोगे?₹ मजदूर ने कहा, ₹बेटा ऐसे पत्थर तो रोज ढोता हूं, मेरे यह किस काम का? इसका कुछ भी मूल्य नहीं, क्यों यह टुकडा लिए घूम रहे हो.₹ युवक आगे बढ गया. सामने ही एक सब्जी बेचने वाली महिला मिली. ₹अम्मा, तुम इस पत्थर के बदले मुझे क्या दे सकती हो ?₹, युवक ने पूछा. ₹यदि मुझे देना ही है तो दो गाजरों के बदले ये दे दो, तौलने के काम आएगा.₹ - सब्जी वाली बोली. युवक आगे बढ़ गया. आगे वह एक दुकानदार के पास गया और उससे पत्थर की कीमत जानना चाहा. दुकानदार बोला, ₹इसके बदले मैं अधिक से अधिक 500 रुपये दे सकता हूं, देना हो तो दो नहीं तो आगे बढ़ जाओ.₹ युवक इस बार एक सुनार के पास गया, सुनार ने पत्थर के बदले 20 हज़ार देने की बात की. फिर वह हीरे की एक प्रतिष्ठित दुकान पर गया वहां उसे पत्थर के बदले एक लाख रुपये का प्रस्ताव मिला. और अंत में युवक शहर के सबसे बड़े हीरा विशेषज्ञ के पास पहुंचा और बोला, ₹श्रीमान, कृपया इस पत्थर की कीमत बताने का कष्ट करें.₹ विशेषज्ञ ने ध्यान से पत्थर का निरीक्षण किया और आश्चर्य से युवक की तरफ देखते हुए बोला, ₹यह तो एक अमूल्य हीरा है. करोड़ों रूपये देकर भी ऐसा हीरा मिलना मुश्किल है.₹ मित्रों!! अमूल्य ज्ञान के साथ भी ऐसा ही है. न समझने वाले, या पहले से ही मिथ्याज्ञान से भरे व्यक्ति के लिए उत्तम ज्ञान का मूल्य कौडी भर का भी नहीं. उलट वह उपहास करता है कि आप बेकार सी वस्तु लिए क्यों घूम रहे हैं.वस्तुतः मनुष्य अपनी अपनी अक्ल अनुसार, उस का दुरुयोग, प्रयोग या उपयोग करता है. कई बार तो उस ज्ञान को मामूली से तुच्छ कामों में लगा देता है. यदि हम गहराई से सोचें तो स्पष्ट होता है कि हीरे की परख कुशल जौहरी ही कर सकता है. निश्चित ही ज्ञान वहीं जाकर अपना पूरा मूल्य पाता है जहाँ विवेक और परख सम्यक रूप से मौजूद हो.

# मास्को में आइसिस के हमले से भारत सबक ले

• देशांतर

पुष्परंजन

क्रेमलिन से 20 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिमी मॉस्को में अवस्थित 'क्रॉककस सिटी हॉल रीटेल एंड कॉन्सर्ट कॉम्प्लेक्स' कल रात से पूरी दुनिया की नज़रों में आ चुका है. यहां 'पिकनिक' नाम के एक रूसी रॉक ग्रुप के कार्यक्रम का आयोजन होना था. कन्सर्ट शुरू होने से ठीक पहले कैमोफ्लॉज कपड़े पहने चार बंदूकधारियों ने यहां आए लोगों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं. इस अप्रत्याशित हमले के दौरान हॉल में छह हजार से अधिक लोग मौजूद थे. एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि रॉक ग्रुप स्टेज पर आने ही वाला था कि अटैक हो गया. इस हमले के दौरान आग लग गई, और इमारत की एक दीवार गिर गई. एक फुटेज में चार हमलावरों को दिखाया गया है, जो असॉल्ट राइफलों से लैस थे और टोपी पहने हुए थे. इंसानियत के दुश्मन चिल्ला रहे लोगों को बिल्कुल नजदीक से गोली मार रहे थे. 93 लोगों ने देखते-देखते दम तोड़ दिया. 187 घायल बताये गये हैं, जिनमें से 60 की हालत क्रिटिकल है, चुनांचे मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है. रूस आरंभ से आइसिल के लिए ही नहीं, बल्कि 'आईएसआईएस-के' के लिए भी एक टारगेट रहा है. इसके संस्थापक अबू बक्र अल-बगदादी को रूस कभी रास नहीं आया था. उसकी वजह इज़राइल के साथ रूस के संबंध रहे हैं. 2022 में काबुल में रूसी दूतावास पर आइसिस के हमले के बाद, रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने रूस और उसकी सीमाओं के आसपास, विशेष रूप से सेंट्रल एशिया में उनकी गतिविधियों पर नकेल कसने के अपने प्रयास बढ़ा दिये थे. आइसिस हमलावरों ने इस साल 8 जनवरी को इस्तांबुल में एक रोमन कैथोलिक चर्च पर हमला किया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई. कुछ समय बाद ही, इस्लामिक स्टेट ने अपनी आधिकारिक समाचार एजेंसी 'अमाक' के माध्यम से इसकी जिम्मेदारी ले ली थी. तब तुर्की पुलिस ने 47 लोगों को हिरासत में लिया था, जिनमें अधिकांश मध्य एशियाई नागरिक थे. इस घटना ने तुर्की में इस्लामिक स्टेट समूह की सेंट्रल एशियाई शाखा की बढ़ती उपस्थिति पर दर्ज़ करा दिया, जिसे खुरासान के लिए 'आईएसआईएस-के' के नाम से जाना जाता है. जनवरी 2023 में इस्तांबुल हमले ने सवाल खड़े कर दिए कि इन प्रशिक्षित कट्टरपंथियों ने देश में घुसपैठ कैसे की? इस हमले में जो लोग पकड़े गये, उनमें ज्यादातर ताजिकिस्तान से थे. दिसंबर 2023 में तुर्की पुलिस ने कथित तौर पर चर्चों और आराधनालयों को निशाना बनाने की एक साजिश को रोका, जो गाजा पट्टी में चल रहे इजराइल-हमास युद्ध से जुड़ा हुआ प्रतीत होता था. आइसिस-के से जुड़े ताजिक गुर्गों ने जनवरी और दिसंबर के बीच ईरान, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में आतंकी हमले किए. आईएसआईएस-के ने 3 जनवरी, 2024 को ईरान के करमान में कुद्स फोर्स के जनरल कासिम सुलेमानी की स्मृति में हुए आत्मघाती बम विस्फोटों की भी जिम्मेदारी ली, जिनकी 2020 में अमेरिकी ड्रोन द्वारा हत्या कर दी गई थी. लगातार छापेमारी और गिरफ्तारियों के बावजूद, आईएसआईएस-खुरासान कथित तौर पर तुर्की में अपनी पैठ मजबूत कर रहा है. इस्तांबुल में हिरासत में लिए गए कट्टरपंथियों में से एक ने खुलासा किया कि वहां सक्रिय एक किर्गिज मूल के नागरिक ने स्वीडन और नीदरलैंड के वाणिज्य दूतावासों पर हमले की योजना बनाई थी. उस उद्देश्य के लिए, आईएसआईएस-के ने रूस, अफगानिस्तान और मध्य एशिया से आत्मघाती हमलावरों तुर्की आने का इंतज़ाम किया था. यूक्रेन, जो दो साल से अधिक समय से रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ है, ने हमले में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है. क्रेमलिन किसी देश को लपेटे, उससे पहले ही यूक्रेन ने हमले में हाथ होने से इनकार किया है. यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'यूक्रेन ने कभी भी आतंकवादी तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया है. 'इस हमले की दुनिया भर में निंदा की जा रही है. यूरोपियन यूनियन, चीनी राष्ट्रपति शी से लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस तक ने शुक्रवार देर रात मास्को में आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की. एक अलग बयान में, संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद ने हमले को 'जघन्य और कायरतापूर्ण' बताया. मास्को हमले के हवाले से एक सवाल तो बनता है कि क्या भारत आइसिस आतंकियों से सुरक्षित है? देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मास्को के संपर्क में लगातार रहे हैं, ऐसे में अपेक्षा की जाती है कि न सिर्फ़ रूस, बल्कि अमेरिका समेत दुनिया के साधन संपन्न देशों से आतंक विरोधी एक कोऑर्डिनेटेड सूचना तंत्र विकसित करें.

> आईएसआईएस-के ने 3 जनवरी, 2024 को ईरान के करमान में कुद्स फोर्स के जनरल कासिम सुलेमानी की स्मृति में हुए आत्मघाती बम विस्फोटों की भी जिम्मेदारी ली, जिनकी 2020 में अमेरिकी ड्रोन द्वारा हत्या कर दी गई थी. लगातार छापेमारी और गिरफ्तारियों के बावजूद, आईएसआईएस-खुरासान कथित तौर पर तुर्की में अपनी पैठ मजबूत कर रहा है.

# अरुणाचल पर चीन की गिद्ध दृष्टि

• सामयिकी

अरविंद जयतिलक

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है. जिस तरह उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया है, उससे साफ जाहिर है कि अरुणाचल को लेकर उसके मन में खोट है. हालांकि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यादपद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया है और कहा है कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है. उधर, अमेरिका ने भी भारत का समर्थन करते हुए अरुणाचल को भारत का अभिन्न हिस्सा कहा है. अमेरिका के इस बयान से चीन बौखला गया है और प्रलाप कर रहा है कि अमेरिका का इस मसले से कुछ भी लेना-देना नहीं है. विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन अरुणाचल के मसले पर वितंडा खड़ा करने की कोशिश की है. वह पहले भी इस तरह का कुत्सित प्रयास कर चुका है. लेकिन हर बार की तरह इस बार भी उसे भारत ने करारा तमाचा जड़ा है. बहरहाल उसकी कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है. उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है. वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है. जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रुप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था. गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है. वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है. इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं. वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं. ऐतिहासिक संदर्भों में जाएं तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई. इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रुप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी. आधुनिक देश के रुप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया. आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था. इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही. तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकारने से उत्तर से पूर्वोत्तर तक कहीं भी भारत और चीन की सीमा नहीं मिलती थी. इस तरह उत्तरी-पूर्वी सीमा को एक प्राकृतिक सुरक्षा मिली हुई थी, लेकिन स्वतंत्र भारत की नेहरू सरकार की अदूरदर्शी नीति ने स्वतंत्र तिब्बत को बलिदान हो जाने दिया. आज की तारीख में सिक्किम-तिब्बत सीमा को छोड़कर लगभग पूरी भारत-चीन सीमा विवादित है. भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है. पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है. अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है. इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है, लेकिन नियंत्रण चीन का है. दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है. अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है. भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहता है. साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है. गुलाम कश्मीर में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण गिलगित-बल्तिस्तान क्षेत्र पर वह अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है. यहां तकरीबन 10000 से अधिक चीनी सैनिकों की मौजूदगी बराबर बनी हुई है. वह इन क्षेत्रों में निर्बाध रुप से हाईस्पीड सड़कें और रेल संपर्कों का जाल बिछा रहा है. सिर्फ इसलिए की भारत तक उसकी पहुंच आसान हो सके. दरअसल चीन की मंशा अरबों रुपये खर्च करके कराकोरम पहाड़ को दो फाड़ करते हुए गवादर के बंदरगाह तक अपनी रेल पहुंच बनानी है, ताकि युद्धकाल में जरूरत पड़ने पर वह अपने सैनिकों तक आसानी से रसद पहुंचा सके. वह नेपाल, बाग्लादेश और म्यांमार में भी अपना दखल बढ़ा रहा है. वह श्रीलंका में बंदरगाह बना रहा है, जो भारतीय सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक है.

> पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है. अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है. इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है, लेकिन नियंत्रण चीन का है. दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# गाजा में युद्धविराम का आह्वान

**गाजा** पर इजराइल के हमला शुरू करने के साढ़े पांच महीने बाद, 25 मार्च को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने 'फौरन संघर्ष विराम' और हमास द्वारा सभी बंधकों की रिहाई का आह्वान किया. इस बीच 32,000 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, अन्य 74,000 जख्मी हुए हैं, गाजा की 90 फीसदी से ज्यादा आबादी विस्थापित हो चुकी है और उनमें से लगभग सभी एक भयावह भुखमरी के संकट में धकेल दिये गये हैं. गाजा में फौरन संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र में इससे पहले आये हर प्रस्ताव पर वीटो लगाने वाला अमेरिका इस बार मतदान से अलग रहा. यह इस युद्ध को लेकर बाइडेन प्रशासन की नीति में बदलाव का इशारा करता है. ब्रिटेन समेत यूएनएससी के सभी दूसरे सदस्यों ने, जिन्होंने हाल तक संघर्ष विराम का समर्थन करने के आह्वान का विरोध किया था, प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया. इजराइल ने गुस्से से भरी प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दो करीबी कैबिनेट सहयोगियों की वाशिंगटन की पूर्व-निर्धारित यात्रा रद्द कर दी और संघर्ष विराम के लिए बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं लगाने वाले, चीन और रूस द्वारा समर्थित, प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की. लेकिन इस गुस्से और भड़ास के पीछे इजराइल की कमजोरी छिपी है. इजराइली नेताओं ने हाल के सप्ताहों में बार-बार कहा कि रफा पर जल्द आक्रमण होने वाला है. इस सबसे दक्षिणी कस्बे में लगभग 14 लाख फिलिस्तीनी ठुंसे हुए हैं. यूएनएससी के 14 सदस्यों द्वारा फौरन संघर्ष विराम का आह्वान किये जाने के बाद, इजराइल के लिए रफा पर हमला करना कतई उचित नहीं होगा. यह हमला एक और खून-खराबे में बदल सकता है.ताजा युद्ध 7 अक्टूबर को हमास के सीमा-पार हमले के बाद भड़का, जिसमें कम-से-कम 1200 इजराइली मारे गये थे. उस दिन दुनिया की हमदर्दी और एकजुटता इजराइल के साथ थी. लेकिन इसके बाद कुछ महीनों में इजराइल ने हमास की करतूत के लिए गाजा की पूरी आबादी को दंडित करने के लिए जो किया, उसने अंतरराष्ट्रीय जनमत उसके खिलाफ कर दिया. अगर इजराइल इस स्थिति का एक वस्तुनिष्ठ आकलन करता है, तो उसे यूएनएससी के प्रस्ताव का तुरंत पालन करना चाहिए और संघर्ष विराम घोषित करना चाहिए. पिछले 7 अक्टूबर का हमला एक बड़ी खुफिया और सुरक्षा चूक थी जिसके लिए नेतन्याहू को जिम्मेदारी लेनी चाहिए. ऐसा करने के बजाय, वह पूरी ताकत से जंग में कूद पड़े, वह भी हासिल-करने-योग्य लक्ष्य तय किये बिना.



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मदक/मदद/मदन

**मदन** मामा मदक पीनेवालों को कोई मदद करना नहीं चाहते. कारण, वे नशा सेवन के सख्त विरोधी हैं. उनका कहना है कि मदक पीनेवाले किसी प्रकार की मदद के लायक नहीं होते. इन वाक्यों में हमारा सामना तीन शब्दों से हो रहा है- मदक, मदद और मदन. मदक तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. यह दो शब्दों 'मद' और 'क' से बना है. यहां मद का मतलब है पागलपन, उन्मत्तता, चित्त का वह उद्वेग या उमंग, जो नशीले पदार्थ के सेवन से होती है, नशा. मद शब्द के साथ जब 'क' प्रत्यय जुड़ता है तो वह मदक बन जाता है. मदक का मतलब जो मद करनेवाला है. इसका विशेष अर्थ है एक प्रकार का मादक पदार्थ, जो अफीम के सत में बारीक कतरा हुआ पान पकाये जाने से बनता है. पीनेवाले इसकी छोटी-छोटी गोलियों को चीलम पर रखकर तमाखू की भांति पीते हैं. मदक का सेवन करनेवाला मदकची या मदकी कहलाता है. मदद अरबी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. सत्तर के दशक में अत्यंत लोकप्रिय फिल्म 'जय संतोषी मां' का यह गाना आपको याद होगा-मदद करो संतोषी माता, मेरी इज्जत का सवाल है मां, आज निभाओ अपना नाता. मदद का मतलब है सहायता, सहारा, सहायता देनेवाले को मददगार कहा जाता है. मददगार फारसी मूल का शब्द है, क्योंकि इसके साथ 'गार' शब्द जुड़ा है. किसी काम के ऊपर लगाये जानेवाले एक साथ काम करनेवालों के समूह को भी मदद कहा जाता है. तीसरा शब्द है मदन. इस नाम के बहुत सारे लोग हमारे समाज में पाये जाते हैं. मदन मामा का मतलब साफ है कि मेरे मामा का नाम मदन है. मदन का अर्थ है कामदेव, कामक्रीड़ा, मैनफल नामक वृक्ष और उसका फल, धतूरा, मौलसिरी, भ्रमर, मोम, अखरोट का वृक्ष महादेव के चार प्रधान अवतारों में से तीसरे अवतार का नाम, मैना पक्षी, सारिका, ज्योतिष के अनुसार जन्म से सप्तम गृह का नाम, एक प्रकार का गीत, प्रेम, रूपमाल छंद का दूसरा नाम.

# कामचोरों के लिए आलसं परमं सुखम्

• तीर-तुक्का

अमित शर्मा



प्राचीन काल से ही आलस को सामाजिक और व्यक्तिगत बुराई माना जाता रहा हैं. "जो सोवत हैं, वो खोवत हैं" जैसी कहावतों के माध्यम से आलसी लोगों को धमकाने और "अलसस्य कुतो विद्या" जैसे श्लोकों के ज़रिये उनको सामाजिक रूप से ज़लील करने /ताने कसने के प्रयास अनंतकाल से जारी हैं. लेकिन फिर भी आज तक (चैनल नहीं ) आलस और आलसियों का वजूद "सेट मैक्स चैनल" पर "सूर्यवंशम फिल्म" की तरह जस का तस बना हुआ है, जो यह दर्शाता हैं कि बुराई का विरोध करने से वह ज़्यादा बढ़ती हैं। इसीलिए बुराइयो को कोसें नहीं, बल्कि प्यार से पाले-पोसें और बड़ा होने पर उनके हाथ पीले और गाल लाल करके घर से विदा कर दें। दरअसल हर युग में अवतरित हुए जरूरत से ज़्यादा (लेकिन आवश्यकता से कम ) "श्याणे-लोग" इस बात को समझने में नाकाम रहे हैं कि आलस कोई दुर्गुण नहीं हैं, बल्कि यह तो दुनियादारी और मोहमाया से मुंह मोड़ लेने (और हाथ-पैर तोड़ लेने) का एक आसान आध्यात्मिक तरीका है, जिसमें व्यक्ति बिना किसी को तकलीफ दिए, बिना किसी "गिव या टेक" के, सारे प्रलोभनों को ओवरटेक करके, "सिक्स-लेन" वाले "मोक्ष मार्ग" पर बिना कोई टोल टैक्स दिए अपनी गाड़ी और कल्पनाओं के घोड़े दौड़ा सकता है. जिस दिन जालिम दुनिया यह समझ लेगी, उसी दिन से सारी समस्याएं नेताओं की ईमानदारी की तरह छू मंतर हो जाएंगी. आलसी लोगों को चाहे कोई कितना भी भला-बुरा क्यों ना कहे, लेकिन वह उसका कभी बुरा नहीं मानते, क्योंकि बुरा मानने के बाद गुस्सा उपजता हैं जो कि झगड़े और कलह को जन्म देता है, जिससे रिश्तों में दरार आने की संभावना रहती है और इस दरार को रोकने के लिए वो "खम्बुजा – सीमेंट" की तरह काम करते हैं. टीवी विज्ञापनों में कई सीमेंट में जान बताई जाती हैं। ऐसे सारे विज्ञापन के खिलाफ ज्ञापन देने की ज़रूरत हैं क्योंकि दरअसल "जान" किसी सीमेंट में नहीं होती है, बल्कि आलसी लोगों में होती हैं, क्योंकि संबंधों के लिए वे अपना "अहम" त्याग देते हैं, लेकिन अपना आलस त्याग देंगे ऐसा "वहम" किसी कीमत पर नहीं उपजने देते हैं। आज के भौतिकतावादी युग में सामाजिक मूल्यों को बनाये रखने में आलसी महापुरुष अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं, क्योंकि जहां अधिकतर लोग सफलता मिलने के बाद बदल जाते हैं और इवन-डे पर अपनी महंगी कार में और ओड-डे पर अपने अभिमान पर सवारी करने लगते हैं, वहीँ आलसी लोगों से सभ्य समाज को ऐसा कोई खतरा नहीं हैं, क्योंकि काम और सफलता इन दो शब्दों से आलसी लोगों का वही सम्बन्ध होता हैं जो कि "लाल किला बासमती चावल" से लाल किले का है.

# धर्म अध्यात्म



मां उग्रतारा मंदिर

# उग्र से उग्र व्याधियां भी दूर कर देती हैं मां उग्रतारा

धर्म में आस्था रखनेवालों एवं मंदिरों के दर्शन के अभिलाषी लोगों की खातिर हमारे भारतवर्ष में अनेकानेक संभावनाएं हैं. छोटे बड़े अनगिनत मंदिर पूरे देश में आस्था के केंद्र स्वरूप हैं. समस्त प्राचीन एवं नवीन मंदिरों का भ्रमण करना तो मनुज की खातिर असंभव ही होगा. भिन्न-भिन्न मान्यताओं के विभिन्न देवी-देवताओं के बहुसंख्यक मंदिरों में से एक है ऱमाँ उग्रताराऱ मंदिर. यह मंदिर बिहार में सहरसा के महिषी प्रखंड में स्थित है. यह स्थल सहरसा रेलवे स्टेशन से लगभग 18 किलोमीटर दूर है जहां बस, टैक्सी या ऑटो के माध्यम से पहुंचते हैं. महिषी प्रखंड कोसी नदी के किनारे बसा हुआ है. यह शहर तीनों ओर से तटबंधों से घिरा हुआ है. कुछ ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर माना जाता है कि सन् 1735 में दरभंगा राजपरिवार से जुड़ी महारानी पद्मावती ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था.



रूणा रश्मि 'दीप्त'



## पाषाण रूप में परिवर्तित हो गई थीं मां उग्रतारा

एक मान्यता के अनुसार ऋषि वशिष्ठ के उग्र तप के फलस्वरूप ही यहां देवी का सदेह अवतरण हुआ था. कालांतर में भक्त के द्वारा शर्त भंग होने से मां पाषाण रूप में परिवर्तित हो गईं और इस मंदिर में स्थापित हो गईं. भक्त की कठिन साधना के कारण ही इनका नाम वशिष्ठ की आराधिता ऱउग्रताराऱ पड़ा. एक अन्य मान्यता यह भी है कि मां अपने परम भक्तों की उग्र से उग्र व्याधियां भी दूर कर देती हैं, इसीलिए इनका नाम ऱउग्रताराऱ पड़ा.

## सिद्धपीठों में से एक

एक पौराणिक कथा के अनुसार दक्षयज्ञ में जलकर भस्म सती को लेकर जब देवाधिदेव क्रोधित होकर तांडव कर रहे थे तब सृष्टि को प्रलय से बचाने के लिए श्री विष्णु ने सती के शरीर को खंडित कर दिया जिसके 51 टुकड़े हुए. जिन स्थानों पर सती के शरीर का खंड गिरा उन स्थानों पर शक्ति पीठ की स्थापना हुई. महिषी का मां उग्रतारा मंदिर भी उन्हीं सिद्धपीठों में से एक है, जहां माता सती का बायां नेत्र भाग गिरने की मान्यता है.

## पहर-पहर बदलती मां की छवि

मंदिर के गर्भगृह में काले पत्थर की एक मूर्ति है जिसकी ऊंचाई लगभग 1.6 मीटर है. यह छवि अत्यधिक अलंकृत है एवं प्रसन्नचित्त मुद्रा में है. मुख्य देवी की पीठ पर एक छोटा पत्थर का स्तंभ तय किया गया है, जिस पर एक चित्रित सांप, हूड आकृति में अंकित है. मां तारा की मुख्य प्रतिमा के दोनों तरफ, दो छोटी देवियां भी हैं जिन्हें भक्तगण एकजटा और नील सरस्वती के रूप में पूजते हैं. यह मंदिर देवी सती को समर्पित है जो कामाख्या मंदिर के बाद एक महत्वपूर्ण शक्तिपीठ है. इस मंदिर में आम दिनों में वैदिक विधि से तथा नवरात्र में तंत्रोक्त विधि से पूजा का विधान है. भक्तों की ऐसी मान्यता भी है कि देवी की छवि दिवस के भिन्न-भिन्न कालों में भिन्न स्वरूप में लक्षित होती है. मां की छवि प्रात:काल में अलसाई, दोपहर रौद्र, शाम को सौम्य लगती है.

## शारदीय नवरात्र में उग्रतारा महोत्सव

भक्तगण पूर्ण आस्था के साथ अपनी कामना-पूर्ति की आस लिए मां उग्रतारा के दर्शन की खातिर आते हैं. प्रति सप्ताह मंगलवार को तथा नवरात्र के दिनों में इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अत्यधिक होती है. ऐसी मान्यता है कि मां उग्रतारा के आदेश के बिना कोई भी तंत्र-सिद्धि पूर्ण नहीं हो सकती है. इसीलिए तंत्रसाधक यहां अवश्य आते हैं. नवरात्र के अष्टमी दिवस साधकों की भीड़ यहां चरम पर होती है. शारदीय नवरात्र में यहां ऱउग्रतारा महोत्सवऱ भी होता है.





निगार सुल्ताना

*आज रमजान का तीसरा जुमा है. माह-ए-रमजान इस्लाम का सबसे पवित्र महीना माना गया है, जोकि मुसलमानों के लिए खास महत्व रखता है. शाबान माह (इस्लामिक कैलेंडर का आठवां महीना) के आखिरी दिन चांद का दीदार होने के बाद रमजान महीने की शुरुआत होती है. इस साल रमजान का महीना 12 मार्च से शुरू हो गया है.*

# बरकत व इबादत का पाक माह रमजान

रमजान दो शब्दों रमज+आन से मिल कर बना है. रमज का अर्थ जलाना और आन का मतलब घमंड होता है. मतलब जिस माह में हम अपने घमंड को जला कर अल्लाह की इबादत करें, वह रमजान है. अल्लाह को अहंकार-घमंड कतई पसंद नहीं है. इस्लाम में रमजान महीने को पाक माना गया है. मुसलमान लोग इस पाक महीने में पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर रोजा रखते हैं और सूर्य के डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते. सूर्योदय से पहले सहरी होती है और शाम को सूर्य के डूबने के बाद रोजा इफ्तारी होती है. मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह की पूरे महीने इबादत करते हैं और इंसानियत के लिए दुआ मांगते हैं. रमजान में 5 वक्त की नमाज जरूर अदा करते हैं. इस महीने किए इबादत का 70 गुना सवाब मिलता है.

## रहमत, बरकत और मगफिरत के अशरे

रमजान के पाक महीने को तीन हिस्सों में बांटा गया है. इन्हें पहला, दूसरा और तीसरा अशरा के नाम से जानते हैं. अशरा दरअसल अरबी का दस नंबर होता है. इस तरह रमजान के पहले दस दिन (1-10) में पहला अशरा होता है जो रहमत का अशरा होता है. बीच का अशरा (11-20 दिन) बरकत का अशरा होता है. आखिरी व तीसरा असरा 21 वें दिन से 30वें दिन का) होता है जो मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है.



## अल्लाह ही केवल इबादत के लायक

पैगंबर मोहम्मद (स.) साहब का लाया हुआ दीन यानी धर्म पूरे संसार के मानव के लिए है. संसार का पहला आदमी आदम और पहली स्त्री हव्वा है. इन्होंने दुनिया में आकर संदेश दिया है कि अल्लाह एक है और वही इबादत के लायक है. एक लाख चौबीस हजार नबियों अर्थात पैगंबरों ने आकर यही सबक लोगों को पढ़ाया है कि अल्लाह एक है वही शक्तिशाली है. अल्लाह ने मिसाल देकर समझाया है कि जो अल्लाह की बात नहीं मानते हैं,वह आंख रहते हुए भी वह अंधे हैं, कान रहते हुए भी बहरे हैं, और जुबान रहते हुए गूंगे हैं. जो अल्लाह को नहीं मानते या किसी और की इबादत करते हैं, उनके लिए नर्क ही एक मात्र ठौर है. आज संसार में जितनी भी उन्नति आप देख रहे हैं, उन्नति का जरिया सिर्फ और सिर्फ आप मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम है.



## शिर्क सबसे बड़ा गुनाह

कुरआन में अल्लाह तआला फर्माता है : ऱबिलाशुबा अल्लाह तआला शिर्क को माफ नहीं करेगा. शिर्क के अलावा जिस गुनाह को चाहेगा, माफ कर देगा और जिसने अल्लाह तआला के साथ किसी को शरीक किया, तो उसने अल्लाह के खिलाफ बहुत बड़ा गुनाह किया. (सूरह निसा: 44) सवाल है कि शिर्क है क्या? अल्लाह के साथ किसी को शामिल करना शिर्क कहलाता है. अल्लाह के साथ किसी और शामिल करना, उसकी इबादत करना, इसे इस्लाम में यह सबसे बड़ा गुनाह माना गया है जिसकी कोई माफी नहीं.

## बुरे कामों की चर्चा से भी रहें दूर

कुरान में अल्लाह के बताई हुई बातें हों या हदीस में बताई बातें, इन सभी को मानना जरूरी है. इधर उधर की बातें करना गलत है. दीनी उसूलों पर चलें. नबी-ए-करीम की सीरत पर अमल करें. अल्लाह के बंदों को न केवल बुरे काम से दूर रहना है, बल्कि बुरे काम के बारे में चर्चा भी नहीं करनी है. अच्छे अमल जिंदगी में लाएं. हर तरह की बुराई से खुद को बचाएं. और दूसरो को बचने का हुक्म करे. हर आदमी को हर इंसान अपने आमाल का हिसाब देना होगा.

## पाक महीने में यह करें

- रमजान के पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की इबादत, धार्मिक किताबों का पाठ और नेक कामों में बिताएं.
- रमजान में इबादत, तिलावत, जिक्र, तौबा और इस्तेगफार आदि करें.
- कुरआन हदीस में जिन कामों को करना मना है, उन्हें रमजान के महीने में बिल्कुल न करें.
- माह-ए-रमजान में खैर का काम, नेकी, सदका, जकात, खैरात, मदद जैसे कामों को मुख्तसर तौर पर करें.
- शरीअत के अनुसार जिन कामों को हराम माना गया है, उन कामों को रमजान के महीने में करने से बचें.
- रमजान में 5 वक्त की नमाज जरूर अदा करनी चाहिए.
- रमजान में झूठ बोलने, बेजुबानों को सताने, चुगली करने जैसे कामों से बचें.

## रोजा रखने के नियम

- जो रोजा रखते हैं, उन्हें नियमों का पालन करना होता है और रोजाना 5 वक्त की नमाज करनी होती है.
- भूख-प्यास पर नियंत्रण के साथ रोजेदारों को बुरा न सुनने, बुरा न बोलने और बुरा न देखने के नियम का भी पालन करना होता है. किसी का उपहास न उड़ाएं. किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं.
- रोजा रखने वालों को रोजाना कुरान का पाठ करना चाहिए.
- रोजेदारों को रोजाना किसी गरीब और जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए. इससे आप मुस्लिम होने का फर्ज अदा करते हैं.




# रामचरितमानस में भगवती सरस्वती का यह रोचक प्रसंग



डॉ. हाराधन कोईरी

गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस में कथा की शुरूआत गणेश और सरस्वती की वंदना के साथ होती है. इसके बाद भगवती सरस्वती का प्रसंग रामचरितमानस के अयोध्याकांड में आता है. राम के राज्याभिषेक की तैयारी अवधपुरी में चरम पर है. सभी नर-नारी राम के राज्याभिषेक को देखने को आतुर हैं. नगरवासी ग्राम्य देवी-देवता से मनौती मांग रहे हैं कि राम के राज्याभिषेक में किसी प्रकार का कोई विघ्न न हो. उधर देवगण आयोध्या में राम के राज्याभिषेक की तैयारी को देखकर संदेह में पड़ गये हैं. यदि राम अभी ही अयोध्या के राजसिंहासन पर विराजमान होंगे तो हमारी इच्छा कैसे पूरी होगी? इसी उहापोह में देवगण माता सरस्वती की स्तुति करने लगे. देवी उनके सामने प्रगट हुईं. तब सभी देवता उनसे विनती करने लगे और कहने लगे कि आपके बिना हमारे कार्य की सिद्धि नहीं होगी. सभी देवगण बार-बार उनके पैर को पड़ने लगे-





"सारद बोलि बिनय सुर करहीं।
बारहिं बार पाय लै परहीं।।"

सभी देवता भगवती सरस्वती से कह रहे हैं कि हे माता! हमारी इस विपत्ति को देखकर आप वही कीजिए जिससे राम राज्य को त्यागकर वन को चले जाएं और हम देवताओं का मनोरथ पूर्ण हो जाए-

"बिपति हमारी बिलोकी बड़ि मातु करिअ सोइ आजु।
रामु जाहिं बन राजु तजि होइ सकल सुरकाजु।।"

देवताओं की विनती सुनकर सरस्वती सोच में पड़ गयीं. तब देवगण फिर से विनती करने लगे कि माता इसमें आपको जरा भी दोष नहीं लगेगा-

"देखि देव पुनि कहहिं निहोरी।
मातु तोहि नहिं थोरिउ खोरी।।"

सभी देवगण माता सरस्वती से कह रहे हैं कि राम को कभी हर्ष और विषाद नहीं होता है. इस बात को आप स्वयं जानती हैं. जीव अपने कर्म से सुख-दुःख के भागी होते हैं. ऐसा जानकर देवताओं के हित के लिए अयोध्या को जावें-

बिसमय हरष रहित रघुराऊ।
तुम्ह जानहु सब राम प्रभाऊ।।
जीव करम बस सुख दुख भागी।
जाइअ अवध देव हित लागी।।"

बार-बार देवताओं के चरण पड़ने के कारण सरस्वती संकोच में पड़ जाती हैं. वे कहती हैं कि देवताओं का निवास तो ऊंचा है किन्तु उनकी करनी नीची है. ये दूसरे के ऐश्वर्य को नहीं देख पाते हैं. फिर भी सरस्वती राम के वन जाने से राक्षसों का वध होगा, जिससे सारा संसार सुखी होगा, आने वाले समय में राम के वनवासी चरित्रों का गुणगान करने के लिए मेरी आराधना करेंगे ऐसा विचार कर देवी सरस्वती अवधपुरी को गयीं. तुलसीदास कहते हैं मानो अयोध्या नगरी में दःसह दुख देने के लिए कोई ग्रह दशा आयी हो. सरस्वती वहां जाकर कैकेयी की दासी मंथरा की बुद्धि फेरकर वापस आती हैं-

"नामु मंथरा मंदमति चेरी कैकइ केरि।
अजस पेटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि।।"

भगवती सरस्वती का प्रसंग गोस्वामी तुलसीदास ने आध्यात्म रामायण के आधार पर किया है. किन्तु कथा का विस्तार उनकी निजी कल्पना है. भारतीय साहित्य कभी-कभी दैवी शक्तियों का प्रसंग, आकाशवाणी और सिद्धजनों की कथा का प्रयोग दो कथाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने तथा कथाओं को आकस्मिक मोड़ देने के लिए किया जाता है.

देवताओं के विनती करने पर सरस्वती ने जग कल्याण के निमित्त वह कार्य की थीं. जब राम का वनवास हो जाता है और भरत राम को अयोध्या वापस लौटने की जिद करने लगते हैं तब फिर से देवगण देवी सरस्वती से भरत की मति फेरने को कहते हैं किन्तु वे अस्वीकार कर देती हैं.

खुशी संदेश-07

## रुचि के क्षेत्र की असफलता भी महत्वपूर्ण




मुकेश चौहान

एक गुरुकुल में बहुत सारे छात्र शिक्षारत थे. गुरु यह देख रहे थे कि उनमें से एक छात्र पढ़ाई में काफी कमजोर होते जा रहा था. गुरु उस छात्र को काफी समझाए, कारण जानने का प्रयास किया; पर कोई नतीजा नहीं निकला. छात्र जिस कुटिया में रहता था, उसमें एक दिन गुरु चले गए. छात्र की अनुपस्थिति में उसके कॉपियों को चेक किया. सबमें वह तरह-तरह के चित्र बनाए हुए था. दीवारों पर भी चित्र उकेरे हुए था. गुरु उसके रुझान को समझ गए. दूसरे दिन गुरु उससे कहें- अगले सप्ताह राज्य में चित्रकला की प्रतियोगिता होनी है. तुम्हें उसमें शामिल होना है. कम समय था, कोई सिखलाने वाला नहीं; फिर भी छात्र खुशी से तैयारी में जुट गया. प्रतियोगिता में प्रथम तो नहीं, पर पांचवें स्थान पर आ गया. गुरु बोले - जो तुम शिद्दत से चाहते हो, अगर वो करते हो तो असफलता में भी सफलता का आनंद आएगा और वहीं से तुम्हें तुम्हारी मंजिल नजदीक दिखने लगेगी. मशहूर विचारक जॉर्ज बर्न्स ने भी कहा था- जिस चीज को आप चाहते हो, उसमें असफल होना, जिस चीज को आप नहीं चाहते, उसमें सफल होने से बेहतर है.

मीन मलमास

# 13 अप्रैल तक वर्जित रहेंगे शुभकाम



आचार्य अजय मिश्रा

इन दिनों मीन मलमास चल रहा है. यह 14 मार्च से शुरू हुआ है. अभी सभी शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित हैं. दरअसल सूर्य मीन राशि में प्रवेश कर गया है जिसे मीन संक्रान्ति कहते हैं. मान्यता है कि इस दौरान सूर्य का शुभ प्रभाव कमजोर पड़ जाता है. इसकारण मीन मलमास में शादी, विवाह, सगाई, जनेऊ और मुंडन जैसे शुभ संस्कार वर्जित होते हैं. इस बार मीन मलमास 13 अप्रैल तक रहेगा.

## ये शुभ कार्य हैं वर्जित

- विवाह वर्जित होता है. हालांकि प्रेम विवाह के लिए रोक नहीं है.
- नए मकान का निर्माण कार्य शुरू करना चाहे हैं तो रूक जाएं. मान्यता है कि मीन मलमास में बने
- नए मकान का निर्माण और संपत्ति का क्रय करना वर्जित होता है. इस अवधि में बनाए गए मकान आमतौर पर कमजोर माने जाते हैं और इनमें निवास का सुख नहीं मिल पाता है.
- नया व्यवसाय या नया कार्य आरम्भ न करें.
- अन्य मंगल कार्य जैसे द्विरागमन, कर्णवेध और मुंडन आदि भी वर्जित हैं. हालांकि पूजा, उपासना की जा सकती है. यानी गर आप घर में कोई पूजा का आयोजन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं.

## अपनाएं यह उपाय

- सूर्य को हल्दी मिला हुआ जल अर्पित करें.
- नित्य प्रात: और शाम को सूर्य मंत्र का जाप करें.
- ज्यादा समस्या हो तो रविवार का व्रत रखें.
- गुड़ का दान करें.

ॐ सूर्याय नमः।। ॐ घृणि सूर्याय नमः।। ॐ आदित्याय नमः।। इस मंत्र का 108 बार जाप करें.

**सूर्य के 21 नामों का जाप अगर मीन मलमास के दौरान प्रतिदिन सुबह करेंगे तो भीसूर्य देव की कृपा मिलेगी. ये 21 नाम हैं-**

1. विकर्तन
2. विवस्वान
3. मार्तण्ड
4. भास्कर
5. रवि
6. लोकप्रकाशक
7. श्रीमान
8. लोकचक्षु
9. गृहेश्वर
10. लोकसाक्षी
11. त्रिलोकेश
12. कर्ता
13. हर्ता
14. तमिस्त्रहा
15. तपन
16. तापन
17. शुचि
18. सप्ताश्ववाहन
19. गभस्तिहस्त
20. ब्रह्मा
21. सर्वदेवनमस्कृत



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# आईपीएल के पहले मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा

**1276** करोड़ मिनट रहा पहले दिन का वॉचटाइम

**870** करोड़ मिनट रिकॉर्ड किए गए थे 2023 के पहले मैच में

**06** करोड़ से अधिक लोगों ने डिज्नी स्टार नेटवर्क पर प्रसारण देखा



## प्रसारक ने कहा आईपीएल के 17वें सत्र के उद्घाटन में टूटा दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड

**भाषा। मुंबई**

आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा. मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी. इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा, जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है. आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा. कंपनी ने कहा कि डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे. पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को छह विकेट से हराया था. स्टार स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह बड़ी उपलब्धि है, जिसे स्टार स्पोर्ट्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया. हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं.

**पिछले सत्र की तुलना में हुआ 16 प्रतिशत वॉचटाइम में इजाफा**

## एसीए ने हनुमा विहारी को दिया नोटिस

**बेंगलुरू।** ध्र क्रिकेट संघ ने हनुमा विहारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिन्होंने महीना भर पहले प्रदेश संघ पर विवादित ढंग से उन्हें कप्तानी से हटाये जाने का आरोप लगाने के बाद प्रदेश के लिये दोबारा नहीं खेलने की बात कही थी. कुछ दिन पहले एसीए की शीर्ष परिषद की बैठक के बाद जारी किये गए नोटिस का विहारी ने जवाब नहीं दिया है. एसीए के एक अधिकारी ने बताया कि हमने कुछ दिन पहले उसे नोटिस जारी किया है और जवाब का इंतजार है. उन्होंने कहा कि हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि उन्होंने ऐसी प्रतिक्रिया क्यो दी थी. उन्होंने हमसे संपर्क नहीं किया. यह मौका है कि वह अपनी शिकायतें हमारे सामने रखें. हम प्रदेश क्रिकेट के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हैं. रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश के खिलाफ आंध्र की हार के बाद विहारी ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद उनसे कप्तानी छीन ली गई. उस समय उन्होंने हालांकि कहा था कि निजी कारणों से उन्होंने यह फैसला लिया है.

## मुफ्त की पढ़ाई के लिए चुना था क्रिकेट : बर्गर

**जयपुर।** दक्षिण अफ्रीका के बायें हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर कभी क्रिकेटर बनना नहीं चाहते थे बल्कि मुफ्त पढाई के लिये उन्होंने खेल को चुना. उन्हें 2014 में क्रिकेट ट्रायल के जरिये विटवाटर्सरेंड यूनिवर्सिटी में दाखिला और पूरी स्कॉलरशिप मिली. उसके बाद से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा. दक्षिण अफ्रीका के 28 वर्ष के तेज गेंदबाज बर्गर ने पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया. राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 50 लाख रूपये में खरीदा जबकि उन्होंने पिछले महीने एसए20 में भी जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के लिये खेला था. बर्गर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि अजीब लगता है ना. विट्स उन छात्रों को स्कॉलरशिप दे रहा था जो क्रिकेट खेलते हैं. मैं क्रिकेटर बनना नहीं चाहता था लेकिन मुफ्त पढाई के लिये हाथ आजमाने में बुराई नहीं थी. क्रिकेट मेरी पढाई के लिये बैकअप था. उनकी यूनिवर्सिटी के कोच नील लीवेंसन ने उनमें एक सक्षम तेज गेंदबाज देखा. बर्गर ने कहा कि पहले तो मैं हंसा कि मैं 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डालता हूं.

**आईपीएल : कोलकाता नाइट राइडर्स व रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मुकाबला आज**

# लय बरकरार रखने उतरेगी बेंगलोर और कोलकाता

**भाषा। बेंगलुरु**

- मैच शाम 7:30 में शुरू होगा

पिछले मैच में मिली जीत से रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का होसला बढ़ा है लेकिन उनका अपने प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है. शुक्रवार को दोनों टीम के बीच मुकाबला खेला जाएगा और दोनों अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी. आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी. इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं. आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा. तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने पहले मैच में 38 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में 43 रन देकर एक विकेट लिया. ऐसे में आरसीबी खेमा इंग्लैंड के बायें हाथ के तेज गेंदबाज रीसे टॉपली को उतार सकता है. केकेआर के पास शीर्ष और मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर , वेंकटेश अय्यर, सुनील नारायण और नीतिश राणा हैं, जो ईडन गार्डंस पर सनराइजर्स के खिलाफ चल नहीं सके. इंपैक्ट खिलाड़ी रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल छठे, सातवें और आठवें नंबर पर उतरकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचा पाये. श्रेयस ने दो गेंद खेली और खाता भी नहीं खोल सके. वैसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पिछली दो पारियों में प्रदर्शन अच्छा रहने से उनका मनोबल बढेगा.



पिछले मैच पंजाब के खिलाफ जीती थी आरसीबी

### डुप्लेसी व मैक्सवेल से आरसीबी को अच्छी पारी की उम्मीद

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी. कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है. पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई. केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं.



कोलकाता ने पिछले मैच में हैदराबाद को हराया था

### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**
फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा.

## मैच फिट होने में सूर्या को लग सकता है कुछ और भी समय

**भाषा। नयी दिल्ली**

**टी-20 क्रिकेट**

- सर्जरी से पूरी तरह नही उबर पाए है सूर्याकुमार यादव
- बीसीआई के सूत्र में कहा, अच्छी प्रगति कर रहे हैं सूर्या

दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं, जसके चलते वह आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे. राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है. मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है. भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियंस की ओर से वापसी करेगा. शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है. मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता है क्योंकि जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है. सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी-20 विश्व कप में खेलने



की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है. मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए 33 साल के सूर्यकुमार की तुलना कई बार दक्षिण अफ्रीका के संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से होती है. उन्होंने इस प्रारूप में 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं.

## खुलकर खेलने के प्रबंधन के संदेश ने किया कमाल: अभिषेक

**भाषा। हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था. सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की. ट्रेविस हेड ने 24 गेंद में 62 और शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बनाये जबकि हेनरिच क्लासेन ने 34 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी खेली. इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाया था. शर्मा ने कहा कि मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिये सबसे तेज अर्धशतक था. मैं सिर्फ खुलकर



खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला. मुझे काफी मजा आया. उन्होंने कहा कि मैच से पहले टीम बैठक में बल्लेबाजों के लिये सीधा और साफ संदेश था कि मैदान पर उतरकर खुलकर खेलो. यह काफी सकारात्मक संदेश था जो कप्तान और कोच से मिला था. इससे सभी बल्लेबाजों को मदद मिली.

## कोच पंडित से खफा थे खिलाड़ी : वीसे

**नयी दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये पिछले साल आईपीएल खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के पूर्व हरफनमौला डेविड वीसे ने कहा कि कई विदेशी खिलाड़ी मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित की उग्र कार्यशैली से खफा थे. वीसे ने कहा कि विदेशी खिलाड़ी इससे कतई खुश नहीं थे कि उन्हें यह बताया जाये कि कैसे रहना है या क्या पहनना है. उन्होंने कहा कि उन्हें (पंडित को) भारत में काफी उग्र कोच के रूप में जाना जाता है. वह काफी सख्त, अनुशासनप्रिय किस्म के कोच हैं. फ्रेंचाइजी क्रिकेट में कई बार दुनिया भर से आये विदेशी खिलाड़ियों को यह बताने की जरूरत नहीं होती कि उन्हें कैसे बर्ताव करना है या क्या पहनना है.

## वॉर्नर, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**मेलबर्न।** वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है. विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है. क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं. ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट शृंखला भी खेलनी है. वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी-20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं.

**ऑस्ट्रेलिया के अनुबंधित खिलाड़ी :** सीन एबोट, जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, टॉड मरफी, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा.

**बैडमिंटन** मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में भारतीय दिग्गज का शानदार प्रदर्शन जारी

# एकतरफा मुकाबला जीतकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में

**भाषा। मैड्रिड**

भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा. उन्होंने गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली. पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया. पिछले सत्र की



- सिंधू ने सीधे गेम में चीनी ताइपे की हुआंग को हराया
- 36 मिनट तक चले मैच में 21-14, 21-12 से जीती सिंधू

उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी. सिंधू ने शुरुआती गेम में 3-0 की बढ़त बनायी लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लय गंवा दी. वह लगातार शटल को नेट पर खेल रही थी जिससे उनकी बढ़त घट कर 7-6 हो गयी. भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को 18-12 करने में सफल रही. सिंधू ने इसके बाद आठ गेम प्वाइंट हासिल किये और तीसरे प्रयास में उसे भुना कर पहला गेम जीत लिया. छोर बदलने के बाद भी यू-हसुन का संघर्ष जारी रही. उनके पास सिंधू के ताकतवर प्रहार का कोई जवाब नहीं था. ताइवान की यह खिलाड़ी बार-बार शटल को कोर्ट के बाहर खेल रही थी. उन्होंने 'ड्रॉप शॉट' और 'प्लेस्मेंट' का इस्तेमाल किया लेकिन स्मैश में कोई ताकत नहीं होने से सिंधू को परेशान नहीं कर सकीं. इस गेम में सिंधू ने आठ मैच प्वाइंट हासिल किये और यू-हसुन के शटल को नेट पर खेलने के साथ ही मुकाबला जीत लिया. पिछले दो सप्ताह में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन की कैरोलिना मारिन के टूर्नामेंट से हटने के बाद सिंधू इस प्रतियोगिता में चैम्पियन बनने की मजबूत दावेदार हैं. सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपना पिछला खिताब 2022 सिंगापुर ओपन सुपर 500 में जीता था.

# फॉर्म की तलाश में कप्तान पंड्या

**भाषा। नयी दिल्ली**

**खराब कप्तानी**

- हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने अपने दोनों मैच हारे हैं
- रोहित की जगह कप्तान बनाए जाने से लोगों में नाराजगी

हार्दिक पंड्या के दूसरी बार मुंबई इंडियंस से जुड़ने के बाद टीम ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ दो मैच खेले हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उनके सामने काफी समस्याएं हैं और अब तक वह कप्तानी में भी सहज नजर नहीं आए हैं. मौजूदा राष्ट्रीय टीम में सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक ऑलराउंडर हार्दिक उन्हें निखारने वाली टीम से दोबारा जुड़ने के बावजूद आईपीएल में असहज नजर आ रहे हैं. हार्दिक को मुंबई में सबके चहेते रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया है, जिससे लोगों में उनके प्रति नाराजगी भी है. नतीजों ने चीजों को और बदतर बना दिया है. दो मैच, दो हार



और कुछ साधारण रणनीति ने हार्दिक को मुश्किल में डाल दिया है जबकि उनकी स्वयं की खराब फॉर्म ने मुसीबत बढ़ा दी है. तीस साल के हार्दिक की कप्तानी को हालांकि फिलहाल कोई खतरा नहीं है क्योंकि आईपीएल की सबसे अधिक स्थानांतरण राशि पर उन्हें टीम में लाने के बाद मुंबई इंडियंस के मालिक जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहते. मुंबई की टीम टूर्नामेंट में धीमी शुरुआत करती रही है और लय हासिल करने में समय लेती है तथा ऐसे में हार्दिक को टूर्नामेंट की शुरुआत में ही चुका हुआ मान लेना सही नहीं होगा क्योंकि आखिरकार वह पांच बार की चैंपियन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं. पिछले तीन सत्र में चूकने के बाद मुंबई सफलता के लिए बेताब है.

## ब्रीफ खबरें

### 360.9 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भागलपुर ।** जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र से 360.9 लीटर विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को एसएसपी आनंद कुमार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी. एसएसपी ने बताया कि बीते 27 मार्च को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक डाक पार्सल वाहन के छत पर गुप्त तहखाना बनाकर विदेशी शराब का खेप औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र से गुजरने वाला है. चेकिंग के दौरान टाटा मैजिक पार्सल वाहन से 360.9 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया.

### 31 मार्च तक सताएगी गर्मी, अलर्ट जारी

**पटना ।** पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 31 मार्च तक के लिए अलर्ट जारी किया है. केंद्र के मुताबिक उत्तर बिहार के लगभग सभी जिलों में 31 मार्च यानी रविवार तक गर्मी का प्रकोप रहेगा और अधिकतम तापमान 38 सेंटीग्रेड तक पहुंच जाएगा. मौसम केंद्र से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सारण और गोपालगंज में आगामी 31 मार्च तक अधिकतम तापमान 34 से 36 सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 20 से 24 सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है. दूसरी ओर सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, वैशाली और दरभंगा में अधिकतम तापमान 32 से 38 सेंटीग्रेड तक पहुंचने का पूर्वानुमान किया गया है.

### बेतिया में लापता बच्ची का शव बरामद

**पटना ।** बेतिया में 8 साल की मासूम बच्ची का शव बरामद हुआ है. शव मिलने के बाद से ही पूरा इलाका तनावपूर्ण हो गया है. आरोपियों के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. परिजनों ने बच्ची के फुफेरे भाई पर दुराचार करने के बाद बच्ची की हत्या करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना से गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया. सड़क पर आगजनी की जा रही है. महिलाएं भी सड़क पर उतर गई और आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रही हैं. बच्ची पिछले दो दिनों से लापता थी.

## लोकसभा चुनाव : पहले दौर के नामांकन का अंतिम दिन

# पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने गया सीट से किया नामांकन

### मांझी के नामांकन के दौरान राजग के तमाम बड़े नेता मौजूद थे

**संवाददाता । पटना**

पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने गया लोकसभा संसदीय सीट से राजग उम्मीदवार के तौर पर गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. पहले चरण के लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन की अंतिम तिथि थी. मांझी के नामांकन के दौरान बिहार राजग के तमाम बड़े नेता मौजूद थे.

राजग उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने के बाद मांझी समाहरणालय से निकलकर गांधी मैदान एक सभा को संबोधित भी किया. इस दौरान मांझी के नामांकन में भाजपा की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू से मंत्री श्रवण कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान मौजूद थे.



### पूर्णिया से एनडीए उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने किया नामांकन

**पटना ।** पूर्णिया के वर्तमान सांसद संतोष कुशवाहा ने एनडीए उम्मीदवार के रूप में गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया. मौके पर उनके साथ मंत्री विजय चौधरी, लेसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद मौजूद रहे. संतोष कुशवाहा ने इससे पूर्व अपनी मां का आशीर्वाद लिया. मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद समाहरणालय पहुंचकर पर्चा दाखिल किया. नामांकन दाखिल करने के बाद कुशवाहा ने कहा कि विकास और सुशासन के नाम पर जनता के पास जाएंगे और जो काम बचा हुआ है उसको पूरा करेंगे.

### राजद के उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा ने नवादा से किया नामांकन

**पटना ।** लोकसभा चुनाव के लिए नवादा संसदीय सीट से महागठबंधन में राजद के उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा ने गुरुवार को समाहरणालय पहुंचकर नामांकन किया. नामांकन के दौरान श्रवण कुशवाहा के साथ मौजूद रहे राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने नवादा से श्रवण कुशवाहा की जीत के प्रति भरोसा जताते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक ओर आम लोगों से जुड़े मुद्दे हैं. महंगाई, बेरोजगारी और किसानों का मुद्दा है. उन्होंने कहा कि इस बार मुद्दा बनाम मोदी की लड़ाई में मोदी की हार होगी.

### नवादा से चुनावी दंगल में उतरे भोजपुरी गायक गुंजन सिंह

पटना : लोकसभा चुनाव के इस महासमर में अब भोजपुरी के सुपरस्टार गुंजन सिंह भी उतर गए हैं. नवादा लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में गुंजन सिंह ने गुरुवार को नामांकन किया. नामांकन दाखिल करने के लिए वह नवादा पहुंचे. इस दौरान मीडिया से बात करते हुए गुंजन सिंह ने कहा कि विकास के मुद्दा पर चुनाव लड़ने आए हैं. जनता के आदेश पर मैदान में उतरे हैं. सबसे बड़ा मुद्दा है कि घर का बेटा घर का नेता रहेगा. वहीं, इस दौरान यूट्यूबर मनीष कश्यप भी साथ दिखे.

### एआईएमआईएम 15 सीटों पर उतारेगा उम्मीदवार

**पटना ।** एआईएमआईएम बिहार में 15 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने गुरुवार को इसकी औपचारिक घोषणा की. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी पहले 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन जनता की आग्रह पर पांच सीटों को और हम लोगों ने बढ़ाया है. इसमें पाटलिपुत्र, काराकाट भी शामिल है. कुल मिलाकर अभी तक हमने 15 सीटों पर चुनाव लड़ने की ऐलान किया है. अख्तरुल ईमान ने कहा कि एक और मधुबनी सीट पर भी हमारी पार्टी विचार कर रही है. वहां के लोगों ने आग्रह किया है इसलिए मधुबनी सीट पर भी चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन उसके लिए अभी क्लियर नहीं किया गया है. पार्टी के ऐलान में काराकाट, गोपालगंज शिवहर, दरभंगा, वाल्मीकि नगर ये नए सीट हैं जहां से पार्टी चुनाव लड़ेगी.

# गंगा में स्नान करने गये तीन दोस्त डूबे, एक की मौत

**संवाददाता । पटना**

राजधानी पटना के गंगा नदी में गुरुवार को स्नान के दौरान तीन दोस्त डूब गये, जिसमें एक दोस्त की मौत हो गयी जबकि दो दोस्तों ने तैर कर अपनी जान बचायी. घटना मोकामा प्रखंड के हाथीदह गंगा घाट की है. तीनों दोस्त मरांची गंगा के महादलित परिवार के रहने वाले हैं. ये लोग गंगा नदी में स्नान करने पहुंचे थे तभी गहरे पानी में जाने से तीनों लोग डूबने लगे. दो युवक तो तैरकर अपनी जान बचा लिए लेकिन एक युवक की डूबने से मौत हो गई.

हादसे की सूचना मिलते ही मोकामा सीओ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं. सिमरिया घाट से एसडीआरएफ की टीम लगातार लापता युवक को गंगा नदी में तलाश रही है. लोकल गोताखोर की टीम भी तलाशी अभियान में जुट गयी है.

### नेपाली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिले के जितना थाना पुलिस ने गुरुवार को गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 120 बोतल नेपाली शराब के साथ दो तस्कर को जितना छठ घाट के समीप से गिरफ्तार किया है. पकड़े गये दोनों तस्कर जितना थाना क्षेत्र के झंझरा गांव निवासी तेजा राय एवं चंदन साह है. दोनों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

# लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने उतारे चार प्रत्याशी

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के सियासी मैदान में मायावती की पार्टी बसपा के उतर जाने से मुकाबला रोचक हो गया है. पहले चरण के चुनाव के लिए एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार चुनावी रण में उतर चुके हैं. इसी बीच, उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती की पार्टी ने बिहार की चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं. दरअसल, लोकसभा चुनाव में मायावती की पार्टी बसपा ने बिना किसी गठबंधन के चुनाव मैदान में उतरने का फैसला लिया था. पहले चरण में होने वाले चुनाव में गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा सीट से बसपा उम्मीदवारों ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. औरंगाबाद से सुनेश कुमार, गया से सुषमा कुमारी, नवादा से रंजीत कुमार और जमुई से सकलदेव दास को अपना उम्मीदवार बनाया है. पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने बुधवार को प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की. उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही उनका नामांकन भी शुरू हो गया. महतो ने कहा कि सभी 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे.

### एलजेपी (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण ने छोड़ी पार्टी

**पटना ।** चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) को बड़ा झटका लगा है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार ने गुरुवार को पार्टी छोड़ने का ऐलान किया है. इसके साथ ही चिराग पासवान पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं. चिराग की तरफ से धोखा मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह तो बहुत स्पष्ट है. पूरे बिहार की जनता समझ रही है कि हमारे साथ क्या हुआ है. अरुण ने कहा कि चिराग पासवान को मैंने किन परिस्थितियों में साथ दिया. किन परिस्थितियों में मैंने उनके कहने पर पार्टी को विलय करा दिया. आखिर हमलोग माला जपने वाले हिमालय के साधु तो नहीं हैं.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले चिराग पासवान, बोले-

# राजग बिहार की सभी 40 सीट जीतेगा

**संवाददाता । पटना**

सीएम नीतीश कुमार से गुरुवार को एलजेपी (आर) प्रमुख चिराग की



मुलाकात हुई. इस मुलाकात के बाद सांसद चिराग पासवान ने कहा कि 40 सीट जितने में कोई संदेह नहीं है. 2019 में तीन दल थे तो 39 सीट जीते थे आज के तारीख में हम लोग 5 दल हैं, दो और मजबूत दल हमारे गठबंधन में हैं. ऐसे में पूरे विश्वास के साथ नामांकन में हम लोग गए हैं. जिस तरह से माहौल है लोगों का जो उत्साह है यह अपने में दर्शाता है कि बिहार की 40 सीट जीतेंगे. यह सिर्फ बिहार का माहौल है. देश में भी 400 पार का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री जी ने दिया है उसको भी हम लोग सरलता से पूरा करेंगे. चिराग पासवान ने कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर है. उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सभी रणनीति दुरुस्त है. एनडीए पूरी मजबूती के साथ, तमाम रणनीति हम लोग की बन गई है. 40 में 40 सीट हम लोग जीतेंगे. जो लक्ष्य है उसको पूरा करेंगे. राजद के सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कुछ भी बन जाए. जनता के बीच उनकी बात नहीं बनने वाली है इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है. वहीं, मंत्री श्रवण कुमार ने कहा पीएम मोदी जी और नीतीश कुमार जी ने जो काम किया है. ये हर घर के लिए, हर बिरादरी के लिए, हर धर्म के लिए, हर मजहब के लिए काम किया है. इस आधार पर 40 की 40 सीट हम लोग जीतेंगे.

# पुलिस टीम पर हमला, थानाध्यक्ष सहित 4 घायल

**संवाददाता । नवादा**

नवादा पुलिस पर गुरुवार को हमले में थानाध्यक्ष समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं. वहीं नौ पुरुष छह महिला हमलावरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है. शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर शराब कारोबारियों ने किया हमला. नवादा में शराब माफियाओं का हौसला बुलंद है शराब माफियाओं ने शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया है. इस



हमले में काशीचक थाना के थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए है. इस बाबत थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. वहीं पुलिस पर हमला मामले में पुलिस ने 30 नामजद व 80 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है .पुलिस अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी में जुट गई है.

घटना काशीचक थाना क्षेत्र के मधेपुर गांव के पासवान टोला की बताई जाती है. जहां पुलिस शराब की तस्करी और भंडारण की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी. थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मधेपुर पासवान टोला में शराब की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी इसके आलोक में एक टीम गठित कर वहां छापेमारी करने पहुंचे थे. इसी बीच पुलिस पर कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया. जिसमें थानाध्यक्ष समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हुए. पुलिस अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. घायल पुलिस कर्मी में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, अनोज कुमार सिपाही, पप्पू कुमार सिपाही और सिपाही रंजन कुमार बताए जाते है. सभी जख्मी पुलिसकर्मियों को जख्मी हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां अस्पताल में तैनात चिकित्सक द्वारा सभी का इलाज जारी है.

## कारोबार

### अडाणी ने 180 मेगावाट का सौर संयंत्र किया शुरू

**नयी दिल्ली ।** अडाणी ग्रीन एनर्जी ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में 180 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू करने की गुरुवार को जानकारी दी. बयान के अनुसार, संयंत्र का भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई), अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) है. इस संयंत्र की सफल शुरुआती के साथ एजीईएल का परिचालन सौर खंड बढ़कर 6,243 मेगावाट हो गया है.

### इंट्रेपिड ट्रैवल भारत में करेगी विस्तार

**नयी दिल्ली ।** यात्रा कंपनी इंट्रेपिड ट्रैवल ने भारत में विस्तार की योजनाएं तैयार की हैं. इसका लक्ष्य 2030 तक देश में 30,000 ग्राहकों को जोड़ना है. इंट्रेपिड ट्रैवल के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन डेरेल वेड ने बताया कि नए क्षेत्रों में प्रवेश करने की कंपनी की योजना को साझा किया और इसे अपने व्यवसाय का स्वाभाविक विस्तार बताया. उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 2030 तक भारत में 30,000 ग्राहकों को जोड़ना है. यह एक साहसिक महत्वाकांक्षा है, जिससे ग्राहकों की संख्या में करीब 350 प्रतिशत का इजाफा होगा.

### जेरोधा फंड हाउस का एयूएम 500 करोड़ बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** जेरोधा और स्मालकेस के संयुक्त उपक्रम जेरोधा फंड हाउस की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) सिर्फ 40 दिन में 500 करोड़ रुपये बढ़ गई हैं. इससे संयुक्त उद्यम का एयूएम 1,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है. फंड हाउस का एयूएम 15 फरवरी को 500 करोड़ रुपये के आंकड़े पर पहुंचा था. कंपनी के एयूएम में पहले 500 करोड़ लगभग तीन महीने में जुड़े थे जबकि 500 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा सिर्फ 40 दिन में पा लिया. स्मालकेस के सीईओ वसंत कामत ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह देखकर खुशी हुई कि जेरोधा फंड हाउस पर निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है.

## शिपिंग इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा सेलर्स देने के मामले में भारत तीसरे नंबर पर

# कई बड़े जहाज भारतीय सेलर्स पर निर्भर

**भाषा । नयी दिल्ली**

वैश्विक व्यापार में अधिकतर सामान जहाज के जरिये भेजे जाते हैं. समुद्र के रास्ते मालवाहक जहाज सामान लेकर एक देश से दूसरे देश लंबे सफर पर निकलते हैं और सामान पहुंचाकर फिर वापस लौट जाते हैं. इसमें जहाज के साथ काफी संख्या में सेलर्स भी होते हैं, जो जहाज को सुचारू रूप से संचालित करते हैं और ट्रेड सिस्टम को व्यवस्थित बनाए रखते हैं.

एक आंकड़े के अनुसार दुनिया में 90 प्रतिशत से अधिक गुड्स ट्रेड शिपिंग के जरिए होता है. इस इंडस्ट्री में भारतीय सेलर्स की अहम भूमिका होती है. दुनिया के कई बड़े जहाज तो पूरी तरह भारतीय सेलर्स पर निर्भर हैं. शिपिंग इंडस्ट्री को सबसे ज्यादा सेलर्स देने के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है. चीन पहले और फिलीपींस दूसरे नंबर पर है. डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ शिपिंग के मुताबिक ग्लोबल सीफेयरर्स में भारत की हिस्सेदारी करीब 10% है.

दरअसल हाल ही में अमेरिका के बाल्टीमोर में डाली नामक मालवाहक जहाज मशहूर फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया था.





**जहाज उद्योग**

- ग्लोबल सीफेयरर्स में भारत की हिस्सेदारी 10% है
- 90% से अधिक गुड्स ट्रेड शिपिंग के जरिए होता है

इससे यह पुल ढह गया. इसमें छह लोग मिसिंग रहे, जिसे मृत मान लिया गया. लेकिन जहाज में मौजूद भारतीय सेलर्स की तत्परता से कई जानें बच गईं. जहाज पर मौजूद चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे.

जहाज के पुल पर टकराने से पहले ही भारतीय सेलर्स ने अथॉरिटीज को अलर्ट कर दिया था. इससे अधिकारियों ने पुल पर ट्रैफिक रोक दिया और बड़ा हादसा होने से टल गया. ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुद भारतीय सेलर्स की भूमिका की तारीफ की. उन्होंने कहा कि भारतीय सेलर्स की तत्परता से कई जानें बच गईं. इस घटना ने समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय सेलर्स की अहम भूमिका को सुर्खियों में ला दिया. इससे शिपिंग उद्योग में भारत की भूमिका पर भी चर्चा होने लगी.

बता दें कि साल 2013 से 2017 तक इंडियन सेलर्स के लिए शिपबोर्ड जॉब्स में 42.3% तेजी आई है. हालांकि भारत अब भी इस मामले में चीन से काफी पीछे है. दुनिया में सेलर्स की कुल संख्या में चीन का करीब 33% है. लेकिन इसमें एक बड़ा फर्क है. चीन के अधिकांश सेलर्स अपने ही देश के जहाजों पर काम करते हैं जबकि भारत के सेलर्स देसी-विदेशी जहाजों में तैनात हैं. यानी भारतीय सेलर्स ज्यादा ग्लोबल हैं. अगर भारत ज्यादा जहाज बनाएगा और ऑपरेट करेगा तो यह स्थिति बदल सकती है. एक आंकड़े के मुताबिक 2013 में भारतीय सेलर्स की संख्या 1,08,446 थी जो 2017 में 1,54,339 पहुंच गई. 2017 में भारतीय मरीन ऑफिसर्स की संख्या 62,016 थी, जबकि दूसरे सेलर्स की संख्या 82,734 थी. तबसे यह संख्या काफी बढ़ गई है. हालिया आंकड़ों के मुताबिक भारतीय सीफेयरर्स की कुल संख्या 2,50,000 है. इनमें से 1,60,000 प्रोफेशनली सर्टिफाइड सीफेयरर्स हैं जो कार्गो शिप पर काम करते हैं.

भारत लंबे समय से इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन की वाइट लिस्ट में हैं. इस लिस्ट में ऐसे देशों को शामिल किया गया है जो एसटीसीडब्ल्यू-95 कन्वेंशन एंड कोड का पूरी तरह पालन करते हैं. इस लिस्ट में शामिल होने वाले देशों के पास उचित लाइसेंसिंग सिस्टम्स, ट्रेनिंग सेंटर्स, फ्लैग स्टेट कंट्रोल और पोर्ट स्टेट कंट्रोल की व्यवस्था होनी चाहिए.



बॉलीवुड कलाकार मनीषा कोइराला (द्वितीय बाएं), सोनाक्षी सिन्हा (बीच में) और अन्य लोग बुधवार को मुंबई में संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित अपनी आगामी नेटफ्लिक्स टेलीविजन श्रृंखला हीरामंडी: द डायमंड बाजार के प्रचार में शामिल हुईं.

# रिलायंस पावर : 1,023 करोड़ रुपये का कर्ज निपटान

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

रिलायंस पावर की दो अनुषंगी कंपनियों ने ऑथम इन्वेस्टमेंट की शाखा रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस के साथ 1,023 करोड़ रुपये के कर्ज का निपटान किया है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि रिलायंस पावर लिमिटेड की दो अनुषंगी कंपनियों कलाई पावर प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस क्लीनजेन लिमिटेड ने ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के साथ एक ऋण निपटान और मुक्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. कंपनी ने बताया कि 1,023 करोड़ रुपये के कर्ज का निपटान किया है. रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस के साथ ऋण समझौता रिलायंस पावर द्वारा महाराष्ट्र में अपनी 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना को जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी को 132 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा के कुछ दिन बाद आया है. कंपनी के एक अधिकारी के मुताबिक, इन संपत्तियों की बिक्री से जुटाए गए कोष का इस्तेमाल कर्ज चुकाने में किया गया.

**अर्थव्यवस्था**

## दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश यूएस पर डिफॉल्ट होने का खतरा

# अमेरिका का कर्ज 34 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंचा

**भाषा । नयी दिल्ली**

बढ़ता कर्ज किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं होता है. इसलिए सभी देश इसे कम करने या खत्म करने में लगे रहते हैं. लेकिन आज के प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में कर्ज लेना विवशता है. इसकी चपेट में बड़ी इकॉनमी वाले देश भी आ जाते हैं. इसी में अमेरिका है. अमेरिका का कर्ज पिछले 24 साल में छह गुना बढ़ गया है. साल 2000 में अमेरिका पर 5.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज था जो अब 34 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच गया है. साल 2010 में यह 12.3 ट्रिलियन डॉलर और 2020 में 23.2 ट्रिलियन डॉलर था. यूएस



कांग्रेस के बजट दस्तावेजों के मुताबिक अगले दशक तक देश का कर्ज 54 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है. पिछले तीन महीने में ही इसमें एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का इजाफा हुआ है और यह देश की जीडीपी का करीब 124% है. पिछले तीन साल में ही देश का कर्ज 10 ट्रिलियन डॉलर से अधिक बढ़ चुका है. अमेरिका को रोज 1.8 अरब डॉलर ब्याज के भुगतान में खर्च करने पड़ रहे हैं. साफ है कि सरकार की कमाई कम हो रही है और खर्च बढ़ गया है. एनालिस्ट्स के कहना है कि यह देश की इकॉनमी और नेशनल सिक्योरिटी के लिए अच्छी बात नहीं है.

ऐसे में दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका पर डिफॉल्ट होने का खतरा मंडराने लगा है. देश की डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 124 परसेंट पहुंच गया है. आंकड़ों के हिसाब से साल 1800 के बाद 52 देशों का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 130 परसेंट से अधिक हुआ है. इनमें से 51 देश डिफॉल्टर हो गए थे. यही वजह है कि अमेरिका में भी तेजी से बढ़ रहे कर्ज पर चिंता जताई जा रही है.

**खास बातें**


- 2000 में यूएस पर 5 .7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज था
- 2010 में अमेरिका का 12 .3 ट्रिलियन डॉलर था कर्ज

जानकारों का कहना है कि नियर टर्म में अमेरिका के डिफॉल्टर होने का खतरा नहीं है, लेकिन अगर इस स्थिति को नजरअंदाज किया गया तो इसके गंभीर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं. देश का कर्ज 34 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर पहुंच गया है. हालत यह हो गई है कि इस साल अमेरिका को एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा ब्याज देना पड़ सकता है. माना जा रहा है कि यही हाल रहा तो अगले कुछ साल में अमेरिका का डेट-टु-जीडीपी रेश्यो 200 परसेंट तक पहुंच सकता है. मतलब देश का कर्ज जीडीपी से दोगुना पहुंच जाएगा. ऐसा हुआ तो कर्ज चुकाते-चुकाते ही अमेरिका की इकॉनमी का दम निकल जाएगा.

# जेटवेर्क को 1,400 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाने का मिला ठेका

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

विनिर्माण से जुड़ी जेटवेर्क को सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से चार्ज करने वाले 1,400 चार्जिंग स्टेशन लगाने का ठेका मिला है. आईओसी ने 6,000 चार्जर के लिए निविदा जारी की थी. इसमें देशभर के 40 इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्तिकर्ता शामिल हुए. कंपनी ने गुरुवार को कहा, जेटवेर्क ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से चार्ज करने वाले चार्जर स्थापित करने को लेकर आईओसी से ऑर्डर हासिल किया है. इस बोली में देशभर के 40 से अधिक प्रमुख ईवी आपूर्तिकर्ताओं ने भाग लिया था. जेटवेर्क ने कहा कि उसे



सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी से सबसे बड़ा ऑर्डर मिला है. कंपनी के व्यापार प्रमुख (नवीकरणीय) अभय आद्या ने कहा, इन चार्जिंग स्टेशनों को आईओसी के पेट्रोल पंपों पर जरूरत के अनुसार लगाया जाएगा. ये चार्जिंग स्टेशन प्रमुख शहरों में स्थापित करके, हम इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता में तेजी ला पाएंगे और देश को पर्यावरण अनुकूल भविष्य की ओर ले जाएंगे. अनुबंध के तहत, जेटवेर्क 50-60 किलोवाट और 100-120 किलोवाट की क्षमता वाले 1,400 से अधिक ईवी चार्जर स्थापित करेगी.

### ब्रीफ खबरें

#### ईडी के सामने पेश नहीं हुई महुआ मोइत्रा

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने समन भेजकर आज पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन नो ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगी. महुआ मोइत्रा ने कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार का हवाला दिया है. इस मामले में ईडी ने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को भी नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया था. ईडी ने मोइत्रा को दो बार समन जारी किया था.

#### आठ मंजिली इमारत में लगी आग

**मुंबई ।** मुंबई के उपनगरीय मलाड इलाके में स्थित एक आठ मंजिला व्यावसायिक इमारत में गुरुवार को आग लग गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह करीब साढ़े 11 बजे मिली और यह मलाड पूर्व में दफ्तरी रोड पर स्थित सेंट्रल प्लाजा कॉम्प्लेक्स की पांचवीं और छठी मंजिल पर कुछ दुकानों तक ही सीमित है. अधिकारी ने बताया, किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है.

#### सीएम मान की पत्नी ने बेटी को जन्म दिया

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर ने गुरुवार को एक बेटी को जन्म दिया है. मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी है. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, भगवान ने मुझे उपहार में एक बिटिया दी. उनके आशीर्वाद से मां और बेटी दोनों स्वस्थ हैं. मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में अपनी नवजात बेटी की तस्वीर साझा की. मान ने साल 2015 में अपनी पहली पत्नी से अलग होने के बाद 2022 में गुरप्रीत कौर से शादी की थी.

#### भाजपा नेता दिलीप घोष के खिलाफ केस दर्ज

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष के खिलाफ दुर्गापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है. अधिकारी ने कहा कि घोष के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है. केस दुर्गापुर अदालत में एक वकील और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के आधार पर दर्ज की गई है. घोष ने बनर्जी पर अपनी टिप्पणियों के लिए बुधवार को माफी मांग ली थी.

#### वरुण पीलीभीतवासियों को लिखा भावुक पत्र

**लखनऊ ।** पीलीभीत लोकसभा सीट से इस बार टिकट न मिलने के बाद भाजपा सांसद वरुण गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को एक भावुक पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कहा है कि पीलीभीत के लोगों के साथ उनका रिश्ता आखिरी सांस तक रहेगा. गुरुवार को लिखे गए इस पत्र को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए वरुण ने कहा कि एक सांसद के रूप में उनका कार्यकाल भले ही खत्म हो रहा हो मगर पीलीभीत से उनका रिश्ता आखिरी सांस तक रहेगा.

---

### देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

# 'खास समूह न्यायिक प्रक्रिया को कर रहे प्रभावित'

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कुछ 'खास समूह' न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं और कोर्ट के फैसलों पर असर डाल रहे हैं. ऐसा मानना है देश के 600 से ज्यादा वकीलों का. इन्होंने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है. पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत तमाम प्रमुख नाम शामिल हैं. इन वकीलों ने चिट्ठी में न्यायपालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर चिंता जताई है.



**न्यायपालिका पर खतरा:** राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना शीर्षक वाली इस चिट्ठी में 600 से ज्यादा वकीलों के नाम हैं. इनमें आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी जैसे अन्य प्रमुख नाम भी शामिल हैं. पत्र में कहा गया है कि यह खास समूह राजनीतिक एजेंडों के साथ आधारहीन आरोप लगा रहे हैं और न्यायपालिका की छवि के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं. भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे राजनीतिक चेहरों से जुड़े केसों में यह हथकंडे जाहिर तौर पर दिखते हैं. ऐसे मामलों में अदालती फैसलों को प्रभावित करने और न्यायपालिका को बदनाम करने के प्रयास सबसे अधिक स्पष्ट होते हैं. कुछ खास समूह कथित तौर पर झूठे नैरेटिव गढ़ कर न्यायपालिका के कामकाज की गलत छवि पेश करना चाहते हैं. पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है.

यूं तो वकीलों ने पत्र में किसी विशिष्ट मामले का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के कई बड़े आपराधिक मामलों से निपट रही हैं. विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, वहीं भाजपा ने इस आरोप का खंडन किया है.

**खास बातें**

- न्यायपालिका की अखंडता पर खतरे को लेकर जतायी आशंका
- राजनीतिक चेहरों से जुड़े केसों में यह हथकंडे दिखते हैं

---

### उत्तराखंड के नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे का मामला

# डेरा कारसेवा प्रमुख की गोली मारकर हत्या, अपराधी फरार

**एजेंसी । देहरादून/रुद्रपुर**



उत्तराखंड में नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के कारसेवा डेरा प्रमुख की दो बाइक सवार हमलावरों ने गुरुवार सुबह गुरुद्वारा परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी. उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ ने संवाददाताओं को बताया कि गोली लगने से घायल बाबा तरसेम सिंह को खटीमा के एक अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. उन्होंने कहा, हमारे पास हमलावरों की (सीसीटीवी कैमरे की) वीडियो है, जिसमें वे साफ दिख रहे हैं. वे दोनों सिख हैं. उन्होंने कहा कि घटना के बाद वे फरार हो गए. नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा सिखों के लिए श्रद्धेय स्थान है जो राज्य के उधम सिंह नगर जिले में रुद्रपुर-टनकपुर मार्ग पर स्थित है. मंजूनाथ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि सुबह करीब सवा छह बजे हमलावर गुरुद्वारे में प्रवेश करते हैं और फिर वे सिंह को राइफल से गोली मार देते हैं. उन्होंने बताया कि गोली मारने वाला शख्स बाइक पर पीछे बैठा था. एसएसपी ने बताया, कुर्सी पर बैठे सिंह को दो गोली मारी गईं. पहली गोली सामने से और दूसरी गोली पीछे से मारी गई जिससे वो जमीन पर गिर गए.

---

### लोकसभा चुनाव : 26 अप्रैल को केरल में मतदान होगा

# एलडीएफ के मुकेश व भाजपा की अश्विनी ने किया नामांकन

**एजेंसी। कोल्लम/कासरगोड (केरल)**

केरल में एलडीएफ और राजग के एक-एक उम्मीदवार ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को राज्य में मतदान होगा. कोल्लम सीट से एलडीएफ उम्मीदवार, अभिनेता एवं राजनीतिक नेता मुकेश केरल के सभी उम्मीदवारों में अपना नामांकन दाखिल करने वाले पहले व्यक्ति थे. कासरगोड लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एमएल अश्विनी दूसरी उम्मीदवार थी जिन्होंने गुरुवार सुबह नामांकन दाखिल किया.

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए, मुकेश ने कहा, मुझे किसी के आने या अंतिम निर्णय लेने का इंतज़ार नहीं करना पड़ा. न कोई भ्रम था और न ही कोई संदेह. नामांकन गुरुवार से दाखिल किया जाना था, वाम मोर्चा ने नामांकन दाखिल कर दिया. अश्विनी ने जिला कलेक्टर कार्यालय जाने से पहले कासरगोड शहर के पास मधुर श्री मदनंतेश्वर-सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा की. नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ थी. निर्वाचन आयोग के मुताबिक, इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख चार अप्रैल है. नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की जाएगी और आठ अप्रैल तक नामांकन वापस लिए जा सकते हैं. लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होने हैं. मतगणना चार जून को होगी.



#### माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**नयी दिल्ली ।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की. पार्टी द्वारा 'एक्स' पर साझा की गई सूची में केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं, जिनमें अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सांसद इलामारम करीम शामिल हैं. माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए 17 नामों की घोषणा की, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं. पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी.

#### हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कांग्रेस छोड़ी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कांग्रेस छोड़ दी है. कुछ दिन पहले ही उनके बेटे और उद्योगपति नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं. सावित्री (84) ने बुधवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की. उन्होंने हिंदी में पोस्ट किया, मैंने एक विधायक के रूप में 10 वर्ष तक हिसार के लोगों का प्रतिनिधित्व किया और एक मंत्री के रूप में निस्वार्थ भाव से हरियाणा राज्य की सेवा की है. हिसार के लोग मेरा परिवार हैं और अपने परिवार की सलाह पर, मैं आज कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं.

#### भाजपा में शामिल हुए बीजद सांसद महताब

**नयी दिल्ली ।** आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ओडिशा की सत्तारूढ़ दल (बीजद) के कटक के सांसद और पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक भर्तृहरि महताब गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए. केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की मौजूदगी में महताब ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. कटक लोकसभा क्षेत्र से छह बार सांसद रहे माहताब ने 22 मार्च को बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें बीजद में स्वतंत्र रूप से काम करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला. तभी से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें थीं. उनके इस्तीफा देने के बाद बीजद ने महताब का टिकट काट दिया था.

---

# कोलकाता हवाई अड्डे पर तैनात जवान ने खुद को गोली मारी

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में कोलकाता हवाई अड्डे पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने गुरुवार को कथित तौर पर खुद को गोली मार ली और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि वह यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के गेट नंबर पांच के बाहर तैनात था. उन्होंने बताया कि तेलंगाना के रहने वाले 25 वर्षीय सी विष्णु ने गुरुवार सुबह अपनी सर्विस राइफल से कथित रूप से खुद को गोली मार ली. अधिकारी ने बताया कि विष्णु को नजदीक स्थित चारनॉक अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया. चारनॉक अस्पताल की सीईओ इप्शिता कुंडू ने बताया उसे सुबह करीब आठ बजे दिल का दौरा पड़ा. उसे तत्काल सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन) दिया गया लेकिन लगभग डेढ़ घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने घटना को लेकर जांच शुरू कर दी है.

#### नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा ।** राजस्थान के कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्रों की आत्महत्या करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर यहां नीट की तैयारी कर रही कोचिंग की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. छात्रा की पहचान सौम्या (19 वर्षीय) के रूप में हुई है. वह यूपी की रहने वाली थी और एक साल से महावीर नगर इलाके में एक पीजी में रहकर प्राइवेट कोचिंग से नीट की तैयारी कर रही थी. छात्रा के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है. उसके परिजनों को इसकी सूचना दे दी गयी है. बता दें कि कोटा में दो दिनों के अंदर छात्रों की आत्महत्या की यह दूसरी घटना है.

#### इरोड के सांसद ए. गणेश मूर्ति का निधन

**इरोड।** मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एमडीएमके) पार्टी के नेता और इरोड से सांसद ए. गणेशमूर्ति का गुरुवार सुबह कोयंबटूर के एक अस्पताल में निधन हो गया. उन्होंने हाल ही में कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी. पार्टी और पुलिस के सूत्रों ने यह जानकारी दी. सांसद के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि गणेशमूर्ति ने डीएमके से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की तथा जिला सचिव के पद सहित विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया. बाद में वह वाइको के नेतृत्व वाले एमडीएमके में शामिल हो गए थे. स्टालिन ने एक बयान में कहा, उनके निधन से गहरा दुख हुआ है. वह एक बेहतरीन नेता थे.

# यमन में हिंसा के बीच हवाई पट्टी बनाए जाने की तैयारी

**एजेंसी । दुबई**

यमन के हूथी विद्रोहियों ने मध्यपूर्व जलमार्ग में जहाजों को निशाना बनाना जारी रखा है, ऐसे में एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा लिए गए उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से पता चलता है कि उस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के प्रवेश क्षेत्र में एक नई हवाई पट्टी बनाई जा रही है. किसी देश ने भी सार्वजनिक रूप से ऐसा कोई दावा नहीं किया है कि अदन की खाड़ी के प्रवेश स्थल के पास हिंद महासागर क्षेत्र में अब्द अल-कुरी द्वीप पर कोई निर्माण कार्य हो रहा है. हालांकि, 'एपी' के उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि मजदूरों ने रनवे के पास धूल के ढेर लगाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संदर्भ में 'आई लव यूएई' की आकृति उकेरी है. गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध के बीच अदन की खाड़ी और लाल सागर हूथियों और अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं के बीच युद्ध का मैदान बन गया है. यह निर्माण ऐसे समय में हुआ है जब सोकोट्रा द्वीप श्रृंखला में अमीरात के सैनिकों की उपस्थिति और दक्षिणी यमन में उसके समर्थन वाले अलगाववादियों की मौजूदगी के कारण झड़पें हुई हैं. यूएई ने 'एपी' के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा, सोकोट्रा द्वीप पर यूएई की कोई भी उपस्थिति मानवीय आधार पर है जो यमन सरकार और स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से की जाती है.

---

# बेकाबू ट्रक ने 15 से ज्यादा लोगों को रौंदा, दो की मौत

**शामली।** यूपी के शामली में थानाभवन कस्बे के शामली बस स्टैंड पर गुरुवार दोपहर को अनियंत्रित हुए ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत 14 लोग गंभीर घायल हो गए. घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया. हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई. वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से जाम लगा रहा. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है.बताया गया कि करीब दो बजे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कस्बे में शामली बस स्टैंड के निकट शामली की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया. ट्रक सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गया. इसके बाद ट्रक वहां खड़ी फलों व जूस की ठेली, ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को रौंदता हुआ नाले की पटरी से टकराकर रुका. दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई .



#### इलिनोइस में चाकू से हमला, चार की मौत

**रॉकफोर्ड (अमेरिका)।** अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में चाकू से हमले की एक घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. रॉकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्ला रेड ने बताया कि 22 वर्षीय संदिग्ध पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि घायलों में शामिल एक शख्स की हालत नाजुक है. रेड ने पत्रकारों से कहा, इस समय मेरी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है. उन्होंने कहा कि पुलिस को बुधवार दोपहर 1.14 बजे पहली फोन कॉल आई थी. पुलिस प्रमुख ने कहा कि अन्य किसी पर घटना में शामिल होने का शक नहीं है और हमें संदिग्ध के इरादे के बारे में अभी जानकारी नहीं है.

---

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया

# 'सरकार ने अग्निपथ में खामियां स्वीकारीं'

- कहा, सरकार को इसके लिए युवाओं से माफी मांगनी चाहिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रक्षा राजनाथ सिंह द्वारा 'अग्निपथ' योजना के बारे में दिए गए बयान को लेकर गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने के बाद अब चुनाव के चलते इस योजना में खामियां स्वीकारी हैं. उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को इसके लिए युवाओं से माफी मांगनी चाहिए. राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में 'अग्निपथ' योजना का बचाव करते हुए कहा कि युवाओं की भर्ती से जोखिम लेने की भावना बढ़ेगी और प्रौद्योगिकी-कुशल सशस्त्र बल तैयार होंगे. रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रौद्योगिकी का युग है और भारतीय युवाओं को भी प्रौद्योगिकी कुशल होना चाहिए. सिंह ने कहा कि अग्निवीर जवानों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए गए हैं, जिसमें अर्द्धसैन्य बलों में उनके लिए आरक्षण का प्रावधान भी शामिल है.

उन्होंने कहा, अगर हमें कोई कमियां दिखती हैं तो हम उन्हें सुधारने के लिए तैयार हैं. खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश के रक्षा मंत्री ने (बशर्त) कहा है कि वो 'अग्निपथ' योजना में सुधार व बदलाव करने के लिए तैयार हैं. इससे पता चलता है कि मोदी सरकार द्वारा लाखों देशभक्त युवाओं पर थोपी गयी 'अग्निपथ' योजना अब काम नहीं कर रही है. उन्होंने कहा, पहले तो मोदी सरकार ने हमारे लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, अब चुनाव के चलते अग्निपथ योजना में खामियों को मानने की बात की है.

#### भोजशाला परिसर में लगातार सातवें दिन सर्वेक्षण, गड्ढे खोदे गए

**धार ।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर ऐतिहासिक धार शहर के विवादास्पद भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वेक्षण गुरुवार को सातवें दिन भी जारी रहा. इसके तहत परिसर में कुछ गड्ढे खोदे गए हैं. सर्वेक्षण से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी. सर्वेक्षण के दौरान हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले आशीष गोयल और गोपाल शर्मा और मुस्लिम समुदाय के नेता अब्दुल समद एएसआई दल के साथ मौजूद थे. समद, मौलाना कमाल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भी हैं. उन्होंने कहा,हमने पहले भी कहा है कि मुस्लिम समुदाय भोजशाला परिसर में जारी सर्वेक्षण के खिलाफ नहीं है.

---

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# संचार स्टडी में बना सकते हैं अपना कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

डिजिटल युग में बैचलर ऑफ कम्युनिकेशन (बीसी) का काफी विकास हुआ है. पेशेवर संचार में, क्रॉस-प्लेटफॉर्म संचार कौशल, डेटा साक्षरता और रचनात्मक और गंभीर रूप से सोचने की क्षमता वाले स्नातक बहुत मांग में हैं. सार्वजनिक संचारकों के रूप में कौशल वाले ग्रेजुएट्स, जो व्यापक दर्शकों के साथ संवाद कर सकते हैं, उच्च मांग में हैं. बीए संचार अध्ययन कम्युनिकेशन में 3 साल की बैचलर डिग्री है.





#### मास कम्युनिकेशन के प्रकार

जब मीडिया के विभिन्न फॉर्मेट की बात आती है, तो प्रिंट मीडिया (न्यूज़ पेपर, बुक्स, मैगजीन ), प्रसारण मीडिया (टेलीविजन, रेडियो), डिजिटल मीडिया (इंटरनेट) के साथ-साथ वीडियो गेम, संगीत जैसे आधुनिक मीडिया के विभिन्न प्रारूप हैं. इन सभी प्रकार के जनसंचार माध्यमों में सामग्री के साथ-साथ एक उपकरण या वस्तु शामिल होती है जो सामग्री वितरित करने का माध्यम है.

- ट्रेडिशनल मीडिया
- प्रिंट मीडिया
- इलेक्ट्रॉनिक/ब्रॉडकास्ट मीडिया
- आउटडोर मीडिया या आउट ऑफ़ होम मीडिया
- ट्रांजिट मीडिया
- डिजिटल मीडिया/न्यू मीडिया/इंटरनेट

#### बीए संचार विषय

- सौंदर्यशास्त्र और दृश्य संचार
- फोटोग्राफी
- पत्रकारिता
- श्रव्य-दृश्य संचार
- कैमरा और लाइटिंग
- फीचर लेखन
- ऑडियोग्राफी और संगीत
- समाचार रिपोर्टिंग और संपादन
- मार्केटिंग और मास कम्युनिकेशन

#### बीए संचार के बाद कॅरियर

- रिपोर्टर
- एडिटर
- न्यूज एंकर
- वीडियो एडिटर
- न्यूज प्रोड्यूसर
- कैमरामैन
- फोटो जर्नलिस्ट
- आरजे
- कंटेंट राइटर
- फिल्म डायरेक्टर
- आर्ट डायरेक्टर
- फिल्म वीडियो एडिटर
- साउंड इंजीनियर
- स्क्रिप्ट राइटर
- पब्लिक रिलेशन ऑफिसर

#### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है :

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)